इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई, नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 3.00

RNI. Reg. MPHIN/2013/52154




# दैनिक विनय उजाला


▸ भोपाल

रविवार, 19 जुलाई 2026

आषाढ़ शुक्ल पक्ष-05

वर्ष : 14 अंक : 11

कुल पृष्ठ : 12


हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में लोग सपोर्ट नहीं करते ...10

ॐ

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

**सीएम डॉ. यादव के नेतृत्व में आज जगदीशपुर में होगी आठवीं डेस्टिनेशन कैबिनेट**

# सीएम डॉ. यादव की पहल... जनजाति नायकों, श्रेष्ठ प्रशासकों का ससम्मान स्मरण

विनय उजाला

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रि परिषद बैठकों के आयोजन के लिए नवाचार करते हुए प्रदेश के विभिन्न अंचलों में इन्हें करने की पहल की।**

जनकल्याण से जुड़े नीतिगत निर्णय सिर्फ मंत्रालय, भोपाल में ही नहीं प्रदेश के सुदूर अंचलों में भी लिए जाने लगे हैं। राजधानी भोपाल से लगे हुए प्राचीन महल और स्मारक वाले गांव जगदीशपुर में रविवार, 19 जुलाई को मंत्री परिषद की बैठक हो रही है। प्राचीन धरोहर को देखने समझने का भी यह एक अवसर है। प्रदेश की पुरा संपदा के प्रति आमजन की जानकारी में भी वृद्धि होती है और ऐसे स्थलों का महत्व भी बढ़ता है। महेश्वर, सिंग्रामपुर और इंदौर का राजवाड़ा ऐसे ही स्थान हैं जहां कैबिनेट बैठक हुई और इन स्थानों के प्रति जनता की जिज्ञासा बढ़ी। यह भविष्य में पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होगा।

### ढाई वर्ष में हुई हैं सात बैठकें

मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में गत ढाई वर्ष में राजधानी भोपाल में होने वाली नियमित कैबिनेट बैठकों के अलावा अन्य स्थानों पर सात मंत्रि-परिषद बैठकों का नवाचार हुआ है। मध्य प्रदेश में किया गया ये नवाचार आम जनता द्वारा भी काफी सराहा गया है। भोपाल के साथ ही अब जबलपुर, दमोह, खरगोन, नर्मदापुरम, छतरपुर और बड़वानी जिलों में मंत्रि परिषद की बैठकों की कार्यवाही हो चुकी है। विश्व धरोहर स्थल खजुराहो जिला छतरपुर में हुई बैठक के साथ ही इन सभी बैठकों में जनकल्याण से जुड़े बहुआयामी निर्णय लिए गए हैं।



### बाबा महाकाल की नगरी में भी होगी कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामान्य कैबिनेट के साथ ही कृषि कैबिनेट भी प्रदेश के प्रत्येक अंचल में करने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में भी कैबिनेट प्रस्तावित है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों से जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के संपर्क का कार्य भी इससे आसान हुआ है। बैठक के आयोजन के लिए साहस और शौर्य की प्रतीक रानी दुर्गावती और सुशासन और लोक कल्याण की पर्याय मानी गई देवी अहिल्याबाई की स्मृति से जुड़े स्थानों का भी ध्यान रखा गया। कैबिनेट की बैठक के आयोजन के लिए प्रदेश में ऐसे व्यक्तित्व चयनित किए गए जिनका शौर्य, सुशासन, लोककल्याण और सेवा क्षेत्र में विशेष स्थान रहा है। इस कड़ी में ऐसे स्थानों में दमोह जिले का सिंग्रामपुर, खरगोन जिले का महेश्वर, नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी, छतरपुर जिले का खजुराहो और इंदौर का राजवाड़ा स्मारक आदि शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जनजातीय संस्कृति के प्रमुख केंद्र बड़वानी जिले के नागलवाड़ी में मंत्री परिषद की बैठक का आयोजन किया। पचमढ़ी में जनप्रिय शासक रहे भभूत सिंह जी की स्मृति में कैबिनेट बैठक आयोजित की गई।

#### महाकौशल अंचल से हुई पहल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री पद का दायित्व ग्रहण करने के पश्चात सर्वप्रथम ऐसे गौरवशाली व्यक्तित्व के जीवन से नागरिकों को परिचित करवाने की पहल की जिनके बारे में प्रदेश के जन-जन को जानकारी होना चाहिए। रानी दुर्गावती के शौर्य का स्मरण करते हुए वर्ष 2024 प्रारंभ होते ही 3 जनवरी को जबलपुर में कैबिनेट बैठक आयोजित की गई। विश्व धरोहर स्थल खजुराहो और प्रदेश के प्रसिद्ध हिल स्टेशन पचमढ़ी में बैठकों का आयोजन हुआ है।

## अहमदाबाद की पटाखा फैक्टरी में आग, नौ की दर्दनाक मौत

**कई सौ मीटर ऊपर तक गया धुएं का गुबार, 15 घायल**



अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात के अहमदाबाद में शनिवार को एक पटाखा फैक्टरी में भीषण आग लग गई। रिपोर्ट के अनुसार, इस घटना में नौ लोगों की मौत की हो गई है, जबकि 15 लोग घायल बताए जा रहे हैं। वहीं, मौके पर दमकल की कई गाड़ियां आग बुझाने में जुटी रहीं। जानकारी के मुताबिक, अहमदाबाद में मेहमदपुरा स्थित टैलेंट पटाखा फैक्टरी में आग लगी, इसके बाद फैक्टरी में रखे विस्फोटक से धमाके होने लगे, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पटाखा फैक्टरी में आग लगने के बाद धुएं का गुबार कई सौ मीटर ऊपर तक गया, जिसे कुछ किलोमीटर दूर से भी देखा गया।

#### पीएम ने घटना पर जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के अहमदाबाद में पटाखा फैक्टरी में हुए हादसे में लोगों की मौत पर दुख जताया है। पीएमओ के आधिकारिक एक्स हैंडल से एक पोस्ट में लिखा गया, 'दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों को हर संभव मदद दे रहा है। मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

## शिवसेना यूबीटी को झटका... लोकसभा स्पीकर ने उद्धव के बागी सांसदों के विलय को दी मंजूरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उद्धव ठाकरे की शिवसेना छोड़ एकनाथ शिंदे साथ आने वाले 6 सांसदों को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने मान्यता दे दी है। यह उद्धव ठाकरे के लिए सियासी तौर पर बड़ा झटका माना जा रहा है। शिवसेना यूबीटी के 6 सांसदों के शिंदे गुट में आने से महाराष्ट्र से लेकर दिल्ली तक एकनाथ शिंदे की ताकत में इजाफा हुआ है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला द्वारा उद्धव ठाकरे गुट के 6 बागी सांसदों के शिंदे गुट में शामिल होने को मान्यता मिलने का बाद सभी सांसद अपने पद पर बने रहेंगे। दल-बदल विरोधी कानून के तहत लोकसभा में अयोग्य होने के बचने के लिए बागी गुट को 9 में 6 सासंदों या दो-तिहाई के समर्थन की जरूरत थी। शिंदे गुट में एक साथ 6 सांसदों के आने से सभी सांसदों ने यह बाधा पहले ही पार कर ली थी। इसके साथ ही शिवसेना शिंदे गुट के लोकसभा में अब 13 सांसद हो गए हैं। वहीं उद्धव ठाकरे के गुट में सिर्फ 3 सांसद बचे हैं। पिछले दिनों, उद्धव ठाकरे को तब बड़ा झटका लगा था, जब उनकी शिवसेना यूबीटी में दूसरी बार बड़ी टूट हुई थी।

**राजनाथ सिंह बोले-**

## रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता सरकार की सबसे महत्वपूर्ण पहल

नई दिल्ली, एजेंसी


**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत की आधुनिक, सक्षम और मानकों के अनुरूप रक्षा तैयारियों का प्रमाण है।**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने रक्षा क्षेत्र में व्यापक बदलाव किए हैं, जिनके कारण यह क्षमता विकसित हुई है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, रक्षा मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए अनुसंधान, विकास और नवाचार का मजबूत तंत्र जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में स्टार्टअप, एमएसएमई और युवा नवाचारकर्ताओं की अहम भूमिका है। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को मोदी सरकार की सबसे महत्वपूर्ण पहल बताया। राजनाथ सिंह ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' भारतीय सशस्त्र बलों के अद्वितीय शौर्य का प्रतीक है। हमारे जवानों ने आतंकवादियों को करारा जवाब दिया।



#### जल्द जारी होगी नई सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अब तक सशस्त्र बलों की ओर से 509 वस्तुओं वाली पांच सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियां जारी की जा चुकी हैं। इसके अलावा रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) की ओर से 5,012 वस्तुओं वाली पांच सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियां भी जारी की गई हैं। उन्होंने कहा, 'आत्मनिर्भर और सशक्त रक्षा क्षेत्र के निर्माण की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता और व्यवस्थित प्रयास जारी हैं। इस लक्ष्य को और गति देने के लिए जल्द ही एक और सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची अधिसूचित की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### एल.एन.सी.टी. लॉ यूनिवर्सिटी में 'पंच-ज अभियान' के तहत रोपे 100 पौधे, छात्रों को दी कानूनी अधिकारों की जानकारी



**भोपाल,निप्र।** पर्यावरण संरक्षण और विधिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भोपाल के एल.एन.सी.टी. लॉ यूनिवर्सिटी में पंच-ज अभियान के अंतर्गत एक विशेष वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (जबलपुर) के निर्देशन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (भोपाल) के अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुनीत अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 100 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अग्रवाल ने कहा, पर्यावरण को बचाना वर्तमान समय की सबसे बड़ी मांग है। केवल पौधा लगाना काफी नहीं है, बल्कि हर नागरिक को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी उठानी चाहिए। उन्होंने युवाओं से इस मुहिम को एक बड़ा जन-आंदोलन बनाने की अपील की। वृक्षारोपण के साथ ही छात्रों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी मुहम्मद जीलानी ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समाज के जरूरतमंद, गरीब और वंचित वर्गों को न्याय दिलाने के लिए प्राधिकरण निरंतर नि:शुल्क कानूनी सहायता और लोक अदालतों का आयोजन कर रहा है। इस गरिमामयी कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की डीन डॉ. एम.के. साहू, रजिस्ट्रार सोनी, एनसीसी अधिकारी, प्राध्यापकगण सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित जनों ने पर्यावरण को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने के लिए रोपे गए पौधों के संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया।

### मैनिट परिसर में महापौर मालती राय ने किया पौधरोपण, नर्मदा मिशन के तहत लगेंगे 2100 पौधे



**भोपाल,निप्र।** राजधानी भोपाल को हरा-भरा बनाने और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ आज महापौर मालती राय ने एक बड़ी शुरुआत की। महापौर ने माँ नर्मदा उपासक दादा गुरूजी के पावन सानिध्य में नर्मदा मिशन के तहत मैनिट (MANIT) परिसर में पौधरोपण किया। इस अभियान के तहत पूरे परिसर में कुल 2100 पौधे लगाने के वृहद लक्ष्य की शुरुआत की गई है। महापौर मालती राय ने शनिवार को मैनिट परिसर में पहला पौधा रोपकर इस अभियान का आगाज किया। इस मौके पर उन्होंने आम जनता से प्रकृति से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण का संरक्षण और शहर की हरितिमा में वृद्धि करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और बेहतर माहौल देने के लिए हर नागरिक को आगे आना होगा और अधिक से अधिक पौधरोपण करना होगा। इस गरिमामयी और पर्यावरण-हितैषी कार्यक्रम में समाज और प्रशासन के कई प्रमुख चेहरे मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जोन अध्यक्ष आरती अनेजा, समाजसेवी प्रिया भावे, नीता वाधवा सहित बड़ी संख्या में नर्मदा मिशन के सदस्य और स्थानीय प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। नर्मदा मिशन के तहत उठाया गया यह कदम न सिर्फ मैनिट परिसर को एक सुंदर और हरा-भरा रूप देगा, बल्कि भोपाल के पर्यावरण संतुलन को सुधारने में भी बेहद मददगार साबित होगा।

### राजगढ़ में बहुरूपियों के वेश में आए बदमाशों ने महिला से लूट की, विरोध करने पर की मारपीट

**राजगढ़(हि.स.)।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ थाना क्षेत्र के काछीपुरा-बड़ोदिया तालाब गांव में बहुरूपियों के वेश में आए तीन बदमाशों ने एक महिला के साथ मारपीट कर उसके गले से चांदी की चेन और नकदी लूट ली। वारदात के बाद आरोपित ग्रामीणों को आता देख मोटरसाइकिल से फरार हो गए। पुलिस ने शनिवार को मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता कांतीबाई कुशवाह खेत स्थित अपने घर के बाहर काम कर रही थीं। इसी दौरान मोटरसाइकिल से तीन लोग वहां पहुंचे। इनमें दो लोग सलवार-सूट पहनकर और मेकअप किए हुए थे, जबकि तीसरा युवक जींस-शर्ट में था। पहले उन्होंने महिला से पानी मांगा और फिर शादी की बधाई के नाम पर रुपये मांगने लगे। महिला ने उन्हें 50 रुपये दिए, लेकिन आरोपित 5 हजार रुपये की मांग पर अड़ गए। इसके बाद महिला जब घर के भीतर से पैसे लाने गई तो तीनों उसके पीछे अंदर घुस गए। आरोप है कि उन्होंने महिला के साथ मारपीट कर 500 रुपये छीन लिए और पैरों में पहनी चांदी की कड़ी उतारने का प्रयास किया। विरोध करने पर बदमाश महिला के गले से चांदी की चेन छीनकर भाग निकले। महिला के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके की ओर दौड़े, लेकिन तब तक आरोपित धमकी देते हुए मोटरसाइकिल से फरार हो चुके थे। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि घटना से एक दिन पहले भी दो संदिग्ध व्यक्ति गांव आए थे। उन्होंने स्वयं को हाथी लेकर घूमने वाला दल बताकर तीज बड़ली मंदिर में भंडारे के नाम पर 5 किलोग्राम गेहूं और 50 रुपये लिए थे। पुलिस इस जानकारी की भी जांच कर रही है कि दोनों घटनाओं में शामिल लोग एक ही हैं या नहीं।

### भोपाल क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई

# 48 घंटे में 12 ड्रग तस्कर गिरफ्तार, लाखों की स्मैक, गांजा और एमडी ड्रग जब्त

विनय उजाला



**भोपाल,निप्र।** क्राइम ब्रांच भोपाल ने पिछले 48 घंटों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से लाखों रुपये मूल्य की स्मैक, गांजा और एमडी ड्रग बरामद की है। यह पूरी कार्रवाई पुलिस आयुक्त संजय कुमार और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मोनिका शुक्ला के निर्देशों पर डीसीपी (क्राइम) अखिल पटेल व टीम के मार्गदर्शन में की गई।

क्राइम ब्रांच की टीम ने पहली बड़ी कार्रवाई कटारा हिल्स क्षेत्र के पंडित दीनदयाल पार्क के पास की, जहां घेराबंदी कर अंतर्राज्यीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया गया। पुलिस ने मौके से रितिक नामदेव, कौशल जाटव, शाहरुख अंसारी, चंदाबाई सिसोदिया सहित राजस्थान के झालावाड़ निवासी नानूराम तंवर, पप्पू लाल तंवर और देव सिंह तंवर को गिरफ्तार किया। इनके पास से कुल 74.27 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में सामने आया कि शाहरुख और चंदाबाई यह स्मैक राजस्थान से लाकर भोपाल में रितिक और कौशल के माध्यम से खपाते थे। मामले में स्मैक खरीदने वाले एक सुरक्षा गार्ड जितेंद्र चाकरडे को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से तस्करी में प्रयुक्त एक कार, दो दोपहिया वाहन और 7 मोबाइल जब्त किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 37.13 लाख रुपये आंकी गई है।

दूसरी कार्रवाई नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान के तहत निशातपुरा क्षेत्र में रविशंकर कॉलेज के सामने की गई। यहाँ पुलिस ने विमला उर्फ सुनीता नामक महिला को 426 ग्राम गांजे के साथ पकड़ा। महिला से मिली जानकारी के आधार पर गांजा सप्लाई करने वाले फरहान खान को भी छोला मंदिर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

तीसरी कार्रवाई में हबीबगंज नाका के पास घेराबंदी कर अशोक साकल्ले नामक व्यक्ति को दबोचा गया, जिसके पास से 501 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। चौथी कार्रवाई शाहजहानाबाद के भूत बंगला क्षेत्र में की गई, जहाँ एमडी ड्रग बेचने की फिराक में खड़ी एक विधि-विरुद्ध (नाबालिग) बालिका को हिरासत में लिया गया। उसके कब्जे से 1.4 ग्राम एमडी ड्रग, मोबाइल और लेन-देन से जुड़े डिजिटल स्क्रीनशॉट बरामद किए गए हैं।

इस पूरी सफल कार्रवाई में क्राइम ब्रांच थाना प्रभारी अशोक मरावी, निरीक्षक अपाला सिंह, उपनिरीक्षक राजकिशोर मिश्रा, नितिन पटेल और उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे नशे के खिलाफ आगे आएं और हेल्पलाइन नंबर 7049100785, 14446 या 1933 पर सूचना देकर स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग करें।

## भोपाल में नशा मुक्ति अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई, 1.30 लाख की स्मैक के साथ दो शातिर तस्कर गिरफ्तार

विनय उजाला



**भोपाल,निप्र।** राजधानी में नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान 2.0 के तहत टीलाजमालपुरा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने घेराबंदी कर दो शातिर ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 9 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (स्मैक) बरामद की गई है। जब्त की गई स्मैक की बाजार में कीमत करीब 1,30,000 रुपये आंकी जा रही है।

मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि एक युवक इस्लामी गेट ग्राउंड की सीढ़ियों पर स्मैक लेकर खड़ा है और उसे बेचने की फिराक में है। पुलिस टीम ने गवाहों के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदेही को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम वरुण दांगी (20 वर्ष) निवासी विदिशा (हाल मुकाम आस्था अपार्टमेंट, लांबाखेड़ा, ईंटखेड़ी, भोपाल) बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 9 ग्राम स्मैक मिली। वैध लाइसेंस न होने पर पुलिस ने स्मैक जब्त कर आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 195/26 धारा 8/21 NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। कड़ाई से पूछताछ करने पर वरुण ने बताया कि वह यह ड्रग्स अनुज उर्फ अन्नू साहू निवासी लांबाखेड़ा से लेकर आया था। पुलिस ने तत्काल अनुज के घर पर दबिश दी, तो वह भागने लगा। पुलिस ने उसे आस्था अपार्टमेंट के पास एक सुनसान रास्ते से हिरासत में ले लिया। पकड़े गए दोनों आरोपी मूल रूप से विदिशा के रहने वाले हैं और भोपाल को अपना ठिकाना बनाकर तस्करी कर रहे थे। आरोपी वरुण दांगी के खिलाफ कोतवाली विदिशा में मारपीट का एक मामला पहले से दर्ज है, जबकि दूसरा आरोपी अनुज उर्फ अन्नू साहू (27 वर्ष) एक शातिर आदतन अपराधी है। अनुज के खिलाफ विदिशा और भोपाल के थानों में हत्या के प्रयास (धारा 307), जुआ एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित कुल 8 गंभीर मामले दर्ज हैं।

## बीटेक फर्स्ट ईयर की छात्रा ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** राजधानी के कमला नगर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ कोटरा सुल्तानाबाद में रहने वाली 19 वर्षीय बीटेक फर्स्ट ईयर की एक छात्रा ने शनिवार सुबह अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी तब हुई जब छात्रा के पिता ने सुबह बेटी का शव बेडरूम में फंदे पर लटका देखा। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान अंजली राय (19 वर्ष) पिता देवनाथ राय के रूप में हुई है। अंजली ने इसी वर्ष राजधानी के एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक प्रथम वर्ष में दाखिला लिया था। उसके पिता शासकीय स्कूल में शिक्षक हैं और माँ गृहिणी हैं। परिवार में अंजली के अलावा एक भाई और एक बहन हैं। इस घटना के बाद से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

शुरुआती जांच के मुताबिक, शनिवार सुबह जब परिजन जगे तो उन्होंने अंजली का शव उसके कमरे में फंदे से लटका पाया। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना कमला नगर थाना पुलिस को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर शव को फंदे से नीचे उतरवाया और पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। मामले की जांच कर रहे सब-इंस्पेक्टर संतोष मरकाम ने बताया कि घटनास्थल की बारीकी से तलाशी ली गई है, लेकिन वहां से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। आत्महत्या की वजह अभी पूरी तरह से अज्ञात है।

## सांसद शर्मा और महापौर राय ने 2 करोड़ की लागत से बने गुरुनानक टेकरी द्वार व सड़क का किया लोकार्पण





विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** राजधानी के ईदगाह हिल्स क्षेत्र के निवासियों को बुनियादी ढांचे की एक बड़ी सौगात मिली है। भोपाल के सांसद आलोक शर्मा और महापौर मालती राय ने वार्ड क्रमांक 10 के अंतर्गत आने वाले ईदगाह हिल्स क्षेत्र में नवनिर्मित गुरुनानक टेकरी द्वार एवं सड़क का भव्य लोकार्पण किया।

इस पूरी परियोजना के निर्माण पर लगभग 2 करोड़ की राशि खर्च की गई है, जिससे क्षेत्र के आवागमन में सुधार होगा और गुरुद्वारे आने वाले श्रद्धालुओं व स्थानीय निवासियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। लोकार्पण समारोह के दौरान क्षेत्र के विकास को लेकर उत्साह का माहौल देखा गया। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद सरोज आसेरी के साथ ही नेहा बग्गा, राकेश कुकरेजा, यतेन्द्र मकवाना, विक्रम सिंह और पम्मी सहित कई भाजपा पदाधिकारी व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### चौक बाजार क्षेत्र को मिली 1.76 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

पुराने शहर के व्यस्ततम व्यावसायिक क्षेत्र चौक बाजार और उसके आसपास के रहवासियों व व्यापारियों के लिए विकास का एक बड़ा मार्ग प्रशस्त हुआ है। शुक्रवार शाम भोपाल के सांसद आलोक शर्मा और महापौर मालती राय ने वार्ड क्रमांक 21 के अंतर्गत सुभाष चौक में लगभग 1 करोड़ 76 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इन विकास कार्यों से पुराने शहर की बुनियादी सुविधाओं में सुधार होगा, जिससे स्थानीय व्यापारियों व आमजन को काफी सहूलियत मिलेगी। सुभाष चौक पर आयोजित इस कार्यक्रम में महापौर परिषद (MIC) के सदस्य मनोज राठौर, स्थानीय पार्षद एवं जोन अध्यक्ष विनीता सोनी, जोन अध्यक्ष पूजा शर्मा, पार्षद प्रियंका मिश्रा और सरोज आसेरी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

### भोपाल में नगर निगम का बड़ा एक्शन

## दर्जनों इलाकों से हटाया अतिक्रमण, मेट्रो प्रोजेक्ट की राह में बाधक 6 झुग्गियां भी हटाईं

विनय उजाला



**भोपाल,निप्र।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए भोपाल नगर निगम ने शनिवार को बड़े पैमाने पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के सख्त निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने शहर के दर्जनों प्रमुख इलाकों से अवैध दुकानें, ठेले और सामग्रियां जप्त कीं। इसके साथ ही मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के काम में बाधा बन रहे अवैध निर्माणों को भी हटाया गया।

निगम प्रशासन के अनुसार, यह कार्रवाई सी.एम. हेल्पलाइन, महापौर हेल्पलाइन और अन्य माध्यमों से नागरिकों द्वारा लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर की गई। निगम के नियमित अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में फुटपाथों और सड़कों को जाम कर रहे ठेले, गुमठियां, पान पार्लर, विज्ञापन बोर्ड और दुकानों के बाहर रखे अवैध सामानों को हटाया गया।

इस कार्रवाई के दौरान अमले ने इंद्रपुरी औद्योगिक क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के कार्य में बाधक बन रहीं 6 झुग्गियों को हटाया। इसके अलावा, टी.टी. नगर दशहरा मैदान क्षेत्र में बेतरतीब ढंग से खड़े 40 चार पहिया वाहनों को भी हटाया गया, जो आवागमन में बड़ी बाधा बन रहे थे। वहीं सूरज नगर भदभदा क्षेत्र में सड़क पर अवैध रूप से फैलाकर रखी गई भवन निर्माण सामग्री को भी निगम ने साफ कराया। दिनभर चली इस संयुक्त कार्रवाई के दौरान निगम ने 03 ठेले, 01 पान पार्लर और 20 कैरेड सहित अन्य फुटकर सामग्रियां जप्त कीं।

यह अभियान कोलार रोड, चूना भट्टी, शिवाजी नगर, भदभदा चौराहा, जवाहर चौक, रोशनपुरा, लिंक रोड नंबर 1, 2 व 3, नेहरू नगर, बिट्टन मार्केट, 7 नंबर बस स्टॉप, इंद्रपुरी, गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र, रायसेन रोड, अशोका गार्डन, रेलवे स्टेशन (प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 व 6 की ओर), हमीदिया रोड, काजी कैंप, कोहेफिजा, जहांगीराबाद, रेतघाट और कमला पार्क सहित भोपाल के लगभग सभी प्रमुख और व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्रों में चलाया गया। निगम प्रशासन ने चेतावनी दी है कि सड़कों और फुटपाथों पर दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## चार्जिंग पर लगी ई-स्कूटी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान

**मंदसौर (हि.स.)।** मध्य प्रदेश के मंदसौर शहर के गांधीनगर क्षेत्र में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे एक मकान में भीषण आग लग गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण घर के अंदर चार्जिंग पर लगी इलेक्ट्रिक स्कूटी में हुआ शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। मकान के निचले हिस्से में प्लास्टिक का सामान और पानी की टंकियों से भरा गोदाम होने के कारण आग तेजी से फैल गई।

जानकारी के अनुसार, गांधीनगर क्षेत्र में रहने वाले व्यापारी सचिन जैन के मकान में रात के समय अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि घर के अंदर इलेक्ट्रिक स्कूटी चार्जिंग पर लगी हुई थी। इसी दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग भड़क उठी। शुरूआत में आग स्कूटी के आसपास लगी, लेकिन कुछ ही समय में उसने पूरे निचले हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। गोदाम में प्लास्टिक का सामान बड़ी मात्रा में रखा होने से आग तेजी से फैलती चली गई। मकान में आग लगने की सूचना मिलते ही नगर पालिका की फायर ब्रिगेड, पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंच गया। राहत और बचाव टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। फायर टीम ने मकान की पहली मंजिल पर मौजूद परिवार के सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद सभी लोगों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया गया। हादसे में किसी के घायल होने या जनहानि की सूचना नहीं है।

### इटारसी में अवैध वेंडिंग पर RPF का बड़ा प्रहार

# ड्रोन और बॉडी कैमरों से रखी जा रही है पैनी नजर

विनय उजाला



**भोपाल,निप्र।** यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे परिसरों में सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल ने कमर कस ली है। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ. अभिषेक के मार्गदर्शन में रेलवे सुरक्षा बल (RPF) द्वारा इटारसी स्टेशन और उसके आसपास के संवेदनशील इलाकों में अवैध वेंडिंग के खिलाफ एक बड़ा और सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की खास बात यह है कि इसमें आधुनिक तकनीकों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जा रहा है।

आरपीएफ इटारसी अब अपराधियों और अवैध वेंडरों पर नजर रखने के लिए पूरी तरह हाईटेक हो चुकी है। स्टेशन, प्लेटफॉर्म, कोचिंग यार्ड और सर्कुलेटिंग एरिया में सीसीटीवी और स्टैंड-अलोन सर्विलांस कैमरों के जरिए 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। तकनीकी निगरानी की मदद से अब तक 177 मामलों का सफलतापूर्वक खुलासा किया जा चुका है।

इतना ही नहीं, रेलवे ट्रैक से सटे संवेदनशील बाहरी इलाकों जैसे—नाला मोहल्ला, गरीबी लाइन, बंगालिया नाला, हनुमान मंदिर कॉलोनी और एफसीआई गोदाम क्षेत्र की ड्रोन के जरिए नियमित मैपिंग और हवाई निगरानी की जा रही है। इसके अलावा, फील्ड में तैनात आरपीएफ जवानों को बॉडी वॉर्न कैमरे दिए गए हैं, ताकि ड्यूटी के दौरान पारदर्शिता बनी रहे और जवानों को झूठे आरोपों से बचाया जा सके।

आरपीएफ द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, अवैध वेंडिंग के खिलाफ कार्रवाई में लगातार तेजी आई है। वर्ष 2025 में कुल 5,412 अवैध वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी, जबकि वर्ष 2026 में 15 जुलाई तक ही यह आंकड़ा 2,909 तक पहुंच चुका है। वहीं, 20 जून से 15 loyalty 2026 के बीच जन विश्वास अधिनियम के तहत 401 मामलों का त्वरित निस्तारण किया गया है।

इसी सिलसिले में बीती 7 जुलाई से 13 जुलाई 2026 के बीच आरपीएफ और जीआरपी द्वारा एक संयुक्त विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सहायक सुरक्षा आयुक्त एम.के. मुखर्जी और उप पुलिस अधीक्षक (रेल) एम.एस. कुल्हारा ने खुद इटारसी में कैंप कर इसकी कमान संभाली। इस दौरान रेलवे अधिनियम की धारा 144 के तहत 148 अवैध वेंडरों और धारा 147 के तहत 59 अनियमित यात्रियों पर कार्रवाई की गई।

## विधायक मसूद ने भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा पर की पुष्प वर्षा, श्रद्धालुओं को बांटे फल

विनय उजाला





**भोपाल,निप्र।** राजधानी भोपाल में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा का शहर में जगह-जगह हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ स्वागत किया गया। इसी कड़ी में शनिवार को भोपाल के मध्य विधानसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक भारत टॉकीज चौराहे पर गंगा-जमुनी तहजीब और सांप्रदायिक सौहार्द का एक अनूठा नजारा देखने को मिला।

यहाँ क्षेत्रीय विधायक आरिफ मसूद के नेतृत्व में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने रथयात्रा का भव्य स्वागत किया। विधायक आरिफ मसूद ने रथ पर सवार भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने यात्रा में चल रहे हजारों श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए उन पर फूल बरसाए। इस दौरान विधायक मसूद ने श्रद्धालुओं के बीच फल भी वितरित किए।

**कांग्रेस कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि रहे मौजूद :** इस अवसर पर गंगा-जमुनी संस्कृति को मजबूत करने वाले इस स्वागत कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद वसीम उद्दीन (पप्पू), भंवर लाल प्रजापति, दीपक साहू सहित मध्य विधानसभा क्षेत्र के बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर रथयात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया और शहर में अमन-चैन की दुआ मांगी।

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई, नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक विनय उजाला

रविवार, 19 जुलाई 2026
आषाढ़ शुक्ल पक्ष-05



महाराष्ट्र के लिए बीजेपी का प्लान तैयार ...05

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

## फर्स्ट कॉलम

### जहां कभी पढ़ाया जाता था बंदूक का पाठ, वहां पहली बार गूंजी स्कूल की घंटी

**नारायणपुर, एजेंसी।** उफनते नाले, बारिश से भीगी पगडंडियां, पहाड़ों से लिपटे बादल और घने जंगल... छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में अबूझमाड़ की यह दुर्गम राह दशकों तक प्रशासन की पहुंच से लगभग दूर रही, लेकिन शुक्रवार को इन्हीं रास्तों पर एक बाइक उम्मीद की नई किरण लेकर बढ़ी। सुरक्षाबलों के जवान के पीछे बैठी नारायणपुर कलेक्टर नम्रता जैन नदी-नालों, पहाड़ों के पार करीब 100 किलोमीटर का कठिन सफर तय कर कोहकापार पहुंचीं। यह सिर्फ एक प्रशासनिक दौरा नहीं था, बल्कि उस गांव तक शिक्षा की पहली दस्तक थी, जहां आज तक किसी बच्चे ने स्कूल की घंटी नहीं सुनी थी। पहली बार गांव में पाठशाला खुली, घंटी बजी और नन्हे हाथों में किताबें थमाई गईं। अबूझमाड़ के इस सुदूर गांव ने शुक्रवार को अपने इतिहास का सबसे सुनहरा सवेरा देखा।

### बंद मकान में एक ही परिवार के 5 लोगों के मिले शव, सुसाइड या मर्डर?

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र के संजय नगर (मदनी चौक) में बंद मकान से पांच शव बरामद किए गए हैं। मृतकों में पति-पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही टिकरापारा पुलिस और फोरेंसिक एक्सपर्ट्स की टीम मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने मकान को सील कर साक्ष्य जुटाना शुरू कर दिया है। यह परिवार पिछले आठ महीनों से यहां एक मकान में किराए पर रह रहा था। पड़ोसियों ने बताया कि गुरुवार शाम से घर का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी समय तक कोई हलचल न होने पर जब संदेह हुआ, तो आस-पास के लोगों ने देखा कि भीतर शव पड़े हुए हैं। इसके तुरंत बाद पुलिस को मामले की सूचना दी गई।

### 21वीं ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन का रिजल्ट जारी, 65.92% अभ्यर्थी पास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने 21वीं ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन (एआईबीई) परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। परीक्षा में शामिल हुए उम्मीदवार अब आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम देख और डाउनलोड कर सकते हैं। इस बार परीक्षा के परिणाम जारी करने से पहले बार काउंसिल की मॉनिटरिंग कमेटी ने प्रश्नपत्र और परिणामों की समीक्षा की। इसके बाद सभी सदस्यों ने योग्यता अंक (कट-ऑफ) में 3 अंकों की कमी करने का फैसला लिया। पहले सामान्य वर्ग के लिए न्यूनतम 45 और एससी, एसटी तथा पीडब्ल्यूडी वर्ग के लिए 40 अंक निर्धारित थे।

### सबरीमाला मंदिर के नए कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति को मिली हाईकोर्ट की मंजूरी

**कोच्चि, एजेंसी।** केरलम हाईकोर्ट ने सबरीमाला मंदिर में वर्ष 2026-27 के कार्यकाल के लिए पीएस. संतकुमार की कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। वर्तमान में संतकुमार राज्य के सांस्कृतिक मामलों के निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। वह ओजी बिजू का स्थान लेंगे, जिनकी सबरीमाला में विभिन्न पदों पर लगातार नियुक्ति को लेकर हाई कोर्ट पहले सवाल उठा चुका था। हाई कोर्ट ने त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड (टीडीबी) को निर्देश दिया था कि प्रमुख मंदिरों में प्रशासनिक और कार्यकारी अधिकारियों की नियुक्ति केवल ईमानदार और दक्ष अधिकारियों की ही की जाए।

## Cartoon Corner




**'मिशन आगमन':** पहले प्राइवेट रॉकेट 'विक्रम-1' की सफल उड़ान, देश की पहली प्राइवेट स्पेस कंपनी स्काईरूट का मिशन कामयाब, भारत से पहले केवल 2 देश अमेरिका और चीन ही कर पाए ऐसा

# गगन में लहराया भारत का परचम..!





नई दिल्ली, एजेंसी

**भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए 18 जुलाई 2026 का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। देश की पहली प्राइवेट स्पेस कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस ने अपने रॉकेट विक्रम-1 पर सफल परीक्षण पूरा कर लिया।**

पूरी तरह से स्वदेश में विकसित ऑर्बिटल-क्लास रॉकेट 'विक्रम-1' ने शनिवार दोपहर 12.08 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के प्रथम लॉन्च पैड से सफल उड़ान भरी। इस ऐतिहासिक मिशन को 'मिशन आगमन' नाम दिया गया है, जो अंतरिक्ष में भारतीय निजी क्षेत्र के एक नए युग के प्रवेश का प्रतीक है। इस ऐतिहासिक लॉन्च के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्काईरूट एयरोस्पेस के संस्थापकों से फोन पर बात की। उन्होंने देश के पहले निजी कक्षीय रॉकेट 'विक्रम-1' के सफल प्रक्षेपण पर बधाई दी । प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के पहले निजी रॉकेट 'विक्रम-1' की सफलता से देश के 'आत्मनिर्भरता' अभियान को बल मिलेगा। बता दें कि भारत से पहले केवल दो देश- अमेरिका और चीन ही ऐसा कर पाए हैं। यानी इन्हीं दो देशों में प्राइवेट स्पेस कंपनियों ने रॉकेट लॉन्च किए हैं। अब भारत भी इस लिस्ट में शुमार हो गया है।

**स्काईरूट एयरोस्पेस की पहली ऑर्बिटल टेस्ट फ्लाइट...** हैदराबाद स्थित स्काईरूट एयरोस्पेस की यह पहली ऑर्बिटल टेस्ट फ्लाइट है। इस मिशन का मुख्य लक्ष्य विक्रम-1 रॉकेट को 450 किलोमीटर की लो-अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) में 60 डिग्री के झुकाव के साथ स्थापित करना है। यह फ्लाइट न सिर्फ तकनीकी पेलोड, लेकर गई है। यह रॉकेट ग्रेहा स्पेस, कॉस्मोसर्व, डीक्यूब्ड और स्काईरूट के अपने स्कोप सैटेलाइट को लेकर गया है।

### विक्रम-1 रॉकेट की यह है खासियत

विक्रम-1 रॉकेट का नाम भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक, डॉ. विक्रम साराभाई के सम्मान में रखा गया है। विक्रम-1 एक 24 मीटर लंबा ऑर्बिटल क्लास रॉकेट है, जिसे छोटे उपग्रहों के प्रक्षेपण के लिए तैयार किया गया है। यह पूरी तरह हल्के कार्बन-कॉम्पोजिट स्ट्रक्चर से बना है, जिससे इसका वजन कम और क्षमता अधिक हो जाती है। कंपनी के अनुसार कार्बन फाइबर सबसे मजबूत स्टील की तुलना में लगभग पांच गुना हल्का होता है, जिससे रॉकेट अधिक दक्ष बनता है। रॉकेट में तीन सॉलिड प्रोपल्शन स्टेज हैं, जबकि सबसे ऊपर एक ऑर्बिटल एडजस्टमेंट मॉड्यूल लगाया गया है। यही मॉड्यूल एक ही मिशन में कई उपग्रहों को अलग-अलग कक्षाओं में स्थापित करने में मदद करेगा। विक्रम-1 को 450 किलोमीटर की लो-अर्थ ऑर्बिट में 350 किलोग्राम तक का पेलोड ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है।

### कई दिलचस्प चीजें साथ लेकर गई टेस्ट फ्लाइट

पेलोड में बेंगलुरु स्थित कॉस्मोस डायमंड्स द्वारा तैयार किया गया एक लैब-ग्रोन डायमंड आर्ट पीस शामिल है, जिसे 'कॉस्मिक ब्लूम' नाम दिया गया है, साथ ही एक माइक्रो-आर्ट पीस भी अंतरिक्ष की सैर करेगा। माइक्रो-आर्ट पीस में अजय कुमार मट्टेवाड़ा की बनाई गई माइक्रोआर्ट विक्रम-1 मिशन के साथ अंतरिक्ष में भेजी जा रही है। इसमें 18 कैरेट सोने से बना एक छोटा रॉकेट है, जिसके अंदर भारत के तीन महान वैज्ञानिकों सर सीवी रमन, डॉ. विक्रम साराभाई और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की बेहद सूक्ष्म मूर्तियां बनाई गई हैं। इन मूर्तियों का आकार इतना छोटा है कि वे चावल के एक दाने से भी छोटी हैं। रॉकेट अपने साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखा गया एक हस्तलिखित पोस्टकार्ड भी अंतरिक्ष में ले गया है।

### अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप्स की शुरुआत

केंद्र सरकार ने 2023 में भारतीय अंतरिक्ष नीति जारी की। 2015 से 2024 के बीच इसरो ने 393 विदेशी और तीन स्वदेशी कमर्शियल सैटेलाइट लॉन्च किए। इससे 439 मिलियन अमेरिकी डॉलर का रेवेन्यू हासिल हुआ। केंद्र सरकार ने 2024 से भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र में 100 प्रतिशत फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) की अनुमति दी है। केंद्र सरकार का कहना है कि पिछले एक दशक में अंतरिक्ष क्षेत्र में 300 से अधिक स्टार्टअप शुरू हुए हैं। इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराइजेशन सेंटर के आंकड़ों के अनुसार, 30 सितंबर, 2025 तक केंद्र में 376 स्टार्टअप ने आवेदन किया था। केंद्र के मुताबिक जहां 2022 में केवल एक स्टार्टअप था, वहीं 2024 तक यह संख्या 200 कंपनियों तक पहुंच गई है।

**मरीज की मौत के बाद लिया स्वत: संज्ञान; केंद्र से मांगा जवाब**

# कैंसर की महंगी दवाओं पर सुप्रीम सख्ती

नई दिल्ली, एजेंसी

**कैंसर की जीवनरक्षक दवाओं की महंगी कीमत और इलाज के इंतजार में एक मरीज की मौत के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है।**

अदालत ने कहा कि यह मामला केवल एक मरीज का नहीं, बल्कि उन सभी लोगों के जीवन के अधिकार से जुड़ा है जो महंगी दवाओं का खर्च नहीं उठा सकते। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहन की बेंच ने कहा कि केरल हाईकोर्ट अपने समक्ष लंबित याचिका पर फैसला करेगा। जबकि सुप्रीम कोर्ट जीवनरक्षक दवाओं की कीमत और उनकी उपलब्धता से जुड़े व्यापक मुद्दे पर सुनवाई करेगा। यह कार्रवाई 'वर्किंग ग्रुप ऑन एक्सेस टू मेडिसिन्स एंड ट्रीटमेंट' के संयोजकों ज्योत्सना सिंह और के. एम. गोपाकुमार की ओर से भेजे गए प्रतिनिधित्व के आधार पर की गई।



### हाईकोर्ट में हुई देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

कैंसर और ऐसी ही मुश्किल से ठीक होने वाली बीमारियों के इलाज के लिए पेटेंट वाली दवाओं की बहुत ज्यादा कीमतों के मुद्दे पर केंद्र सरकार से जवाब मांगने से पहले, बेंच ने हाईकोर्ट में हुई देरी पर नाराजगी जताई। मेटास्टैटिक ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित एक महिला ने 2022 में 'रिबोसिक्लिब' दवा पाने के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

### धारा 100 की मांग

धारा 100 केंद्र सरकार को सार्वजनिक हित और जनस्वास्थ्य की रक्षा के लिए पेटेंट प्राप्त आविष्कार के उपयोग की अनुमति देती है। हालांकि, केंद्र सरकार ने हाईकोर्ट में कहा था कि मौजूदा परिस्थितियां ऐसी नहीं हैं जिन्हें राष्ट्रीय आपातस्थिति माना जाए। इसलिए इस प्रावधान का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

### याचिकाकर्ता की मौत

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केरल हाईकोर्ट में हुई देरी पर भी नाराजगी जताई। अदालत ने कहा कि जून से सितंबर 2022 के बीच कई बार सुनवाई सूचीबद्ध होने के बावजूद समय पर फैसला नहीं हो सका और इस बीच याचिकाकर्ता की मौत हो गई।

### केंद्र सरकार से सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से महंगी पेटेंट दवाओं की कीमतों और आम मरीजों की पहुंच सुनिश्चित करने के संबंध में जवाब मांगा है। यह मामला भविष्य में कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों की जीवनरक्षक दवाओं को किफायती बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मिसाल बन सकता है।

**राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने नियम बदले**

# अब कोई भी प्राइवेट कंपनी खोल सकेगी मेडिकल कॉलेज

नई दिल्ली, एजेंसी

**मेडिकल कॉलेज खोलने के नियमों में बड़ा बदलाव हुआ है। नेशनल मेडिकल कमीशन यानी एनएमसी ने अपने नियम में बदलाव किया है।**

पहले सिर्फ सेक्शन-8 वाली नॉन-प्रॉफिट कंपनियों को ही मेडिकल कॉलेज खोलने की इजाजत थी। अब कंपनीज एक्ट 2013 के तहत बनी किसी भी कंपनी को मेडिकल कॉलेज शुरू करने की अनुमति मिल जाएगी। सेक्शन-8 कंपनी नॉट-प्रॉफिट होती है। इसमें कमाई का बचा हुआ पैसा सिर्फ चैरिटी या संस्थान के विकास में ही लगाया जा सकता है, मुनाफे के तौर पर नहीं निकाला जा सकता। 2017 में तत्कालीन मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया ने कहा था कि कंपनीज एक्ट 1956 के तहत रजिस्टर्ड सभी कंपनियां मेडिकल कॉलेज खोल सकती हैं। ट्रस्ट और सोसाइटी भी कंपनी में बद सकते थे। 2019 में एमसीआई के भंग होने के बाद एनएमसी बनी। उसने फिर से नियम सख्त कर दिए और सिर्फ सेक्शन-8 कंपनियों को ही इजाजत दी। एनएमसी ने फिर नियम बदले हैं। अब कोई भी कंपनी मेडिकल कॉलेज खोल सकेगी। शर्तों की वजह से बड़ी कंपनियां आगे नहीं आ रही थीं।




### सुप्रीम कोर्ट ने कहा था शिक्षा चैरिटी है...

मई 2017 में वेदांता कंपनी ने पालघर में 'वेदांता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' खोला था। यह देश का पहला प्राइवेट लिमिटेड मेडिकल कॉलेज था। कंपनी ने शुरू में कहा था कि उसे फीस तय करने के लिए सरकार से मंजूरी नहीं चाहिए। बाद में उसे नियम मानने पड़े। 2025 में इस कॉलेज की मैनेजमेंट सीट की फीस 15.7 लाख रुपये थी, जो राज्य में सबसे ज्यादा है। डीम्ड यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेजों की फीस सबसे ज्यादा होती है। ये ट्रस्ट और सोसाइटी चलाते हैं और इन्हें नॉन-प्रॉफिट होना चाहिए, लेकिन इनकी फीस पर किसी का नियंत्रण नहीं है। इनमें सस्ती सीटों का कोटा भी नहीं होता। सुप्रीम कोर्ट ने 1993 और 2002 में कहा था कि शिक्षा चैरिटी है।

**शुद्धिकरण और प्रायश्चित**

# चंपत राय 25 जुलाई से 21 नवंबर तक अयोध्या में साधना करेंगे

अयोध्या, एजेंसी

**चढ़ावा चोरी प्रकरण की एसआईटी जांच के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय ने अपने जीवन का पहला चातुर्मास अयोध्या में करने का निर्णय लिया है।**

धार्मिक मान्यता के अनुसार, 25 जुलाई से शुरू होकर 21 नवंबर (देवउठनी एकादशी) तक चलने वाले इस चार माह के कालखंड में वह अयोध्या नहीं छोड़ेंगे। रामलला की शरण में रहकर साधना, मंत्र जाप, रामचरितमानस का नियमित पाठ तथा सात्विक जीवनचर्या का पालन करेंगे। चंपत राय 23 जून से ही राम मंदिर से सटे रामकोट स्थित तीर्थ क्षेत्र भवन में एकांतवास में हैं। वे प्रतिदिन लगभग चार घंटे तक साधना करते हैं। चढ़ावा चोरी की घटना के बाद मंदिर की धार्मिक परंपराओं के अनुरूप नौ दिवसीय प्रायश्चित पूजन शुरू कराया गया है।



### अनुष्ठान का मकसद है भगवान के सामने क्षमा याचना

ट्रस्ट के पदाधिकारियों का कहना है कि इस अनुष्ठान का उद्देश्य भगवान के समक्ष क्षमा-याचना के साथ मंदिर की आध्यात्मिक गरिमा और पवित्रता को अक्षुण्ण बनाए रखना है। अनुष्ठान में शामिल आचार्य विट्ठल ने बताया कि प्रायश्चित का सबसे बड़ा अर्थ अपनी भूल को स्वीकार कर उसे दोबारा न होने देना है। उन्होंने बताया कि अनुष्ठान सुबह नौ से 12 :30 बजे और दोपहर 3 :30 बजे से सात बजे तक हो रहा है। प्रायश्चित पूजन में दिल्ली, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों से 10 आचार्य शामिल हैं। शेष आचार्य अन्य अनुष्ठानों में लगे हैं।

# जंतर-मंतर पर हंगामा : अभिजीत दीपके पर महिला ने फेंकी स्याही

नई दिल्ली, एजेंसी

**कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके पर स्याही फेंकी गई हैं। एक महिला ने उन पर स्याही फेंकी और थप्पड़ मारने की भी कोशिश की।**

दिल्ली के जंतर मंतर पर इस घटनाक्रम के बाद हंगामा मच गया। घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें नजर आ रहा कि कैसे महिला अचानक ही दीपके के पास पहुंची और इंक फेंका। ये पूरा घटनाक्रम उस समय हुआ जब दीपके प्रदर्शन स्थल पर मौजूद लोगों से बातचीत कर रहे थे। दिल्ली के जंतर मंतर पर शनिवार सुबह से ही काफी गहमागहमी देखने को मिली।

सबसे पहले दिल्ली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर 21 दिन से भूख हड़ताल कर रहे सोनम वांगचुक को उठाया और उन्हें सफदरजंग अस्पताल लेकर गई। जैसे ही ये घटनाक्रम हुआ तो अभिजीत दीपके ने खुद भूख हड़ताल पर बैठने का ऐलान किया। इसी बीच दिन में अचानक ही उन पर एक महिला ने स्याही फेंक दी। इस घटनाक्रम से पहले कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने भूख हड़ताल का ऐलान किया। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को दिल्ली पुलिस की ओर से जंतर-मंतर स्थित प्रदर्शन स्थल से अस्पताल ले जाया गया।



**फिर लौट रहा कोरोना**

# आंध्र प्रदेश के बाद महाराष्ट्र में कोविड के 21 केस मिले

पुणे, एजेंसी

**कोरोना वायरस ने करीब तीन साल की शांति के बाद महाराष्ट्र में एक बार फिर से दस्तक दी है। राज्य में विशेषकर पुणे शहर में पिछले 10 दिनों के भीतर कोविड के मामलों में तेजी से इजाफा हुआ है।**

हालांकि, राहत की बात यह है कि ज्यादातर मामले हल्के लक्षणों वाले हैं और स्वास्थ्य विभाग या विशेषज्ञों को फिलहाल किसी नई लहर का कोई संकेत नहीं दिखा है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, महाराष्ट्र में इस साल अब तक कोविड-19 के 48 मामले सामने आ चुके हैं। गनीमत यह रही है कि इनमें से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। लगभग तीन वर्षों तक यह वायरस रडार से बाहर रहा, लेकिन साल 2026 में इसके मामलों में धीरे-धीरे वृद्धि देखी जा रही है। इस साल जनवरी में 3, फरवरी में 1, जून में 11 और अब तक जुलाई में 21 मामले दर्ज किए गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, ज्यादातर पॉजिटिव केस नियमित कोविड टेस्टिंग के दौरान नहीं मिल रहे हैं। ये मामले तब सामने आ रहे हैं जब मरीज किसी अन्य बीमारी के लिए डॉक्टर की सलाह पर जांच करा रहे हैं या फिर किसी सर्जरी से पहले उनका प्री-ऑपरेटिव फिटनेस टेस्ट किया जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह वायरस अब इन्फ्लूएंजा की तरह बर्ताव कर रहा है। लोगों में इम्युनिटी कम होने और नए वेरिएंट के उभरने के कारण हर एक-दो साल में इसके मामलों में इस तरह का उछाल आना स्वाभाविक है।



**वायु प्रदूषण बना सबसे बड़ा विलेन**

# हर 100 में 7 भारतीयों में भूलने की बीमारी का खतरा

नई दिल्ली, एजेंसी

**भारत तेजी से बुजुर्ग होती आबादी वाले देशों में शामिल हो रहा है। ऐसे में याददाश्त कमजोर होने और डिमेंशिया (भूलने की बीमारी) का खतरा भी बढ़ रहा है।**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पहली बार अपनी नई गाइडलाइन में वायु प्रदूषण (खासतौर पर पीएम 2.5) को डिमेंशिया के प्रमुख जोखिम कारकों में शामिल किया है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि प्रदूषण के संपर्क को कम करने से याददाश्त कमजोर होने के खतरे को कम किया जा सकता है। भारत के लिए यह चेतावनी इसलिए भी अहम है क्योंकि देश के कई शहर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल हैं। साथ ही, भारतीयों में हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, मोटापा और स्ट्रोक जैसी बीमारियां भी तेजी से बढ़ रही हैं, जिन्हें डब्ल्यूएचओ ने डिमेंशिया के प्रमुख कारणों में गिना है।



**हर साल करीब 1 करोड़ नए मामले सामने आते हैं :** रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में 2021 तक 5.7 करोड़ लोग डिमेंशिया के साथ रह रहे थे। हर साल करीब 1 करोड़ नए मामले सामने आते हैं। अनुमान है कि यह संख्या 2030 तक 7.8 करोड़ और 2050 तक 13.9 करोड़ पहुंच जाएगी। इनमें 60% से अधिक कम और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं।

**खतरा और बढ़ने की आशंका :** भारत में करीब 10.4 करोड़ लोग 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के हैं। विभिन्न भारतीय अध्ययनों के अनुसार, इस आयु वर्ग के करीब 6 से 7 प्रतिशत लोग किसी न किसी प्रकार के डिमेंशिया से प्रभावित हैं। यानी हर 100 भारतीयों में लगभग 6-7 लोगों को यह बीमारी है या उसका खतरा है। आबादी के हिसाब से यह संख्या 60 से 70 लाख के बीच बैठती है और आने वाले वर्षों में इसके और बढ़ने की आशंका है। डब्ल्यूएचओ भी मानता है कि कम और मध्यम आय वाले देशों में डिमेंशिया का बोझ तेजी से बढ़ रहा है।

### इन वजहों से भी बढ़ी भूलने की बीमारी

डब्ल्यूएचओ के मुताबिक डिमेंशिया केवल बढ़ती उम्र की बीमारी नहीं है। जीवनशैली और पर्यावरण से जुड़े कई कारण इसे बढ़ाते हैं। इनमें वायु प्रदूषण (पीएम2.5), हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, मोटापा, धूम्रपान, शराब का अधिक सेवन, डिप्रेशन समेत कई कारण शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ ने गाइडलाइन में 2024 लैंसेट कमीशन का हवाला देते हुए कहा है कि डिमेंशिया के करीब 45 फीसदी मामलों का संबंध ऐसे जोखिम कारकों से है जिन्हें बदला या नियंत्रित किया जा सकता है। यानी अगर लोग समय रहते जीवनशैली सुधारें और सरकारें प्रदूषण सहित सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों को मजबूत करें, तो बड़ी संख्या में मामलों को टाला या देर से विकसित किया जा सकता है।

### पहली बार प्रदूषण पर स्पष्ट सिफारिश

डब्ल्यूएचओ ने अपनी दूसरी संस्करण की गाइडलाइन में पहली बार साफ कहा है कि बाहरी वायु प्रदूषण, विशेषकर पीएम 2.5, और घर के अंदर होने वाले प्रदूषण के संपर्क को कम करने से डिमेंशिया का खतरा घट सकता है। हालांकि उपलब्ध वैज्ञानिक प्रमाणों को अभी सीमित माना गया है, लेकिन डब्ल्यूएचओ ने इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिहाज से महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## सम्पादकीय

# सौ बुलेट प्रूफ वाहन, बढ़ता खौफ : मणिपुर में सुरक्षाबल ही खतरे में

खुद को सुरक्षित महसूस न करें, तो आम आदमी का क्या होगा? मणिपुर में राष्ट्रपति शासन के बाद सरकार के फिर से कमान संभालने पर यह माना जा रहा था कि राज्य में स्थायी तौर पर शांति बहाली की दिशा में प्रयास तेज होंगे। मगर इन अपेक्षाओं के विपरीत हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। जातीय संघर्ष से उपजी विरोध की चिंगारी आए दिन हिंसक घटनाओं के रूप में सामने आ रही है। स्थिति यह है कि राज्य में तैनात सुरक्षाबलों को भी अब अपनी सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। इसी कारण सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और आवाजाही के लिए रणनीतिक तौर पर बदलाव किए जा रहे हैं। सेनापति जिले में हाल ही में असम राइफल्स के एक शिविर पर भीड़ के हमले के बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने अपनी सुरक्षा के लिए करीब सौ बुलेटप्रूफ वाहनों को अपने काफिले में शामिल किया है। ऐसे में सवाल है कि जब सुरक्षाबलों की सुरक्षा को ही खतरा पैदा हो गया है, तो आम लोग खुद को कैसे सुरक्षित महसूस कर पाएंगे? आखिर क्या वजह है कि राज्य में सामाजिक सौहार्द और अमन-चैन कायम करने के प्रयासों में सरकार की इच्छाशक्ति एवं गंभीरता नजर नहीं आ रही है? गौरतलब है कि मणिपुर में हाल के दिनों में हिंसक घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। पिछले सप्ताह उखरुल जिले में उग्रवादियों के घात लगाकर किए गए हमले में असम राइफल्स के दो जवान शहीद हो गए थे। इसके कुछ दिन बाद सेनापति जिले में स्थानीय लोगों की भीड़ ने सैन्य बल के शिविर पर हमला कर वहां आगजनी और तोड़फोड़ की। ये घटनाएं बताती हैं कि राज्य में आम लोगों के असंतोष के बीच उग्रवादी संगठनों की सक्रियता भी बढ़ती जा रही है। हालांकि, कुछ विरोधी संगठनों ने सरकार के साथ समझौता कर शांति बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई है, लेकिन इनसे इतर नए समूह खड़े हो गए हैं, जो अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए हिंसक वारदात को अंजाम देने का कोई मौका नहीं चूकते। राज्य में जटिल होते हालात के पीछे एक कारण यह भी है कि स्थानीय लोगों का व्यवस्था पर भरोसा कमजोर हो रहा है। ऐसे में सबसे पहले सरकार की प्राथमिकता यही होनी चाहिए कि आम लोगों में विश्वास बहाली के लिए गंभीरता से प्रभावी कदम उठाए जाएं।

## सुविचार

जब मन स्थिर होता है, तब हर समस्या का
समाधान स्पष्ट दिखने लगता है...
क्योंकि शांति में ही शक्ति है और स्थिरता में ही समाधान है।
**- डॉ. रमेश जैन, उज्जैन**

समय... लौटकर नहीं आता शब्द...
लौटाया नहीं जा सकता। दोनो अनमोल है।
**- डॉ. विनय दीवान, भोपाल**

जिन्हें विरासत में सब कुछ मिल जाता है,
वे संघर्ष का वास्तविक अर्थ ही नहीं समझ पाते है।
**- एच.एल. खुशाल, इंदौर**

असली संतुष्टि अपने रास्ते पर चलने से मिलती है,
न कि किसी और के पदचिह्नों का अनुसरण करने से।
**-प्रशांत महंत**

परीक्षा हमेशा अकेले में होती हैं,
लेकिन उसका परिणाम सब के सामने आता है।
इसलिए कोई भी कर्म करने से
पहले उसके परिणाम पर जरूर विचार करें..।।
**- अशोक परमार, आष्टा सीहोर**

जीवन में खुश रहने के लिए दो शक्तियों का होना जरुरी है।
पहली सहन शक्ति और दूसरी समझ शक्ति।
**- अब्दुल सलाम कुरैशी, गुना**

## इतिहास के पन्नों में 19 जुलाई : आज ही के दिन इंदिरा गांधी ने किया था 14 प्रमुख बैंकों का राष्ट्रीयकरण




भारतीय बैंकिंग इतिहास में 19 जुलाई 1969 एक ऐतिहासिक दिन माना जाता है। इसी दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश के 14 प्रमुख निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने का फैसला लिया था। इस कदम का उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं को आम जनता तक पहुंचाना, ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग का विस्तार करना और आर्थिक विकास को गति देना था। राष्ट्रीयकरण से पहले देश के अधिकांश बड़े बैंक बड़े औद्योगिक घरानों के नियंत्रण में थे। ऐसे में किसानों, छोटे व्यापारियों, कारीगरों और निम्न आय वर्ग के लोगों तक बैंकिंग सुविधाएं सीमित रूप से ही पहुंच पाती थीं। राष्ट्रीयकरण के बाद सरकार ने बैंकिंग व्यवस्था को सामाजिक और आर्थिक विकास के लक्ष्यों से जोड़ने का प्रयास किया।

**विशेष सम-सामयिक**

भारत का संविधान देश के हर नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन की अनुमति देता है। लेकिन साथ ही संविधान राज्य को कानून व्यवस्था बनाये रखने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी सौंपता है। इसी तकनीकी जिम्मेदारी का नाम लेकर सरकार और प्रशासन अपनी कार्यवाई को जाहिर है सही ठहरायेगा।

### संसद के मानसून सत्र के पहले

# जंतर-मंतर में पुलिसिया बल प्रदर्शन...!



**- नरेंद्र शर्मा**
**( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं )**
**इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**




लोकतंत्र में संसद जितनी महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण है नागरिकों का लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन। लेकिन सरकारें इस सच को नहीं स्वीकारती। शायद यही वजह है कि जब सियासी गलियारे में सोमवार (20 जुलाई 2026) से शुरु हो रहे संसद के मानसून सत्र को लेकर गहमागहमी थी। अनुमान लगाये जा रहे थे कि यह सत्र सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच कितना हंगामेदार होने जा रहा है, उसी सबके बीच दो दिन पहले यानी 18 जुलाई 2026 की सुबह करीब 7 बजे दिल्ली के जंतर-मंतर पर 21 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य की जांच के नाम पर सादे कपड़ों में आया 10 पुलिस वालों का एक समूह उस तरफ बढ़ा जहां सोनम वांगचुक भूख हड़ताल के तहत लेटे हुए थे।

धरना स्थल पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने उन लोगों से पूछा कि आप कौन हैं? तो उन्होंने यही जवाब दिया कि हम सब डॉक्टर हैं और सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य की जांच के लिए आये हैं। हालांकि धरना स्थल पर मौजूद युवाओं को सौ फीसदी अंदाजा था कि ये लोग पुलिस वाले हैं और वे उन्हें आगे बढ़ने से रोक भी रहे थे, लेकिन पुलिस फोर्स के साथ आयी इस सादे कपड़ों वाली पुलिस टीम ने न तो उनकी एक सुनी और न ही कार्यकर्ताओं द्वारा उनको रोक पाना संभव हुआ। वो आगे बढ़े और सफेद चादर में सोनम वांगचुक को धरना स्थल से उठा ले गये। करीब 20 मिनट बाद दिल्ली पुलिस के एक डीसीपी ने मीडिया को बताया कि सोनम वांगचुक की सेहत खराब होने की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गौरतलब है कि एक दिन पहले ही दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार को यह निर्देश दिया था कि सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य पर लगातार निगरानी रखी जाए और हर हाल में उनके स्वास्थ्य की रक्षा की जाए। लेकिन जिस तरह से 18 जुलाई 2026 को सुबह बल प्रदर्शन के जरिये सोनम वांगचुक को अस्पताल पहुंचाया गया और अगर वहां मौजूद आंदोलनकर्मियों की मानें तो उन्हें भद्दी-भद्दी गालियां भी दीं।

कम से कम पुलिस से इतने बुरे व्यवहार की आशंका तो नहीं थी। लेकिन जब दो दिनों बाद यानी 20 जुलाई 2026 से शुरु होकर 13 अगस्त 2026 तक संसद के मानसून सत्र को चलना है, जो हमेशा से हंगामेदार होता है, तो शायद सरकार को यह पुलिसिया रौब दिखाना जरूरी लगा हो। दरअसल संसद के सत्र शुरु होने के पहले ही जिस तरह से राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर स्थित 'काकरोच जनता पार्टी' के धरना स्थल को पुलिस द्वारा जबर्दस्त बैरिकेडिंग की गई थी और सिर्फ धरना स्थल ही नहीं बल्कि पूरी दिल्ली में पुलिस बलों की असामान्य तैनाती दिखने लगी थी। उससे लग रहा था सरकार कुछ ऐसे कदम उठाने जा रही है, जो लोकतंत्र में सही नहीं कहे जा सकते। वास्तव में किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बीच कैसे संतुलन साधा जाए, सरकारों के पास इसका एक ब्लू प्रिंट होता है और होना ही चाहिए।

राजधानी दिल्ली में जंतर-मंतर लंबे समय से देशभर के लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शनों का प्रतीकात्मक गढ़ रहा है। चाहे किसान आंदोलन हो, चाहे विभिन्न क्षेत्रों के कर्मचारियों की मांगों का आंदोलन हो, चाहे छात्र संगठनों का विरोध हो या विभिन्न सामाजिक संगठनों की आवाज बुलंद करने की बात हो, जंतर-मंतर वर्षों से इसका मंच रहा है। लेकिन जिस तरह से 20 जुलाई 2026 यानी संसद के मानसून सत्र की शुरुआत वाले दिन काकरोच जनता पार्टी द्वारा बार-बार पेपर लीक होने के चलते शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर संसद तक पैदल मार्च का आह्वान किया गया है और इसकी जोरदार स्थितियां भी बन रही हैं, शायद उस स्थिति से बचने के लिए सरकार ने यह पुलिसिया ताकत के प्रदर्शन का कदम उठाया है। शायद सरकार और सुरक्षा एजेंसियां इससे घबराकर दो दिन पहले ही इस विरोध मंच को ताकत के बल पर तितर-बितर करने की कोशिश की है। विपक्षी दल जाहिर है सरकार की इस कार्यवाई को लेकर मुखर आलोचना कर रहे हैं, लेकिन दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के अंडर आने वाली दिल्ली पुलिस ने साफ-साफ कहा है कि राजधानी में किसी तरह की अव्यवस्था न फैले, इसके लिए यह जरूरी था।

भारत का संविधान देश के हर नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन की अनुमति देता है। लेकिन साथ ही संविधान राज्य को कानून व्यवस्था बनाये रखने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी सौंपता है। इसी तकनीकी जिम्मेदारी का नाम लेकर सरकार और प्रशासन अपनी कार्यवाई को जाहिर है सही ठहरायेगा। लेकिन उसे कितना भी सही ठहरा लिया जाए, पिछले 21 दिनों से जिस तरह बेहद अमानवीय मौसम और परिस्थितियों में छात्र आंदोलन कर रहे हैं और केंद्र सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही, उससे यह तो पता चलता ही है कि सरकार लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति को लेकर कितनी संवेदनशील है? अगर देखा जाए तो छात्र आखिर मांग क्या कर रहे हैं? वो कह रहे हैं पिछले पांच सालों में जिस तरह बार-बार विभिन्न परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं और इस व्यवस्था का खामियाजा छात्रों और उनके परिजनों को भुगतना पड़ा है, साथ ही पिछले कुछ सालों में जिस तरह से पेपर लीक और दूसरी परीक्षा संबंधी अव्यवस्थाओं के चलते दुखी होकर लगभग 150 से ज्यादा छात्रों ने आत्महत्याएं कर ली हैं। इस सबके प्रति किसी को जिम्मेदारी तो लेनी ही होगी। आंदोलनकारी तो सिर्फ इतनी मांग कर रहे हैं कि पिछले कुछ सालों में बार-बार विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों के लीक होने की जिम्मेदारी को लेते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें या प्रधानमंत्री उनसे इस्तीफा लें। साथ ही इस दौरान इस दुर्व्यवस्था से टूटकर जिन छात्रों ने अपनी जिंदगी खत्म कर ली है, सरकार उनके घर वालों को इसके लिए मुआवजा दे।

देखा जाए तो सरकार से आंदोलनकारी कोई भी अनुचित मांग नहीं कर रहे बल्कि सच्चाई तो यह है कि इस घोर अव्यवस्था को देखते हुए किसी भी संवेदनशील मंत्री को खुद ही इस्तीफा दे देना चाहिए, जिसके जिम्मे परीक्षाओं को सुचारू रूप से करवाने का दायित्व था। लेकिन लगता है अब केंद्र सरकार ने लोकतांत्रिक विरोध को अपने विरूद्ध साजिश ही मान लिया है, जिससे वह किसी भी तरह के विरोध को कतई स्वीकार नहीं करना चाहती और हाल के सालों में परीक्षाओं से संबंधित जो भी दुर्व्यवस्था बार-बार उजागर हुई है, उस संबंध में प्रतीक के रूप में भी अपनी जिम्मेदारी नहीं लेना चाहती। सच बात तो यही है कि जिस तरह से केंद्र सरकार पिछले 21 दिनों से धरने में बैठे छात्रों और प्रतिष्ठित सामजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के प्रति उदासीन रही है, उससे लगता है कि ऐसी किसी लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति से कोई संवेदना ही नहीं है। संसद का मानसून सत्र हमेशा बहुत कीमती होता है, क्योंकि उसमें आमतौर पर महत्वपूर्ण विधेयक और नीति संबंधी अनेक मामलों में गहन विचार-विमर्श प्रस्तावित होता है। लेकिन जिस तरह से इस बार मानसून सत्र के पहले सरकार ने अपना बेहद अड़ियल रवैय्या अपनाया है, उससे नहीं लगता कि संसद का यह सत्र सुचारू रूप से चल पायेगा।

## पुस्तक चर्चा... अनुभूतियों की सहज अभिव्यक्ति, अनन्त भावनाएँ

कवि कमल पांचाल का प्रथम काव्य-संग्रह 'अनन्त भावनाएँ' उनकी संवेदनशील रचनात्मक यात्रा का प्रारम्भिक पड़ाव है। इस संग्रह में कुल 126 रचनाएँ संकलित हैं, जिनमें मुक्तक, गीत, ईश-वंदना, राष्ट्रभक्ति के गीत, प्रेम-वियोग की अभिव्यक्तियाँ, सामाजिक सरोकारों से जुड़ी रचनाएँ तथा कुछ उर्दू नज़्में भी शामिल हैं। संग्रह की विषय-विविधता कवि के व्यापक भाव-जगत का परिचय कराती है। पुस्तक की विषय-सूची से ही स्पष्ट हो जाता है कि कवि ने भक्ति, प्रेम, राष्ट्र, समाज और लोकजीवन जैसे अनेक आयामों को स्पर्श करने का प्रयास किया है। संग्रह के प्रारम्भ में गणेश, सरस्वती तथा माँ दुर्गा की स्तुतियों के माध्यम से कवि की आस्था मुखर होती है। कवि माँ सरस्वती से प्रार्थना करता है - जन कल्याण हो ध्येय हमारा, परोपकार हो धर्म हमारा, सुख शान्ति सद्भाव जगाएँ, हर घर में हो सदाचार। इन रचनाओं में भक्ति-भाव की सहजता और लोकधर्मी लय पाठक को आकर्षित करती है। आगे चलकर धारा नगरी, जय धारनाथ, भारत की ऊँची शान, जय हिन्द जय भारत जैसी रचनाओं में स्थानीय गौरव और राष्ट्रप्रेम का स्वर समान रूप से उपस्थित है। वहीं आम इंसान हूँ मैं, मंजिल की तलाश और साधना पथ जैसी कविताएँ जीवन-संघर्ष, आशा और सकारात्मक दृष्टि को स्वर देती हैं। कवि की सबसे बड़ी विशेषता उनकी भावों की सहजता और ईमानदारी है। वे कृत्रिम अलंकरणों या जटिल प्रतीकों का सहारा लेने के बजाय अपने मन में उठे भावों को सीधे शब्दों में अभिव्यक्त करते हैं। यही कारण है कि उनकी कविताएँ सामान्य पाठक के निकट पहुँचती हैं और उनमें आत्मीयता का भाव उत्पन्न करती हैं। प्रेम, भक्ति और मानवीय संवेदनाओं की अभिव्यक्ति में यह सहजता विशेष रूप से प्रभावशाली बन पड़ी है। भाषा की दृष्टि से भी संग्रह विविधतापूर्ण है। इसमें मानक हिन्दी के साथ-साथ उर्दू की नज़्में तथा मालवी की रचनाएँ भी सम्मिलित हैं। यह बहुभाषिक स्वर संग्रह को एक अलग पहचान देता है और कवि के भाषिक संस्कारों का परिचय कराता है। यद्यपि यह कवि का प्रथम काव्य-संग्रह है, इसलिए कुछ सीमाएँ भी स्वाभाविक रूप से दिखाई देती हैं। विषयों की अत्यधिक विविधता के कारण संग्रह में




एकरूपता का अभाव महसूस होता है। इसी प्रकार भाषा का स्वरूप भी कहीं हिन्दी, कहीं उर्दू और कहीं लोकभाषा की ओर मुड़ता है, जिससे पुस्तक का समग्र शिल्प कुछ बिखरा हुआ प्रतीत होता है। एक गीत में कवि अपना गम व्यक्त करता है - 'खुद पर ही जुल्म किया हमने तेरा ऐतबार करके। रोए हम बहुत संगदिल इक तुझसे प्यार करके। अनेक रचनाओं में कवि ने भावों को बिना अधिक कलात्मक परिष्कार के सीधे कविता का रूप दे दिया है। परिणामस्वरूप कुछ स्थानों पर बिम्ब-विधान, काव्य-संयम और शिल्पगत कसावट अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुँच पाती। यदि भविष्य में कवि अपनी अनुभूतियों को थोड़े अधिक संपादन, भाषा-संयम और कलात्मक परिष्कार के साथ प्रस्तुत करें तो उनकी रचनाएँ और अधिक प्रभावशाली बन सकती हैं। फिर भी, अनन्त भावनाएँ को एक उत्साहित कवि की सच्ची संवेदनाओं का दस्तावेज़ कहा जा सकता है। इसमें बनावट से अधिक आत्मीयता है और कृत्रिमता से अधिक मन की सच्चाई। यही गुण इस संग्रह को पठनीय बनाते हैं। कमल पांचाल का यह प्रथम प्रयास उनकी साहित्यिक संभावनाओं का संकेत देता है और विश्वास जगाता है कि सतत अध्ययन, अभ्यास और शिल्प-सजगता के साथ वे भविष्य में और अधिक परिपक्व एवं प्रभावशाली काव्य-सृजन करेंगे।

**दैनिक विनय उजाला**



**-श्रीमती अंजनी रावल**
**पुणे (महाराष्ट)**

## काले बादल

आया सावन काले बादल, छा गये चहूँ ओर।
उमड घुमड़ कर मेघ बरसे, मनवा भाव विभोर ।।
घनन- घनन कर आई वर्षा, छाई हरियाली।
मिलकर मीठा गीत सुनाए, कोयल ये काली।।
गरज -बरस कर बरसे मेघ, मन में नाचे मोर।
फूल बाग के महके हैं, पपीहा करे पुकार ।
अनुरागी मन बोल रहा, आ गये सजना द्वार।।
सुध बिसरा गई तन- मन की, कहाँ छुपे चितचोर ।
नील गगन में उड़ रहे पँछी, पंख पसार।
अब धरती अपनी धुन में गाये, राग मल्हार।।
पायल की छम -छम जैसी, बूँदे करती शोर।
निर्झर बहती रहती है, अब नदियाँ की धारा।
प्यार पाने उनको अपना, सागर ने पुकारा।।
हर तरफ बदरवा बरसे, छाई घटा घनघोर।

**दैनिक विनय उजाला**
**- गायत्री शर्मा 'प्रीत'**



## वर्षा ऋतु के दोहे

बादल बरसो झूम के, कृषक उगाएँ धान ।
धरती नाचे झूम के, पहन हरित परिधान ।।
वर्षा की पहचान है, बिजली घटा मल्हार।
बर्षा ऋतु से ही शुरू, होते हैं त्योहार।।
वर्षा होने से सदा, मिटे धरा का ताप।
काले बादल व्योम के, हर लेते संताप।।
पौधों से सज जाए फिर, बागानों की देह।
मन डोले सरसिज सदस, बढ़े प्रकृति से नेह।।
वर्षा से ही खोलतीं, कलियाँ अपनी आँख।
वर्षा से धुलते शतत, वन पाँखी के पाँख।।
वर्षा से सरिता भरे, प्रमुदित होते कूल।
उपवन महके अहर्निश, खिल जाते हैं फूल।।
बिन वर्षा के कृषक की, उड़ जाती है नींद।
वर्षा से ही जुड़ी है, उसकी हर उम्मीद।

**दैनिक विनय उजाला**
**- अरुण नामदेव**
**शहडोल (म.प्र.)**



## अटूट दोस्ती

कृष्ण और सुदामा की अटूट दोस्ती की मिसाल देने वाले हमारे भारत देश में दोस्ती के नाम पर आज जो कुछ भी घटित हो रहा है वह हमने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा। आए दिन अख़बार की सुर्खियां बनती ये ख़बरें की दोस्त ने ही दोस्त की जान ले ली। तो क्या हम अपने बच्चों को यह कहकर इस स्कूल कॉलेज भेजने कि वहाँ तुम कोई दोस्त नहीं बनाना या फिर किसी पर कोई भरोसा मत करना। आज बच्चों को घर परिवार या शहर के बाहर पढ़ाई के लिए या नौकरी के लिए भेजना भी जरुरी है लेकिन जब एक दोस्त ही दोस्त का दुश्मन बन उसका कातिल बन बैठता है तो अभिभावकों के मन में डर बैठ जाना भी वाजिब है।

आज के परिवेश में दिग्भ्रमित होती हमारी युवा पीढ़ी और बिगड़ते हमारे नौनिहालों की जमात के पीछे क्या कारण है इन्हें हमें ही खोजना होगा और उसका सटी समाधान भी हमें ही ढूंढना होगा सिर्फ़ प्रशासन पर आरोप प्रत्यारोप लगाने से हमें कुछ हासिल होने वाला नहीं। जब अभिभावकों को ही इस बात का एहसास नहीं हो पाता कि उनके बच्चों के वे दोस्त जिनका रोज़ उनके घर आना जाना है वही दोस्त कभी उनके बच्चों की क़ातिल भी हो सकते हैं तो फिर कोई दूसरा कैसे ये सब जान पाएगा? हमारे इन युवा होते नौनिहाल को जो कल का हमारा भविष्य है अपराध के दलदल में धकेलने में परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से कहीं न कहीं हमारा ही तो हाथ नहीं है आज इस विषय पर गंभीर और गहन चिंतन की आवश्यकता। आज उन अभिभावकों को अपने बारे में मंथन करना होगा कि क्या उन्होंने अपने करियर सफलता और अपने स्वार्थों से इतर अपने बच्चों के सुनहरे भवितव्य के बारे में भी सोचा कभी? क्या उन्होंने अपने बच्चों को सप्ताह में एक घंटा भी दिया उनके अच्छे बुरे अनुभवों से जुड़ने की कोशिश की कभी? नहीं ना! हाँ पूरे सप्ताह उन्हें लग्ज़री गाड़ी का पेट्रोल डीज़ल और होटल में खाने या क्लब की पार्टियों का ख़र्चा ज़रूर दिया होगा। क्या इतना ही अभिभावकों का अपने नौनिहालों के प्रति कर्तव्य है, यही फ़र्ज़ है उनके प्रति क्या पैसा ही सब कुछ है जीवन में?

हाई सोसायटी के हाई फ़ाई जीवन जीने के आदी हमारी दिशा विहीन युवा होती पीढ़ी ने पैसा कमाने का ज़रिया भी ढूँढ ही लिया और लूट खसोट, हत्या जैसे जघन्य कृत्य से भी वो नहीं हिचकिचाते। आज माता- पिता अपने बच्चों को ऐशो-आराम, सुख-सुविधा के सभी संसाधन जुटा सकने में तो सक्षम है किन्तु समय देने में वे असक्षम है। काश वे यह समझ पाते कि साधन के अभाव में फिर भी उनकी प्रतिभा निखर सकती है किंतु समय के अभाव में तो उनका भविष्य ही बिगड़ जाएगा। इन नासमझ अभिभावकों से मेरी गुज़ारिश है कि वे अपने लाडलों को पैसा देकर बिगाड़ने की अपेक्षा उन्हें अपना अमूल्य समय देकर उनका विश्वास प्राप्त करें और उन्हें एहसास कराएं कि वे हमेशा उनके साथ है। उनके हर फैसलों में वे सोच समझकर अपनी भूमिका वहन करें और हाँ या ना की मुहर लगायें।

समाज को शर्मसार करने वाले इन कृत्यों को अंजाम देने वाली दिग्भ्रमित युवा पीढ़ी पर अभिभावकों के साथ साथ कहीं न कहीं मीडिया का भी प्रभाव है। क्यों नहीं मीडिया इस तरह की दिल दहला देने वाली घटनाओं को समाचार पत्रों की सुख़ीयों में और अङ्क चैनलों के प्रसारण पर रोक लगा पाता है? मीडिया को क्या हासिल हो रहा है इस तरह की वाहियात और हिंसक घटनाओं को मसाले का तड़का लगा कर परोसने से? इस समाज में हो चुकी कई घटनाओं की पुनरावृत्ति में भी कहीं न कहीं मीडिया की ही अहम भूमिका है तभी तो आज समाज में जो कुछ भी घटित हो रहा है वह कुछ नया नहीं है वरन् पुरानी घटनाओं को ही नए संदर्भों में नए पात्रों द्वारा पेश किया जा रहा।

जबकि होना यह चाहिए कि जिन बच्चों ने या युवाओं ने कुछ साहस भरे काम किए हों उन्हें समाचार पत्र की सुर्खियाँ बनाया जाये। जिन्होंने नए कीर्तिमान रचे हो या कुछ अच्छा किया हो जो दूसरों के लिए प्रेरणा बने तो ऐसी बातों को ज़्यादा से ज़्यादा प्रसारित करें ताकि दूसरों के जीवन में भी एक मिसाल क़ायम हो सके। यह कच्ची और एक मासूम उम्र होती ही ऐसी है की जो देखती है वही छवि दिल और दिमाग़ पर अंकित हो जाती है। जिस तरह कुम्हार चाक द्वारा गीली मिट्टी को किसी भी आकार में ढाल लेता है तो उसी तरह मासूम बच्चों को भी सुसंस्कारित कर अच्छा बनाया जा सकता। मीडिया से मेरी गुज़ारिश है कि हिंसक और वाहियात घटनाओं को दिखाना बिलकुल बंद कर दो, बैन लगा दो इन सब पर। फिर किसी का लाड़ला इन विभत्स घटनाओं का शिकार बनता चला जाये इसके पहले ही हमें शिकंजा कसना होगा, लगाम लगानी होगी, अपने भी गिरेबां में झांकना होगा, हमारे संस्कारों पर भी नज़र डालनी होगी, कहीं ऐसा तो नहीं कि हम ही अनजाने में यह कसैले बीज बो बैठे और अब मीठे फल खाने की चाह कर रहे हों। जब पेड़ बोया हो नीम का तो आम की अपेक्षा क्यों कड़वी निंबोली तोअब न चाहते हुए भी निगलनी ही होगी।

**दैनिक विनय उजाला**
**ऊष्मा गोविंद मालू**
**( लेखिका राज्य स्तरीय स्वतंत्र पत्रकार है)**



# कुछ बात कुछ बतंगड़ : आज की बात मूसल के साथ

आइए, आज आपको मिलवाते हैं मूसलचंद जी से। आपको फूलचंद मूलचंद, वरदीचंद अमीरचंद तो मिल जाएँगे, पर मूसलचंद शायद ही मिलें। मिलेंगे भी कैसे? ये वही सज्जन हैं जो हमेशा दाल-भात में ही आ धमकते हैं।

बात कुछ यूँ है कि पहले के ज़माने में गाँवों में बड़े-बड़े सामूहिक भोज हुआ करते थे। आयोजक को यह अंदाज़ ही नहीं होता था कि जीमने कितने लोग आएँगे। बड़े भोज रोज़-रोज़ तो होते नहीं थे, इसलिए उनका इंतज़ार भी लंबे समय तक रहता था। कभी-कभी भोजन कम भी पड़ जाता था। पंगत का नियम था कि सबसे पहले दाल-भात परोसा जाता, उसके बाद सब्ज़ी, पूरी, नुक्ती, भजिए, गुलाबजामुन और आयोजक की श्रद्धा के अनुसार जो कुछ बना हो, वह आता। सब प्रेम से भोजन करते। इन्दौरी भाषा में कहें तो जमकर सूतते थे। यदि भोजन कम पड़ने की नौबत आ जाए तो तत्काल व्यवस्था संभव नहीं होती थी। तब गाँव वालों ने बड़ा व्यावहारिक उपाय निकाला। एक व्यक्ति पंगत के बीच से मूसल लेकर निकल जाता था। मूसल तो आप पहचानते ही होंगे। शब्दकोश की भाषा में कहें तो ओखली में अनाज कूटने वाला भारी-भरकम डंडेनुमा उपकरण। मूसल लेकर निकलने का संकेत साफ़ था- भोजन समाप्त! अब यदि और भोजन चाहिए तो पहले धान कूटा जाएगा, फिर साफ़ होगा, फिर पकेगा और तब कहीं परोसा जाएगा। इसलिए समझदारी इसी में है कि पत्तल में जो है, उसे प्रेम से सूतो और हाथ धोकर पतली गली से लो। ज़रा कल्पना कीजिए, अभी केवल दाल-भात ही परोसा गया हो और तभी कोई मूसल लेकर निकल पड़े! बताइए, क्या गुज़रेगी लोगों के दिल पर? बस, यहीं से चल पड़ा मुहावरा— दाल-भात में मूसलचंद। अर्थात जहाँ आवश्यकता न हो, वहाँ बीच में टपक पड़ना; दो लोगों या किसी महत्वपूर्ण काम के बीच अनचाहे मेहमान की तरह पहुँचकर अपनी बेतुकी राय देकर व्यवधान उत्पन्न करना।

अब ज़रा मूसल के परिवार से भी मिल लीजिए। मूसल से मूसला बना। मूसला अर्थात मूसल जैसी मोटी जड़— जैसे गाजर या मूली। यदि ऐसी जड़ छोटी हो तो वह मूसली कहलाती है, जैसे औषधि वाली सफ़ेद मूसली। पत्थर की खरल में चटनी या दूसरी नरम चीज़ें पीसने वाला छोटा मूसल भी मूसली ही कहलाता है।



**दैनिक विनय उजाला**
**- जयन्त जोशी**
**धार (म.प्र.)**

### अब बात मूसलाधार की

इसका प्रयोग तेज़ वर्षा के लिए विशेषण के रूप में किया जाता है। मूसलाधार वर्षा अर्थात ऐसी वर्षा, जिसमें पानी मानो मूसल की मोटाई जैसी धार बनाकर लगातार बरस रहा हो। यह उपमा भी है और अतिशयोक्ति भी। जैसे-सड़क ठेकेदार के यहाँ रुपयों की मूसलाधार वर्षा हुई, लेकिन असली मूसलाधार वर्षा ने सड़क की गुणवत्ता की पोल भी खोल दी। चलिए, अब ज़रा व्याकरण की भी कुछ टाँग तोड़ लें। यदि कोई विद्यार्थी यह लेख गंभीरता से पढ़ रहा हो तो उसके लिए एक काम की बात। तेज़ वर्षा के लिए मूसलधार और मूसलाधार- दोनों रूप मिल जाते हैं, लेकिन मानक हिन्दी में मूसलाधार अधिक प्रचलित और स्वीकृत है। इसलिए परीक्षा, औपचारिक लेखन और समाचार-पत्रों में मूसलाधार वर्षा ही लिखना उचित माना जाता है। कुछ वेबसाइटों पर मूसलाधार को स्वर-संधि का उदाहरण बताया गया है। पर भाषा-विज्ञान की दृष्टि से यह मत सर्वमान्य नहीं है। संधि वहाँ होती है जहाँ दो स्वर आमने-सामने आते हैं, जबकि यहाँ ऐसी स्थिति नहीं है। विद्वानों का मत है कि मूसलधार का रूप कालांतर में बदलकर मूसलाधार हो गया और वही रूढ़ तथा मानक रूप बन गया। इसलिए इसे स्वर-संधि की अपेक्षा रूढ़ यौगिक (सामासिक) शब्द मानना अधिक तर्कसंगत प्रतीत होता है। अर्थात शब्दों के मेल से उच्चारण-सुगमता के कारण अतिरिक्त 'आ' की ध्वनि जुड़ गई और वही प्रचलित रूप बन गया। तो अगली बार समाचार लिखें या सोशल मीडिया पर स्टेटस डालें, तो लिखिए-आज मूसलाधार वर्षा हुई। और यदि मूसलधार लिख दिया तो वाट्सअप यूनिवर्सिटी के तथाकथित भाषा के पंडित भूरि-भूरि प्रशंसा करें या न करें, भूरी-भूरी निंदा करने का अवसर शायद हाथ से न जाने देंगे। बारिश भले थम जाए, लेकिन व्याकरणाचार्यों की टिप्पणियों की रिमझिम देर तक चलती रहेगी। कोई न कोई भाषा-सेवक आपकी भूल सुधारने का पुण्य अवश्य कमा लेगा क्योंकि आजकल कुछ लोग छाता कम और लाल पेन लेकर ज़्यादा घूमते हैं।

## पहले शरद पवार की एनसीपी का विलय, फिर एनडीए में एंट्री...

# महाराष्ट्र के लिए बीजेपी का प्लान तैयार

## एनसीपी (एसपी) कब करेगी एनडीए का समर्थन... बीजेपी चाहती है एनसीपी के दोनों गुट एकजुट हों

नई दिल्ली, एजेंसी

**महाराष्ट्र में इन दिनों राजनीतिक उथल-पुथल मची हुई है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि शरद पवार की पार्टी एनसीपी एनडीए में शामिल हो सकती है। इन सब के बीच खबर आ रही है कि इसके लिए बीजेपी ने बड़ा प्लान बनाया है।**

सूत्रों ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का हवाला देते हुए कहा कि नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के शरद पवार गुट का नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) के साथ आधिकारिक तौर पर जुड़ने के लिए एनसीपी के दो विरोधी गुटों का फिर से एक होना जरूरी होगा।

**मतभेद सुलझाना पहली शर्त :** सूत्रों के मुताबिक, पार्टी का मानना है कि एनसीपी को एनडीए के साथ करीबी रिश्ते बनाने पर तभी



विचार किया जाएगा जब दोनों गुट अपने मतभेद सुलझा लेंगे और एक हो जाएंगे। सूत्रों का कहना है कि शरद पवार या उनके खास साथियों को अकेले गठबंधन में लाने की कोई खास इच्छा नहीं है।

उधर, महाराष्ट्र में बीजेपी और एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना के साथ मिलकर सरकार चलाने वाली एनसीपी भी अपनी उम्मीदों को लेकर मुखर है। शुक्रवार को पार्टी ने कहा कि उसके कार्यकर्ता चाहते हैं कि अप्रैल में शपथ लेने वाले राज्यसभा सदस्य पार्थ पवार को भविष्य में होने वाले किसी भी कैबिनेट विस्तार के दौरान केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल किया जाए।

**संसदीय गणित इस तरह होगा...** यह नई अटकलें एनडीए सरकार की उस योजना के साथ सामने आई हैं, जिसके तहत सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक पेश किया जाना है। इस विधेयक का मकसद लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करना और नए सिरे से परिसीमन की प्रक्रिया शुरू करना है। एनसीपी (एसपी) के पास लोकसभा में आठ और राज्यसभा में एक सीट है। सरकार के लिए उसका समर्थन या कम से कम उसका तटस्थ रहना अहम साबित हो सकता है।

### चर्चा के बाद होगा फैसला : सुले

पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले ने इस हफ्ते की शुरुआत में कहा कि अगर प्रस्तावित परिसीमन सभी राज्यों में सीटों में एक समान 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी पर आधारित होता तो इसका विरोध करने का कोई खास कारण नहीं होता। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी फैसला इंडी गठबंधन के भीतर आपसी बातचीत के बाद ही लिया जाएगा और पार्टी ने समर्थन का कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सरकारी आवास पर एनसीपी के दोनों गुटों के नेताओं के बीच हुई बैठक के बाद राजनीतिक चर्चाओं ने और जोर पकड़ लिया। सूत्रों के अनुसार, बातचीत किसी पुनर्गठन रणनीति का हिस्सा होने के बजाय विशिष्ट मुद्दों पर केंद्रित थी। एनसीपी (एसपी) नेता जयंत पाटिल ने पुष्टि की कि उन्होंने सांगली जिले में अपने चुनाव क्षेत्र से जुड़े स्थानीय प्रशासनिक मामले पर चर्चा करने के लिए मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। वहीं, पाटिल ने एकनाथ शिंदे से भी मुलाकात की।

## परिसीमन बिल पर एनसीपी के बाद डीएमके के भी बदले सुर, एनडीए को समर्थन के दिए संकेत

चेन्नई। सरकार लोकसभा में सीटें बढ़ाने और 2029 से महिला आरक्षण कानून लागू करने के लिए संविधान संसोधन बिल पास कराने के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत जुटाने की पूरी कोशिश कर रही है। अब इस दिशा में सरकार को एक अहम कामयाबी मिल सकती है। 22 सदस्यों वाली डीएमके ने कहा कि अगर सरकार यह गारंटी दे कि परिसीमन से तमिलनाडु और दूसरे दक्षिणी राज्यों के हितों को नुकसान नहीं होगा और राज्यों का हिस्सा पहले ही साफ कर दिया जाए, तो वह बातचीत के लिए तैयार है। डीएमके के एक सीनियर नेता ने कहा, सरकार को हर राज्य का पक्का हिस्सा बताना चाहिए। इससे दक्षिणी राज्यों को नुकसान होने की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। यही बातचीत का आधार बन सकता है। उन्होंने यह भी साफ किया कि सरकार से अभी कोई औपचारिक बातचीत नहीं हुई है। डीएमके के इस नरम



रुख से एनडीए को उम्मीद जगी है। कुछ ही दिन पहले एनसीपी (शरद पवार) की नेता सुप्रिया सुले ने भी कहा था कि अगर हर राज्य की लोकसभा सीटों में 50 प्रतिशत की एक समान बढ़ोतरी हो, तो उनकी पार्टी बिल का विरोध नहीं करेगी। अप्रैल में इस बिल को लोकसभा में 298 सांसदों का समर्थन मिला था. अब सरकार डीएमके के 22 सांसदों और एनसीपी (शरद पवार) के 8 सांसदों के साथ-साथ अस्ष्ट और शिवसेना (क्ष्क्ष) के बागी सांसदों को भी मनाने की कोशिश करोगी।

वहीं सरकार बिल के ड्राफ्ट में कुछ बदलाव कर सकती है। इसमें गृह मंत्री अमित शाह का वो बयान लिखित रूप से जोड़ा जा सकता है, जिसमें कहा गया था कि हर राज्य में सीटें 50 प्रतिशत बढ़ाई जाएंगी। इससे उन सांसदों को भरोसा दिलाया जा सके जो अभी तय नहीं कर पाए हैं।

### टीएमसी के बगावती 20 सांसदों को भी सर्वदलीय बैठक का न्योता

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने संसद के मानसून सत्र से पहले आयोजित होने वाली सर्वदलीय बैठक के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से अलग होकर नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में शामिल होने वाले 20 सांसदों को भी आमंत्रित किया है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एनसीपीआई के लोकसभा में नेता सुदीप बंद्योपाध्याय को पत्र लिखकर 19 जुलाई को होने वाली फ्लोर लीडर्स की बैठक में शामिल होने का आग्रह किया है। रिजिजू की ओर से 18 जुलाई को लिखे गए पत्र में कहा गया कि सुदीप बंद्योपाध्याय सहित 20 सांसद हाल ही में एनसीपीआई में शामिल हुए हैं और पार्टी को मान्यता देने का अनुरोध लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष विचाराधीन है। इसके बावजूद संसद के सुचारु संचालन और विभिन्न विधायी कार्यों पर चर्चा के उद्देश्य से उन्हें सर्वदलीय बैठक में आमंत्रित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### किन्नर महामंडलेश्वर संजना सिंह ने फूंका चुनावी बिगुल, बोलीं- 'मां पीतांबरा ने मुझे दतिया के लिए चुना'

**दतिया, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के दतिया विधानसभा उपचुनाव में 21 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला अब और दिलचस्प होता जा रहा है। भाजपा, कांग्रेस और आजाद समाज पार्टी के साथ अब भारतीय गण वार्ता पार्टी की प्रत्याशी एवं किन्नर अखाड़े की



महामंडलेश्वर संजना सिंह (संजना नंद गिरि) ने भी चुनावी बिगुल फूंक दिया है। शनिवार को उन्होंने कार्यालय का उद्घाटन किया। अब जल्द ही जनसंपर्क और चुनावी सभाओं की शुरुआत करेंगी। उनके प्रचार अभियान में देशभर से किन्नर अखाड़ों के संतों और उस्तादों के शामिल होने की भी तैयारी है। उनका चुनाव चिन्ह बैटरी टॉर्च है। भोपाल निवासी संजना सिंह ने बताया कि उन्होंने दतिया को नहीं चुना, बल्कि 'मां पीतांबरा ने मुझे दतिया के लिए चुना है।' उन्होंने कहा कि यह चुनाव सिर्फ दतिया की जनता का नहीं, बल्कि पूरे किन्नर समाज की दिशा और दशा तय करने वाला चुनाव है। उनका मानना है कि राजनीति में किन्नर समाज की भागीदारी बढ़ने से लोगों की सोच बदलेगी और भविष्य में लोकसभा तक उनकी मजबूत भागीदारी का रास्ता खुलेगा। संजना ने कहा कि उनका न कोई परिवार है और न कोई उत्तराधिकारी, इसलिए सत्ता उनके लिए निजी लाभ का माध्यम नहीं होगी। वे पूरी निष्ठा से जनता की सेवा करना चाहती हैं। उनका कहना है कि किन्नर समाज वर्षों से जनता के स्नेह और सहयोग से जीवनयापन करता आया है, अब समाज को लौटाने का समय है। स्थानीय मुद्दों पर संजना सिंह ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता भयमुक्त दतिया है। उनका उद्देश्य ऐसा माहौल बनाना है, जहां लोग बिना किसी दबाव और डर के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें और विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव प्रचार में किन्नर समाज के साथ संत समाज भी सक्रिय भागीदारी करेगा। उनके अनुसार यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि दतिया के विकास, सामाजिक बदलाव और सनातन मूल्यों से जुड़े व्यापक संदेश का भी चुनाव है।

### मारमीट मामले में म्हात्रे की जमानत रद्द

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र के कल्याण में नगर निगम के अस्पताल के अंदर डॉक्टर पर हमला करने के मामले में गिरफ्तार हुए शिवसेना पार्षद रमेश म्हात्रे को बड़ा झटका लगा है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने उनकी जमानत रद्द कर दी है। इसके साथ ही हाई कोर्ट ने डॉक्टरों की एसोसिएशन को सोमवार को बुलाई गई राज्यव्यापी हड़ताल वापस लेने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कल्याण के एक अस्पताल में तीन डॉक्टरों की पिटाई के मामले में यह एक्शन लिया है। हाईकोर्ट ने मामले का खुद संज्ञान लिया और मजिस्ट्रेट के फैसले पर हैरानी जताई। एक्टिंग चीफ जस्टिस रवींद्र घुगे और जस्टिस गौतम अंखड की बेंच ने मजिस्ट्रेट के आदेश पर हैरानी जताई। हाईकोर्ट ने साफ कहा कि इस मामले को बहुत हल्के में लिया गया है। अब रमेश म्हात्रे को 19 जुलाई की शाम 5 बजे तक सरेंडर करने का अल्टीमेटम दिया गया है। अगर वह डोंबिवली पुलिस स्टेशन में पेश नहीं होते तो उनकी संपत्ति कुर्क की जा सकती है।

### ओमप्रकाश राजभर रेडियो की तरह, जब चाहो स्टेशन बदलो : यादव

**कौशाम्बी, एजेंसी।** सपा नेता मानसिंह यादव ने उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ओमप्रकाश राजभर द्वारा यादव और मुस्लिम समुदाय को लेकर दिए गए बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने राजभर पर तथ्यों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए उन्हें ऐसा नेता बताया, जिसकी अपनी कोई स्वतंत्र राजनीतिक आवाज नहीं है। मानसिंह यादव ने कहा कि ओमप्रकाश राजभर के बयानों को गंभीरता से लेने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि वे परिस्थितियों के अनुसार अपने विचार बदलते रहते हैं। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि उनके बारे में बात करनी जरूरी है, क्योंकि जो व्यक्ति रेडियो की तरह हो, जिसमें आप कभी भी कोई भी स्टेशन ट्यून कर सकते हैं, वह एक स्वतंत्र व्यक्ति नहीं रह जाता। रेडियो की अपनी कोई मर्जी नहीं होती। आप उसे बीबीसी लंदन या बीबीसी भारती पर ट्यून कर सकते हैं। सपा नेता ने दावा किया कि हाल ही में न्यायालय द्वारा जारी एक लिस्ट ने राज्य सरकार को आईना दिखाने का काम किया है।

### मैं सुखबीर सिंह बादल हूं, न डरता हूं न झुकता हूं

**चंडीगढ़, एजेंसी।** शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने विपक्षीय पार्टियों पर एक साथ तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों दल वर्षों से



शिरोमणि अकाली दल, बादल परिवार और सिख संस्थाओं को कमजोर करने की साजिश रचते रहे हैं। जसवंत सिंह खालड़ा हत्याकांड, बेअदबी, सिख संस्थाओं, एसजीपीसी, श्री अकाल तख्त साहिब और पंजाब की राजनीति का जिक्र करते हुए बादल ने दावा किया कि कांग्रेस और आप ने दोषियों को बचाने का प्रयास किया, जबकि अकाली दल और एसजीपीसी ने न्याय की लड़ाई लड़ी। बादल ने कहा कि पंजाब में लंबे समय से सच को दबाकर झूठ को सच के रूप में पेश करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली आधारित राजनीतिक दल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी लगातार पंजाब की क्षेत्रीय राजनीति और अकाली दल को निशाना बना रहे हैं।

### वसुंधरा ने पूर्व स्पीकर सुमित्रा सिंह से की मुलाकात

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने शनिवार को विधानसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा सिंह के आवास पर जाकर उनका हाल-चाल



जाना। बैठक के दौरान, दोनों अनुभवी नेताओं ने सार्वजनिक जीवन में बिताए अपने वर्षों को याद किया और राजस्थान के राजनीतिक इतिहास के एक अहम अध्याय पर चर्चा की। सुमित्रा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के तौर पर वसुंधरा राजे का कार्यकाल महिला सशक्तीकरण पर जोर देने और उस ऐतिहासिक पल के लिए याद किया जाएगा, जब पहली बार राज्य के तीन सबसे ऊंचे संवैधानिक पदों पर एक साथ तीन महिलाएं आसीन थीं। पूर्व सीएम ने लिखा कि अस्वस्थ चल रहीं 97 वर्षीय पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सुमित्रा सिंह का कुशलक्षेम जानने उनके सी-स्कीम स्थित निवास पर पहुंची। कई दिनों बाद मिलने पर हम दोनों ने पुरानी स्मृतियों को लेकर लंबी चर्चा की। पूर्व स्पीकर ने याद किया कि कैसे 2003 से 2008 के कार्यकाल में राजस्थान में तीन महिलाएं पहली बार प्रदेश के सर्वोच्च पदों पर आसीन थी।

# सोनम वांगचुक मामले में पायलट का प्रहार

## सरकार ने बातचीत के बजाय जबरदस्ती का रास्ता अपनाया

जयपुर, एजेंसी

**कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने शनिवार को केंद्र पर आरोप लगाया कि वह सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से बातचीत करने में नाकाम रही और इसके बजाय जबरदस्ती का रास्ता अपनाया। उन्होंने कहा कि सरकार को शांतिपूर्ण भूख हड़ताल के दौरान उन्हें हटाने के बजाय बातचीत के जरिए उनकी चिंताओं का समाधान करना चाहिए था।**

सचिन पायलट ने टोंक में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यह हैरानी की बात है कि सरकार न तो वांगचुक से बातचीत करने को तैयार है और न ही उनकी मांगों पर विचार करने को, जबकि संसद का सत्र 20 जुलाई से शुरू होने वाला है। उन्होंने दावा किया कि वांगचुक अपनी मांगों को मनवाने के लिए संसद तक मार्च करना चाहते थे, जिससे सरकार में घबराहट पैदा हो गई थी। पायलट ने आरोप लगाया कि वांगचुक की भूख हड़ताल को जनता का व्यापक समर्थन मिला था, खासकर युवाओं का। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी



सरकार से जवाब मांग रहे हैं और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

पायलट ने कहा, शांतिपूर्ण भूख हड़ताल कर रहे व्यक्ति को जबरदस्ती हटाने के बजाय सरकार को बातचीत शुरू करनी चाहिए थी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का रवैया जनता की चिंताओं पर ध्यान न देने और बचाव की मुद्रा अपनाने वाला था। उन्होंने दावा किया कि इतनी लंबी भूख हड़ताल के बाद सरकार की प्राथमिकता मुद्दों पर चर्चा करने और उठाई गई चिंताओं को हल करने की दिशा में काम करने की होनी चाहिए थी। इसके बजाय उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने मांगों को पूरा करने के बजाय प्रदर्शनकारी को हटाना बेहतर समझा।

### सोनम की गिरफ्तारी के लिए बदला दिल्ली पुलिस कमिश्नर




आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शनिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को इसलिए बदला ताकि 20 जुलाई को संसद तक प्रस्तावित मार्च से पहले सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को गिरफ्तार किया जा सके। गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अनुराग कुमार को सतीश गोलचा के स्थान पर दिल्ली पुलिस का नया कमिश्नर नियुक्त किया। एक वीडियो मैसेज में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया कि सोनम वांगचुक कथित पेपर लीक से प्रभावित लाखों युवाओं की आवाज को उठाते हुए 21 दिनों की भूख हड़ताल पर थे। संजय सिंह ने कहा, 59 साल के सोनम वांगचुक पिछले 21 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। वे अपनी जान जोखिम में डालकर देश के लाखों युवाओं की आवाज उठा रहे हैं। उन युवाओं की आवाज जो 93 पेपर लीक से बर्बाद हो गए, जो असहाय थे और जिनके लिए आवाज उठाने वाला कोई नहीं था।

# पिछली सरकारें अभी होतीं तो बंद हो गया होता यूपी का चीनी उद्योग : योगी

अमरोहा, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि 2017 से पहले विकास, औद्योगिक निवेश व किसानों को गन्ना भुगतान संभव नहीं था। 2007 से 2017 के बीच सरकारों ने 29 चीनी मिलों को बंद किया था और 21 चीनी मिलों को औने-पौने दाम पर बेच दिया था। यदि वे सरकारें अभी होतीं तो अब तक यूपी का चीनी उद्योग बंद हो चुका होता।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार 122 चीनी मिलों का संचालन कर रही है। 3.23 लाख करोड़ रुपए का गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है। गन्ना मूल्य भी बढ़कर 400 रुपये प्रति कुंतल हो गया है। यूपी अब चीनी, गन्ना, एथेनॉल उत्पादन करने वाला नंबर-वन राज्य है। सीएम योगी शनिवार को वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, गजरौला में अमरोहा व धनौरा विधानसभा क्षेत्र के लिए 207 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 43 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के उपरांत जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि कांग्रेस के एक प्रधानमंत्री ने अपनी लाचारगी जताते हुए कहा था कि 100 में से 85 पैसे ही नीचे जनता तक



पहुंचते हैं। यह छात्रवृत्ति, किसान सम्मान निधि, गरीब के राशन, आवास, पेंशन, शौचालय का पैसा था, जिस पर सपा व कांग्रेस वाले डकैती डालते थे। अब डबल इंजन सरकार में गरीब को पूरी रकम सीधे उसके बैंक खाते में मिलती है।

उन्होंने कहा कि किसानों-नौजवानों के हित में सरकारें आती हैं तो हर वर्ग के विकास के लिए कार्य होता है। जहां खानदान का कब्जा हो और एक ही परिवार सभी पदों पर काबिज हो, वहां विकास नहीं हो सकता। आपने राजीव तरारा व महेंद्र सिंह खड़गवंशी जैसे अच्छे विधायकों व कंवर सिंह तंवर को सांसद चुना तो विकास कार्य हो रहे हैं। सीएम ने कहा कि हमारे विधायक निरंतर विकास के प्रस्ताव लेकर लखनऊ आते हैं। अमरोहा सदर व नौगावां सादात वाले शासन में पैरवी नहीं करते, वे जीतने के बाद रजाई तानकर सो गए। जनता ने इन दोनों क्षेत्रों में भी कमल खिलाया होता तो विकास की गति कई गुना बढ़ जाती।

## 20 जुलाई से शुरू हो रहा है मानसून सत्र

# तेजस्वी यादव के गायब रहने पर बिहार की राजनीति गरमाई, बीजेपी-जेडीयू का निशाना

पटना, एजेंसी

**बिहार विधानसभा का पांच दिवसीय मानसून सत्र शुरू होने से पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की विदेश यात्रा सियासी मुद्दा बन गई है।**

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के बीच अब तक उनके प्रचार में नहीं उतरने और मानसून सत्र में शामिल होने को लेकर बने संशय पर बीजेपी और जेडीयू ने तीखा हमला बोला है। सत्ता पक्ष इसे विपक्ष की जिम्मेदारी से जोड़कर सवाल उठा रहा है। बता दें कि 20 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र की अवधि केवल 5 दिनों की है और ऐसे में तेजस्वी यादव की अनुपस्थिति को लेकर सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एनडीए नेताओं का आरोप है कि तेजस्वी यादवबिहार में राजनीति और



विदेश में छुट्टी का एक नया मॉडल लेकर आए हैं, जो न सिर्फ सदन का बल्कि बिहार की जनता का भी सीधा अपमान है।

**बांकीपुर उपचुनाव को भी बनाया मुद्दा :** बता दें कि तेजस्वी यादव विदेश यात्रा पर हैं। ऐसे में उनके मानसून सत्र में शामिल होने को लेकर भी संशय बना हुआ है। इसी मुद्दे को लेकर बीजेपी और जेडीयू लगातार हमलावर हैं। सत्ता पक्ष का कहना है कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में राजद की उम्मीदवार प्रचार कर रही हैं, लेकिन पार्टी के सबसे बड़े नेता अब तक चुनाव प्रचार में नहीं पहुंचे हैं। बीजेपी और जेडीयू का आरोप है कि चुनाव जैसे महत्वपूर्ण समय में नेता प्रतिपक्ष का विदेश में होना राजनीतिक प्राथमिकताओं पर सवाल खड़ा करता है। हालांकि, यह भी स्पष्ट नहीं है कि तेजस्वी यादव की विदेश यात्रा निजी है या पूर्व निर्धारित कार्यक्रम का हिस्सा। राजद की ओर से इस पर विस्तृत स्पष्टीकरण का इंतजार है।

### बीजेपी का तेजस्वी यादव पर निशाना

बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने तेजस्वी यादव की विदेश यात्रा पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह राहुल गांधी को अपना आदर्श मानते हैं। उनके मुताबिक राहुल गांधी विदेश यात्रा से लौट आए हैं, लेकिन तेजस्वी यादव अभी भी विदेश में हैं। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि बांकीपुर में उनकी पार्टी की उम्मीदवार अकेले प्रचार कर रही हैं, जबकि तेजस्वी यूरोप में हैं।

### बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव जीत रहे हैं : शक्ति

**पटना, एजेंसी।** बिहार के बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा, जनसुराज और राजद प्रत्याशी के बीच टक्कर है। इन दलों के प्रत्याशी लगातार डोर-टू-डोर कैंपेन कर जनसमर्थन जुटाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी बीच, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता शक्ति यादव ने दावा किया है कि उनकी पार्टी बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव जीत रही है। पटना में राजद नेता शक्ति यादव ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए दावा किया कि भाजपा का किला ध्वस्त होने वाला है। राजद प्रत्याशी रेखा गुप्ता के डर से भाजपा ने तो अपना उम्मीदवार बदल दिया। तेजस्वी यादव के नेतृत्व में जनता को एक अच्छा जनप्रतिनिधि मिलने वाला है। बांकीपुर का दलित-पिछड़ा मुसलमान भाजपा को नकार कर राजद प्रत्याशी को जीत की माला पहनाने वाला है। दूसरी ओर, संसद सत्र का जिक्र करते हुए राजद नेता ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल संसद के इस सत्र के दौरान महंगाई, बेरोजगारी, सीमा सुरक्षा, अर्थव्यवस्था का कमजोर होना, देश पर बढ़ता कर्ज का बोझ, प्रशासनिक अराजकता जैसे मुद्दों को जोर-शोर से उठाएगा। अगर सरकार वंदे मातरम् को लेकर कानून लाना चाहती है तो यह उसका फैसला है।

## इस्तीफा देने का मृत्युंजय तिवारी ने बताया कारण

# 'अपमानित होकर राजनीति नहीं कर सकता... कुछ लोग दीमक की तरह पार्टी को चाट रहे'

नई दिल्ली, एजेंसी

**बिहार के राजनीति में एक बड़ी घटना सामने आ रही है। बांकीपुर उपचुनाव से पहले लालू यादव की राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) को बड़ा झटका लगा है।**



आरजेडी के लंबे समय से वफादार नेता मृत्युंजय तिवारी ने अचानक इस्तीफा दे दिया है। मृत्युंजय तिवारी ने आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल से मिलकर पार्टी के प्रवक्ता समेत सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि यह इस्तीफा क्यों दिया गया, अभी इसे लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इस बीच औरंगाबाद से आरजेडी सांसद अभय कुशवाहा के भी भाजपा के संपर्क में होने की चर्चा ने राज्य की राजनीति का पारा बढ़ा दिया है।

लंबे समय से चल रहे थे नाराज दरअसल मृत्युंजय तिवारी पिछले कुछ समय से आरजेडीमें अपनी भूमिका और संगठन में मिल रहे अहमियत को लेकर नाराज चल रहे थे। बार-बार वह अपनी शिकायत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से कर रहे थे लेकिन किसी ने उनकी बातों को तवज्जो नहीं दी। इस कारण उन्होंने पार्टी छोड़ने का फैसला लिया। उनके इस इस्तीफे को आरजेडी के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि वे लंबे समय से राज्य में पार्टी का प्रमुख चेहरा रहे हैं। वीडियो में मृत्युंजय तिवारी ने कहा आज मैंने राष्ट्रीय जनता दल के सभी पदों से त्यागपत्र दे दिया है।

## पूर्वोत्तर भारत अध्ययन समूह का वैचारिक प्रबोधन

# संघ कभी सूर्यास्त नहीं देखता, सदैव चिरयुवा रहता है : प्रो. सिन्हा

गुवाहाटी, एजेंसी

राज्यसभा के पूर्व सांसद, चिंतक एवं लेखक प्रो. राकेश सिन्हा ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) एक ऐसा संगठन है, जो कभी सूर्यास्त नहीं देखता, बल्कि सदैव सूर्योदय के साथ उपस्थित रहता है। उन्होंने कहा कि संघ कभी वृद्ध नहीं होता और समय के साथ स्वयं को निरंतर नवीनीकृत करते हुए सदैव चिरयुवा बना रहता है।

गुवाहाटी के पलटन बाजार स्थित केशव धाम के शंकरदेव




सभागार में पूर्वोत्तर भारत अध्ययन समूह की ओर से आयोजित वैचारिक प्रबोधन कार्यशाला के अंतर्गत विशेष व्याख्यान कार्यक्रम में प्रो. सिन्हा ने यह बात कही। कार्यक्रम का विषय परम पूजनीय डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार : संघ कार्य की शताब्दी प्रेरणा था, जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षाविद, शोधार्थी, स्वयंसेवक और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। 'अंडरस्टैंडिंग आरएसएस एंड डॉ. के.बी. हेडगेवार पुस्तक के लेखक प्रो. राकेश सिन्हा ने अपने व्याख्यान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन, व्यक्तित्व, संगठनात्मक दृष्टि और विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. हेडगेवार व्यक्तिपूजा और व्यक्तिवाद के विरोधी थे। उनका मानना था कि किसी भी संगठन की वास्तविक शक्ति उसके कार्यकर्ताओं की समान भागीदारी, अनुशासन और समर्पण में निहित होती है।

### समाज का संगठन और मानव कल्याण

प्रो. सिन्हा ने कहा कि डॉ. हेडगेवार के प्रत्येक संगठनात्मक प्रयोग का मूल उद्देश्य समाज का संगठन और मानव कल्याण था। उन्होंने कहा कि समाज को जाति, भाषा, क्षेत्र और संकीर्ण पहचान के आधार पर विभाजित करने वाली प्रवृत्तियां राष्ट्रीय एकता के लिए चुनौती हैं। सिन्हा ने सभी नागरिकों से जाति, अस्पृश्यता, क्षेत्रीयता और भाषाई भेदभाव जैसी संकीर्णताओं से ऊपर उठकर स्वयं को भारत माता की संतान मानने और सामाजिक समरसता तथा राष्ट्रीय एकता के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज में स्थायी परिवर्तन केवल सकारात्मक वैचारिक जागरण और सामाजिक संगठन के माध्यम से ही संभव है। प्रो. सिन्हा ने कहा कि केवल बाहरी धार्मिक आक्रामकता या किसी संकट के कारण उत्पन्न एकता स्थायी नहीं होती। समाज की वास्तविक एकता उसके साझा सांस्कृतिक मूल्यों, पारस्परिक विश्वास और राष्ट्रीय चेतना पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और शासन दो अलग-अलग संस्थाएं हैं तथा संघ की विचारधारा किसी भी सरकार या शासक की इच्छा के अनुसार संचालित नहीं होती।

## संक्षिप्त समाचार

### 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से समाज परिवर्तन का दिया संदेश



**बड़वानी,निप्र।** सेवा, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शासकीय आदर्श महाविद्यालय, बड़वानी की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए अभिमुखीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.प्रमोद पंडित ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जित करना नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करना भी है। राष्ट्रीय सेवा योजना और पौधारोपण जैसे अभियान विद्यार्थियों में सेवा, समर्पण और पर्यावरण संरक्षण के संस्कार विकसित करते हैं। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ.रंजना चौहान, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, बड़वानी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को केवल स्वयंसेवक नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन का सशक्त वाहक बनाती है। उन्होंने कहा कि हस्स्युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व, संवेदनशीलता और राष्ट्रभक्ति जैसे जीवन मूल्यों का विकास करती है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रो.आर.आर. मुवेल, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना, उद्देश्य, नियमित गतिविधियाँ, सात दिवसीय विशेष शिविर, स्वयंसेवकों को मिलने वाले अवसर, प्रमाण-पत्रों की उपयोगिता तथा पंजीयन प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि NSS केवल एक योजना नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक सकारात्मक सोच है। उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों से अधिकाधिक संख्या में NSS से जुड़कर महाविद्यालय एवं समाज की सेवा में सहभागी बनने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ.सुनीता सोलंकी ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

### एनटीपीसी का नवाचार : सीएसआर पहल के अंतर्गत बरकन्या शासकीय प्राथमिक विद्यालय का लोकार्पण

**खरगोन,निप्र।** हर च्चे के सपनों की शुरुआत एक पाठशाला से होती है—एक ऐसी जगह जहाँ केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि जिज्ञासा को प्रोत्साहन, आत्मविश्वास को मजबूती और उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी जाती है। इसी विश्वास के साथ, एनटीपीसी खरगोन ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के अंतर्गत आरसी ग्राम पंचायत के बरकन्या स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण कर विद्यालय को ग्राम समुदाय को समर्पित किया है। यह पहल बच्चों के लिए एक सुरक्षित, प्रेरणादायी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लगभग 27.98 लाख की लागत से विकसित इस विद्यालय में दो सुसज्जित कक्षाएँ, एक कॉमन रूम, दो शौचालय, विद्युत एवं प्लम्बिंग व्यवस्था, विद्यार्थियों के लिए डेस्क-बेंच, शिक्षकों हेतु फर्नीचर, सुरक्षित परिधि दीवार, झूलों सहित खेल क्षेत्र तथा विद्यालय की दीवारों पर शैक्षणिक चित्र एवं लेखन जैसी आधुनिक सुविधाएँ विकसित की गई हैं। इन सुविधाओं ने विद्यालय को एक आकर्षक, सुरक्षित और बाल-अनुकूल शिक्षण परिसर का स्वरूप प्रदान किया है। इस उन्नत विद्यालय से लगभग 30 विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। बेहतर आधारभूत सुविधाओं के कारण बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं सीखने की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। साथ ही, पूर्व में आधारभूत सुविधाओं के अभाव के कारण अपने बच्चों को विद्यालय भेजने में संकोच करने वाले अभिभावकों का विश्वास भी बढ़ेगा, जिससे भविष्य में विद्यालय में नामांकन में वृद्धि होने की अपेक्षा है।

### जीवन कौशल शिक्षा से सशक्त होंगे विद्यार्थी, शिक्षकों को मिला प्रभावी प्रशिक्षण

**खरगोन,निप्र।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत जिला खरगोन के विकासखण्ड खरगोन स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खरगोन में वर्ष-03 के पाठ्यक्रम पर आधारित एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण के द्वितीय बैच का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में शिक्षकों को जीवन कौशल आधारित शिक्षा, जेंडर समानता तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर व्यवहारिक एवं प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रतिभागियों के स्वागत, कल्चर सेटिंग एवं उत्साहवर्धक एनर्जाइजर गतिविधि के साथ हुआ। पूरे प्रशिक्षण के दौरान सहभागी एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण पद्धति अपनाई गई, जिससे शिक्षकों ने विषयों को गहराई से समझा और विद्यालय स्तर पर उनके प्रभावी क्रियान्वयन की रणनीतियों पर चर्चा की। प्रशिक्षण में वर्ष-03 के पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी देने के साथ सेक्स और जेंडर की अवधारणाओं को स्पष्ट किया गया तथा विद्यालयों में जेंडर समानता का सकारात्मक वातावरण विकसित करने पर विशेष बल दिया गया। इसके अलावा नए जीवन कौशलों एवं क्षमताओं, पिछले दो वर्षों की उपलब्धियों और अनुभवों की समीक्षा की गई। डेमो सेशन, SBT तथा समूह कार्य के माध्यम से शिक्षकों ने व्यवहारिक अभ्यास कर कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के सुझाव साझा किए। इस अवसर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी विष्णु पाटीदार एवं सक्षम नोडल अधिकारी अजय गुप्ता ने प्रशिक्षण में सहभागिता करते हुए शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया।

### घरों में चोरी करने वाले मण्डलेश्वर पुलिस की गिरफ्त में

**खरगोन,निप्र।** मण्डलेश्वर थाना क्षेत्र के झापड़ी , चोली और वसूली कुंडिया में सुने घरों में दिनदहाड़े होने वाली चोरियों को लेकर मण्डलेश्वर थाने में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक क्रमश: 150/26, 168/26, 169/26 धारा 331(3), 305(ए) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मण्डलेश्वर थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चोरी करने वाले चोरों की तलाश में निकल पड़ी।जानकारी मिली कि चोरियों में धार जिले के उखालदा और उमरबन के रहने वाले तालिब पिता हामिद खान उम्र 23 साल का हाथ है। पुलिस टीम ने तालिब पिता हामिद खान को पकड़ा, जिसने तीनों चोरियों की जाना स्वीकार किया ।पुलिस टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर उसके पास से लगभग 2,40,000/- रुपये मुल्य के जेवर , 02 जोड़ सोने की झुमकी, 02 सोने के पेंडल, 20 सोने के मोती एक चांदी का कमरबंद दो जोड़ चांदी की पायल एक चांदी का सिक्का और एक चांदी की अंगूठी के साथ साथ 45000 हजार रुपए नगदी और घटना में उपयोग की गई लगभग 50,000/- रुपये मुल्य मोटरसाईकिल और 01 लोहे की टमी, कुल 3,36,000 रूपये को अपनी सुपूर्दगी में लेकर आरोपित न्यायालय पेश किया गया। गिरफ्तारशुदा आरोपियों में तालिब पिता हामिद खान है।

# नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान में मोटर साइकिल जागरूकता रैली का आयोजन

विनय उजाला





**सेंधवा/बड़वानी, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पूरे मध्य प्रदेश में संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत, बड़वानी पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में थाना सेंधवा शहर पुलिस द्वारा एक भव्य मोटरसाइकिल जागरूकता रैली एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आमजन को नशे के सामाजिक, मानसिक, शारीरिक और आर्थिक दुष्परिणामों के प्रति सचेत कर एक नशामुक्त समाज का निर्माण करना है।**

**सेंधवा के प्रमुख मार्गों से गुजरी भव्य रैली :** कार्यक्रम के तहत सेंधवा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर एक विशाल मोटरसाइकिल जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, प्रबुद्ध नागरिकों और स्कूली बच्चों ने बड़ी संख्या में और अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया। रैली के माध्यम से जन-जन तक नशामुक्ति का प्रभावी संदेश पहुंचाया गया और समाज से इस बुराई को जड़ से खत्म करने का आह्वान किया गया।

**थाना परिसर में हुआ मुख्य आयोजन; दिलाई गई शपथ:** रैली के समापन के बाद थाना सेंधवा शहर परिसर में मुख्य जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सांदीपनि विद्यालय की छात्राओं, नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों और आम नागरिकों ने सहभागिता की।

**जागरूकता संवाद :** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को नशे से होने वाले नुकसानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। युवाओं से अपील की गई कि वे नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों में अपना मन लगाएं।

**नशामुक्ति की ली शपथ**

क्षेत्रीय विधायक व अन्य अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम में शामिल सभी छात्र-छात्राओं, पुलिस अधिकारियों और नागरिकों को नशामुक्ति की सामूहिक शपथ दिलाई गई। सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। पुलिस द्वारा जनता को लगातार जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटकों, स्कूलों में संवाद और विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन भी निरंतर किया जा रहा है ताकि लोग हर प्रकार के नशे (जैसे गुटका, शराब व अन्य नशीले पदार्थ) से दूर रहें।

**ये रहे उपस्थित**

इस गरिमामय कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर, वनमंडलाधिकारी आई.एस.गड़रिया, क्षेत्रीय विधायक मोंटू सोलंकी, एसडीओपी सेंधवा अजय वाघमारे, नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन जोशी, थाना प्रभारी सेंधवा शहर निरीक्षक दिनेश सिंह कुशवाह, थाना प्रभारी सेंधवा ग्रामीण निरीक्षक ओमप्रकाश चोंगड़े, नगर सुरक्षा समिति के सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी, पत्रकारगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## नशे की लत छीन लेती है बुद्धि, स्वास्थ्य और भविष्य : प्रकाश मालवीया

विनय उजाला

**झिरनिया,निप्र।** शासकीय महाविद्यालय झिरन्या में प्रदेशव्यापी 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान के अंतर्गत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में गायत्री परिवार के कार्यकर्ता एवं समाजसेवी श्री प्रकाश मालवीया ने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा केवल एक बुरी आदत नहीं, बल्कि ऐसा अभिशाप है जो धीरे-धीरे व्यक्ति की बुद्धि, स्वास्थ्य, परिवार, सम्मान और उज्ज्वल भविष्य को नष्ट कर देता है। इसकी शुरुआत अक्सर शौक से होती है, जो समय के साथ आदत और फिर लत में बदल जाती है। जब तक व्यक्ति संभलता है, तब तक वह अपने जीवन की बहुमूल्य उपलब्धियाँ खो चुका होता है। अनेक बार नशा व्यक्ति की असमय मृत्यु का कारण भी बन जाता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य प्रो. अनारसिंह डावर ने कहा कि नशा शारीरिक ही नहीं, मानसिक स्वास्थ्य पर भी गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। चिंता, चिड़चिड़ापन, अवसाद, अनिद्रा और मानसिक तनाव जैसी समस्याएँ नशे की देन हैं। स्वस्थ और सफल जीवन के लिए युवाओं को नशे से पूर्णत: दूर रहना चाहिए। डॉ. प्रवीण मालवीया ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में होने वाली अनेक हिंसक घटनाओं, सड़क दुर्घटनाओं, हत्या, बलात्कार तथा अन्य गंभीर अपराधों के पीछे नशा एक प्रमुख कारण के रूप में सामने आता है। प्रो.रिंकू भार्वे ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि कोई नशा करना ही है तो मेहनत, अध्ययन, सफलता, सेवा और देशभक्ति का नशा करें। यही नशा व्यक्ति को ऊँचाइयों तक पहुँचाता है और समाज व राष्ट्र के निर्माण में उसकी सार्थक भूमिका सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम में अमन यादव, बसन कन्नौजे, झिनला कन्नौजे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुबोध व्यास ने किया तथा आदिल शेख ने आभार व्यक्त किया।



## भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री का अंजड़ नगर में हुआ आगमन, नगरी माता पर किया पौधारोपण

विनय उजाला

**बड़वानी,निप्र।** भाजपा मीडिया प्रभारी पं. विमल शर्मा ने बताया कि बड़वानी भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री एवं निमाड़ संभाग प्रभारी अंतरराष्ट्रीय पहलवान बलवंत भाटी के जिले के आगमन के अवसर पर अंजड़ भाजपा मंडल के द्वारा जिनका स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर दोपहर 2.00 बजे की सबसे नगर की प्रख्यात नगरी माता पहाड़ी पर माता जी के दर्शन कर पौधारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए इस दौरान श्री भाटी ने भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की गई। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी अंजड़ मंडल अध्यक्ष ऋतुराज सिंह तोमर पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष हरीश मुकाती जिला



मिडिया प्रभारी सुनील भावसार सांसद प्रतिनिधि सुरेन्द्र गेहलोत भगतसिंह सोलंकी अरूण परमार सुरेश दादा जैन शेखर गुरू जैन राजेन्द्र भावसार मंडल महामंत्री ललित पाटीदार अश्विन राठौड़, हितेश राठौड़, रविन्द्र यादव सहित अनेकों भाजपा जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्टेट हाईवे पर पेट्रोलिंग बढ़ाएं थाना प्रभारी : अटोदे

### नवागत एसडीओपी ने पानसेमल-निवाली थानों का किया अवलोकन

विनय उजाला





**पानसेमल,निप्र।** राजपुर क्षेत्र के नवागत एसडीओपी बी.एल.अटोदे द्वारा पदभार ग्रहण के बाद निवाली पानसेमल थाने पर भ्रमण कर थाना प्रभारियों को अपराध, यातायात एवं पेट्रोलिंग बढ़ाने के आवश्यक निर्देश दिए तथा एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत थाना पानसेमल द्वारा खांडसारी मोहल्ला स्थित झुग्गी-झोपड़ी एवं चिन्हित क्षेत्र में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहवासियों को जागरूक किया।

एसडीओपी राजपुर बद्रीलाल अटोदे एवं थाना प्रभारी पानसेमल उप निरीक्षक विजय रावत द्वारा आमजनो को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित जनों को नशे के आदी व्यक्तियों एवं उनके परिजनों को नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों की जानकारी,आवश्यक सुझाव दिए गए तथा उपस्थित नागरिकों को नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई गई। साथ ही सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से नशे से प्रभावित व्यक्तियों को परामर्श एवं चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराने संबंधी जानकारी भी साझा की गई। पानसेमल थाने पर स्टाफ से परिचय प्राप्त कर थाना क्षेत्र की जानकारी प्राप्त की।निवाली थाना प्रभारी वीर बहादुरसिंह, खेतिया थाना प्रभारी सुरेंद्र कनेश एवं पानसेमल थाना प्रभारी विजय रावत से स्टेट हाइवे पर पेट्रोलिंग बढ़ाने की चर्चा की।

## आबकारी विभाग ने की अवैध मदिरा की रोकथाम के लिए कड़ी कार्यवाही

विनय उजाला



**बड़वानी,निप्र।** जिले में अवैध मदिरा पर रोकथाम के लिये कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह द्वारा सतत् कार्यवाही के निर्देश दिये है। निर्देश के पालन में जिला आबकारी अधिकारी अशोक कुमार खत्री के मार्गदर्शन में एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती अभिलाषा वर्मा के नेतृत्व में आबकारी वृत-राजपुर के उपनिरीक्षक कमलेश बामनिया द्वारा 17 जुलाई को संयुक्त बल द्वारा कार्रवाई की गई ।

कार्यवाही के दौरान राजपुर के शेरा ढाबा, गर्व होटल, बिलवानी में किराणा दुकान एवं उमरिया में महाकाल ढाबा व अन्य स्थानो पर तलाशी के दौरान म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)ए के तहत 7 प्रकरण पंजीबद्ध कर 7.02 बल्क लीटर देशी मदिरा, 19.6 बल्क लीटर विदेशी मदिरा, 28 बल्क लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 120 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया, जिसकी अनुमानित कीमत 25 हजार 547 रूपये है। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षणक कमलेश बामनिया, दिलीप जायसवाल, प्रधान आरक्षक इरफान अली, प्रदीप भावसार, श्रीमती गंगा सोलंकी एवं आरक्षक सुश्री प्रिया सूल्या का विशेष योगदान रहा है।

### महेश्वर के काकड़दा-बाकानेर को मिली विकास की बड़ी सौगात

## विधायक राजकुमार मेव ने किया 1.36 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण

विनय उजाला



**महेश्वर,निप्र।** महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम काकड़दा एवं बाकानेर में शनिवार को विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव ने लगभग 1 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से निर्मित माध्यमिक विद्यालय भवन, नवीन पंचायत भवन तथा बाकानेर उपस्वास्थ्य केंद्र का विधिवत लोकार्पण किया।

इस अवसर पर विधायक राजकुमार मेव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रशासनिक सुविधाओं का सुदृढ़ होना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इन विकास कार्यों के शुरू होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा, ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अधिक सुलभ होगा तथा पंचायत स्तर पर प्रशासनिक कार्यों के संचालन में भी सुविधा और पारदर्शिता आएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है और हर गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने ग्रामीणों से विकास कार्यों के संरक्षण एवं बेहतर उपयोग की अपील करते हुए कहा कि जनभागीदारी से ही विकास योजनाएं सफल होती हैं। क्षेत्र में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीणों का जीवन स्तर बेहतर हो सके। कार्यक्रम में जनपद पंचायत महेश्वर के अध्यक्ष अशोक डाबर, भाजपा महेश्वर मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता मोहन गोले, भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री चंदन भूरिया, अजजा मोर्चा खरगोन के जिला महामंत्री राजेंद्र मोहन गिरवाल, दयाराम मुवेल, कैलाश यादव, सरपंच कमल चौहान, सरपंच राजेश मकवाने, सचिव गोपीचंद मंशोरे, सहायक सचिव कमल गोले, अमीचंद खदेड़ा, पुष्पेंद्र पटवा, संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा भाजपा के वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं प्रशासनिक सुविधाओं को मजबूत करने वाले इन विकास कार्यों के लिए विधायक सहित शासन का आभार व्यक्त किया। स्थानीय नागरिकों ने विश्वास जताया कि इन निर्माण कार्यों से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी, शासकीय सेवाओं की पहुंच बढ़ेगी तथा आने वाले वर्षों में हजारों ग्रामीणों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला बैठक संपन्न, प्रदेश मंत्री बलवंत भाटी बोले-

# 'कार्यकर्ता ही भाजपा का असली परिवार'

विनय उजाला



**बड़वानी,निप्र।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं निमाड़ संभाग प्रभारी बलवंत भाटी का शनिवार को पहली बार बड़वानी जिला मुख्यालय पर आगमन हुआ।उनके स्वागत में जिला भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया।

जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष हरीश मुकाती के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला पहनाकर एवं गुलदस्ते भेंट कर प्रदेश मंत्री का स्वागत किया।जिला भाजपा मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि इसी दौरान भाजपा कार्यालय पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक भी आयोजित की गई।बैठक का शुभारम्भ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

**भाजपा में योग्यता को मिलता है सम्मान :** बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री बलवंत भाटी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो छोटे से छोटे कार्यकर्ता को उसकी मेहनत और योग्यता के आधार पर बड़ा दायित्व सौंपती है। उन्होंने कहा, भाजपा में परिवारवाद के लिए कोई स्थान नहीं है। यहां कार्यकर्ता ही पार्टी का परिवार है। यही कारण है कि आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। भाटी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की रीति-नीति और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक, विशेषकर बूथ स्तर तक पहुंचाने का संकल्प लें।

**जमीनी स्तर पर उतरेंगे सभी कार्यक्रम - हरीश मुकाती :** जिला अध्यक्ष हरीश मुकाती ने प्रदेश संगठन से प्राप्त निर्देशों एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि सभी कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर उतारकर संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हर बूथ पर सक्रियता बढ़ाने और पिछड़ा वर्ग के हितों को पार्टी के मंच से प्रमुखता से उठाने का आग्रह किया।

**2003 से अब तक के विकास कार्यों पर चर्चा:** इस अवसर पर पूर्व सीसीबी उपाध्यक्ष राजेन्द्र भावसार और प्रदेश आईटी प्रभारी जीतू यादव ने भी संबोधित किया। दोनों नेताओं ने 2003 से पूर्व की स्थिति और वर्तमान भाजपा सरकार के कार्यकाल की तुलना करते हुए कहा कि पिछले दो दशकों में प्रदेश में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है।

## राजपुर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी

राहुल गुप्ता

■ निरीक्षण के दौरान अधिकारी सहित अधिकांश कर्मचारी मिले अनुपस्थित

■ वेतन कटौती और अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी

**बड़वानी/राजपुर,निप्र।** महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने राजपुर महिला एवं बाल विकास परियोजना की परियोजना अधिकारी श्रीमती अर्चना तोमर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। भाजपा के नेता व सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र ठक्कर कार्यालय पहुँचे तो 17 जुलाई 2026 को हुए आकस्मिक निरीक्षण में परियोजना अधिकारी सहित अधिकांश कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए।

जारी नोटिस के अनुसार कार्यालय का समय प्रात: 10 बजे निर्धारित है, लेकिन निरीक्षण के दौरान केवल एक कर्मचारी उपस्थित मिला, जबकि अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित थे। इसे शासन के निर्देशों की अवहेलना तथा कार्य के प्रति गंभीर लापरवाही माना गया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने नोटिस में उल्लेख किया है कि यह कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के प्रावधानों के विपरीत है। इसलिए संबंधित दिवस को कार्य न करने के आधार पर अवैतनिक मानते हुए एक दिन का वेतन काटने का प्रस्ताव किया गया है। परियोजना अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि नोटिस प्राप्त होने के तीन दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने या उत्तर प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए प्रकरण वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा जाएगा। नोटिस की प्रतिलिपि आयुक्त महिला एवं बाल विकास, कलेक्टर बड़वानी, संयुक्त संचालक इंदौर संभाग तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजपुर को भी प्रेषित की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए कीर्तिमान गढ़ रहा भारत : डॉ. यादव



■ लांचिंग व्हीकल विक्रम-1 की सफलता पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई

■ अंतरिक्ष विज्ञान क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की ऐतिहासिक सफलता

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचारों के साथ लगातार नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। इसी क्रम में शनिवार की सुबह स्काई रूट एयरोस्पेस द्वारा तैयार किए गए देश के पहले निजी प्रक्षेपण यान (लांच व्हीकल) विक्रम-1 का पहला ऑर्बिटल लांचिंग सफल रहा। यह उपलब्धि नए भारत के दृढ़ संकल्प, युवा वैज्ञानिकों के नवाचार और देश की आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह सफलता वैश्विक अंतरिक्ष जगत में भारत की प्रतिष्ठा को और भी बढ़ाएगी। इस पहले प्रायवेट लांचिंग व्हीकल विक्रम-1 से ऑन डिमांड स्पेस लांचिंग सेवाओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

### भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकली, रूस-अमेरिका से आए भक्त भी हुए शामिल



**भोपाल,निप्र।** राजधानी भोपाल में शनिवार शाम रिमझिम बारिश के बीच भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम और बहन सुभद्रा की भव्य रथयात्रा श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। इस आध्यात्मिक समागम में देश-प्रदेश ही नहीं, बल्कि रूस और अमेरिका जैसे देशों से आए विदेशी श्रद्धालु भी सनातन संस्कृति के रंग में रंगे नजर आए।

राजधानी के हमीदिया रोड से शनिवार शाम जैसे ही भगवान जगन्नाथ का रथ आगे बढ़ा, पूरा माहौल हरे कृष्ण, हरे कृष्ण के महामंत्र और पारंपरिक भक्ति गीतों से गुंजायमान हो गया। इस बार की रथयात्रा का मुख्य आकर्षण ओडिशा के पुरी स्थित प्रसिद्ध नंदीघोष रथ की तर्ज पर तैयार किया गया विशेष रथ रहा, जिसकी ऊंचाई लगभग 27 फीट, चौड़ाई 13 फीट और लंबाई 17.5 फीट थी। इस भव्य और सुसज्जित रथ को खींचने के लिए बारिश के बावजूद हजारों श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। पारंपरिक परिधानों में सजे महिला, पुरुष और बच्चे झांझ-मंजीरों की थाप पर जगह-जगह नृत्य करते हुए भगवान के दर्शन कर रहे थे। इस पावन अवसर पर इस्कॉन रूस के वरिष्ठ प्रचारक द्विजमणि प्रभु भी विशेष रूप से शामिल हुए, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को अपना आध्यात्मिक संदेश दिया। रूस और अमेरिका से आए कृष्ण भक्त भी पूरी तरह भारतीय वेशभूषा में संकीर्तन का आनंद लेते और आम भक्तों के साथ थिरकते दिखाई दिए।

**जनप्रतिनिधियों ने उतारी आरती :** धार्मिक उल्लास से सराबोर यह रथयात्रा भोपाल टॉकीज से प्रारंभ होकर हमीदिया रोड, भारत टॉकीज, रोशनपुरा चौराहा, रंगमहल और न्यू मार्केट जैसे शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए माता मंदिर स्थित प्लेटिनम प्लाजा पहुंचेगी। यात्रा के शुभारंभ के पावन मौके पर भोपाल की महापौर मालती राय ने भगवान जगन्नाथ की मंगल आरती कर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद मार्ग में आयोजित राजभोग आरती में मध्य प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री कृष्णा गौर शामिल हुईं, जबकि यात्रा के समापन अवसर पर कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग भगवान की महाआरती कर श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे। प्लेटिनम प्लाजा में यात्रा के समापन पर भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

### ताला तोड़कर घर से 50 हजार नकद ले उड़े बदमाश

**राजगढ़, ( हि.स. )।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के खुजनेर थाना क्षेत्र के ग्राम बांसखेड़ी में चोरों ने शुक्रवार की रात एक घर को निशाना बनाते हुए 50 हजार रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह घटना का पता चलते ही परिवार के होश उड़ गए। पुलिस ने शनिवार को मौका- मुआयना कर अज्ञात के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु की। पुलिस के अनुसार ग्राम बांसखेड़ी निवासी गजराज (36) पुत्र मानसिंह बंजारा शिकायत दर्ज कराई कि शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात अज्ञात बदमाश मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुस गए। इसके बाद अलमारी में रखे 50 हजार रुपये नकद चोरी कर फरार हो गए। फरियादी ने बताया कि यह राशि उसने लंबे समय से मेहनत-मजदूरी कर एकत्रित की थी। घटना की सूचना मिलते ही खुजनेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 331(4) एवं 305(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही इलाके में सक्रिय चोरी करने वाले बदमाशों के संबंध में भी जांच की जा रही है।

### विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए राजेंद्र शुक्ल

# उप मुख्यमंत्री ने प्राप्त किया जैन संत मुनियों से आशीर्वाद

विनय उजाला



**रीवा,निप्र।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए । उप मुख्यमंत्री ने आचार्य विजयसागर जी महाराज के परम शिष्य आचार्य समयसागर महाराज जी तथा अतुल सागर जी महाराज के भव्य मंगल प्रवेश में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री ने जैन संत मुनियों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में संतो का सान्निध्य समाज को सदाचार सयम और कल्याण का मार्ग दिखाता है। ऐसे पावन अवसर अध्यात्मिक चेतना और सामाजिक संरचना को मजबूत करते हैं।

उप मुख्यमंत्री ने विजय मिश्रा के निवास स्थल पर अखण्ड रामचरित्र मानस में भागीदारी निभाई। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने विनायक प्रसाद तिवारी के सगरा स्थित निवास पहुंचकर उनकी दिवंगत माता जी को श्रंद्धाजलि अर्पित की तथा परिवारजनों को सांत्वना दी। उप मुख्यमंत्री ने इसके बाद कुबेर तालाब में आयोजित कार्यक्रम में कर्मचारी संघ के अध्यक्ष स्व. राघवचरण मिश्र को श्रेद्धासुमन अर्पित किये। उप मुख्यमंत्री ने संजय गांधी अस्पताल पहुंचकर कमलेश सचदेवा की बहन की स्वास्थ्ब की जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री ने मिनर्वा अस्पताल जाकर वहां उपचार करा रहे अमित कोहली के पिता जी के स्वास्थ्र की जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्य्च होने की कामना की।

### नेफ्रों आईसीयू का सात दिन में पूरा करें काम : शुक्ल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सुपरस्पेशियलिटी हास्पिटल रीवा का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न वार्डों में रोगियों से भेंटकर उनका हालचाल जाना। उप मुख्यमंत्री ने अस्पताल की दूसरी मंजिल में नेफ्रोंलाजी विभाग का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इसकी आईसीयू का सात दिन निर्माण करायें। कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विभाग तथा अधीक्षक सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल दोनों कक्षों की साफ सफाई कराकर आवश्यक उपकरण और बेड तत्काल लगायें। यहां 15 बेडों का आईसीयू यूनिट शुरू करायें। अस्पताल के नये भवन का निर्माण कार्य पूरा हो जाने पर लगभग 200 बेड की वृद्धि होगी। तब तक पूराने भवन में रोगियों के लिए आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। निरीक्षण के समय अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अक्षय श्रीवास्तव, संजय गांधी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा, डॉ. रोहन द्विवेदी, डॉ. बीडी त्रिपाठी तथा अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।



सुपरस्पेशियलिटी हास्पिटल रीवा का किया निरीक्षण

# सूबेदार (अ) (स्टेनो) एवं सहायक उप निरीक्षक (अ) भर्ती प्रक्रिया पूर्ण

438 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन, माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 13% पदों का परिणाम फिलहाल होल्ड

विनय उजाला

**88 सूबेदार (अ) (स्टेनो) एवं 350 सहायक उप निरीक्षक (अ) का चयन**

**भोपाल,निप्र।** पुलिस विभाग में लगभग 08 वर्षों से स्टेनोग्राफर एवं कार्यालयीन स्टाफ की भर्ती नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में पद रिक्त थे। इन रिक्तियों की पूर्ति हेतु वर्ष 2025 में पुलिस मुख्यालय द्वारा शासन को भर्ती का प्रस्ताव भेजा गया। प्रस्ताव पर त्वरित निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 100 सूबेदार (अ) (स्टेनो) एवं 400 सहायक उप निरीक्षक (अ) के कुल 500 पदों पर भर्ती की स्वीकृति प्रदान की, जिसके परिणामस्वरूप यह भर्ती प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इसी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ESB) द्वारा आयोजित सूबेदार (अ) (स्टेनो) एवं सहायक उप निरीक्षक (अ) भर्ती परीक्षा-2025 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस परिणाम के अनुसार कुल 438 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन किया गया है।

माननीय न्यायालय के आदेशानुसार कुल 13 प्रतिशत पदों का परिणाम फिलहाल होल्ड रखा गया है। न्यायालयीन निर्देशों के अनुरूप इन पदों पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अंतिम चयन सूची के अनुसार सूबेदार (अ) (स्टेनो) के 88 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, जिनमें 30 महिला एवं 58 पुरुष शामिल हैं। इसी प्रकार सहायक उप निरीक्षक (अ) के 350 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है, जिनमें 122 महिला एवं 228 पुरुष अभ्यर्थी सम्मिलित हैं।

भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत कर्मचारी चयन मंडल द्वारा 19 सितम्बर 2025 को विज्ञापन जारी किया गया था। कुल 500 पदों 6100 सूबेदार (अ) (स्टेनो) एवं 400 सहायक उप निरीक्षक (अ)8 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए। आवेदन प्रक्रिया 03 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2025 तक संचालित हुई, जबकि ऑनलाइन लिखित परीक्षा 17 एवं 18 दिसम्बर 2025 को आयोजित की गई। लिखित परीक्षा का परिणाम 17 फरवरी 2026 को घोषित किया गया। इसके पश्चात 02 से 04 जून 2026 तक हिंदी टंकण, शीघ्र लेखन एवं दस्तावेज परीक्षण किया गया।

लिखित एवं व्यावहारिक परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर श्रेणीवार अंतिम चयन सूची जारी की गई। चयनित अभ्यर्थियों को नियमानुसार इकाई आवंटन, दस्तावेज सत्यापन एवं चिकित्सीय परीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत नियुक्ति प्रदान की जाएगी।

चयनित अभ्यर्थियों को मध्यप्रदेश पुलिस के प्रशिक्षण संस्थानों में आधारभूत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह भर्ती प्रक्रिया मध्यप्रदेश पुलिस की प्रशासनिक क्षमता को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे विभाग को प्रशिक्षित एवं दक्ष स्टेनोग्राफर एवं कार्यालयीन अधिकारी उपलब्ध होंगे, जिससे पुलिस प्रशासन की कार्यकुशलता एवं सेवा वितरण प्रणाली और अधिक प्रभावी होगी।



# अविनाश प्राइड में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ निकली भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा

विनय उजाला

**रायपुर,निप्र।** अविनाश प्राइड में भजन संध्या परिवार के तत्वावधान में पिछले पाँच वर्षों से आयोजित भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा इस वर्ष भी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुई। पांच वर्ष पूर्व 11 महिलाओं के छोटे से प्रयास से शुरू हुई यह धार्मिक परंपरा आज अविनाश प्राइड रायपुर के सभी रहवासियों का सामूहिक उत्सव बन चुकी है।

आयोजन से पूर्व श्रद्धालुओं ने मिलकर शिव मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया तथा भगवान भोलेनाथ को भगवान जगन्नाथ के स्वरूप में अलंकृत किया। मंदिर का वातावरण मनोहारी सजावट और भक्तिमय भाव से सराबोर रहा। इस वर्ष रथ यात्रा को भव्य स्वरूप देने में भजन संध्या परिवार की पूरी टीम के साथ दो भाइयों का भी विशेष सहयोग रहा।



रथ यात्रा में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने पीले वस्त्र धारण कर, मस्तक पर तिलक लगाकर और हाथों में पुष्प लेकर भगवान जगन्नाथ के रथ के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता की। श्रद्धालुओं ने मार्ग में जल का छिड़काव किया, झाड़ू लगाकर रास्ते की सफाई की और भगवान के रथ का श्रद्धापूर्वक स्वागत किया। पूरे मार्ग में 'जय जगन्नाथ' के जयघोष, भजन-कीर्तन और भक्तिमय नृत्य से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो उठा।

सरिता झा ने बताया रथ यात्रा के समापन पर भगवान जगन्नाथ को खिचड़ी एवं फलों का भोग अर्पित किया गया। इसके पश्चात सामूहिक आरती आयोजित की गई तथा सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया।

भजन संध्या परिवार के सदस्यों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक परंपरा का निर्वहन करना नहीं, बल्कि समाज में एकता, सेवा, स्वच्छता, सहयोग और सनातन संस्कृति के प्रति श्रद्धा का भाव जागृत करना भी है। रहवासियों के निरंतर सहयोग और सहभागिता से यह आयोजन हर वर्ष अधिक भव्य एवं प्रेरणादायक बनता जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भगवान जगन्नाथ की कृपा से यह पावन परंपरा भविष्य में भी इसी श्रद्धा और उल्लास के साथ निरंतर जारी रहेगी।

### नोटों की बारिश और गड़ा धन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

**मंदसौर, ( हि.स. )।** मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले की अफजलपुर थाना पुलिस ने तंत्र-मंत्र के नाम पर लोगों को गड़ा धन दिलाने, नोटों की बारिश कराने और धन दोगुना करने का लालच देकर ठगी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकदी, दो मोटरसाइकिल, तांत्रिक अनुष्ठानों में प्रयुक्त सामग्री और अन्य सामान बरामद किया है। मामले में कुछ अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। शनिवार को थाना प्रभारी हरीश मालवीय ने बताया कि रतलाम जिले के चिकलाना निवासी गोपाल धाकड़ ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार वर्ष 2024 में उसकी पहचान पृथ्वीराज के माध्यम से कमलेश और अन्य लोगों से हुई। आरोपितों ने स्वयं को तांत्रिक बताकर पूजा-पाठ के जरिए गड़ा हुआ खजाना निकलवाने और नोटों की बारिश कराने का दावा किया। इसी बहाने अलग-अलग चरणों में उससे लाखों रुपये ले लिए गए।

जांच में सामने आया कि आरोपितों ने कुएं और जंगल में कई बार कथित तांत्रिक अनुष्ठान किए। इस दौरान दुर्घटना और मौत का नाटक रचा गया, जमीन से अंबे माता की मूर्ति निकलने का दावा किया गया और 51 दिन तक विशेष पूजा करने पर गड़ा धन मिलने का विश्वास दिलाया गया। फरियादी को भूत-प्रेत का भय दिखाकर वहां से दूर भी किया गया।

शिकायत के अनुसार, आरोपितों ने एक मौके पर पूजा के बाद नोटों की पोटली देकर उसे घर ले जाने को कहा। घर पहुंचकर पोटली खोलने पर उसमें केवल 20-20 रुपये के नोटों की गड्डियां मिलीं, जिसके बाद उसे अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ।

# मंडल रेल प्रबंधक रतलाम एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने रेलवे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया पौधारोपण

विनय उजाला

**रतलाम,निप्र।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से शनिवार को मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यावरण संरक्षण विषय पर आयोजित एक प्रेरक उद्बोधन से हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को पेड़ों के महत्व, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में उनकी भूमिका तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनका संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया गया।

इसके उपरांत विद्यालय परिसर, खेल मैदान तथा बाउंड्री के किनारे नीम, आम, अमरूद, अशोक एवं गुलमोहर सहित 50 से अड्डधिक पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण में भाग लिया। पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक कक्षा को पाँच-पाँच पौधों की जिम्मेदारी सौंपी गई। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे इन पौधों को नियमित रूप से पानी देंगे तथा उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण का दायित्व निभाएंगे।





इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष हमें शुद्ध ऑक्सीजन, फल, छाया एवं स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हैं तथा प्रदूषण को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, पर्यावरण संरक्षण की भावना तथा सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य जयदेव गोस्वामी ने मंडल रेल प्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से लगाया गया प्रत्येक पौधा भविष्य में हरित एवं स्वच्छ वातावरण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस अवसर पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### एथेनॉल और प्राकृतिक खेती से बढ़ेगी आय

# किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं : के. साईं रेड्डी

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष के. साईं रेड्डी ने शनिवार को भोपाल में आयोजित पत्रकार वार्ता में किसानों से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए केंद्र और मध्य प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित किया है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारतीय किसान संघ किसानों के अधिकारों की रक्षा, कृषि को लाभकारी बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए लगातार कार्य करता रहेगा। पत्रकार वार्ता के बाद किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भी मुलाकात कर प्रदेश के किसानों की समस्याओं एवं उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की।

के. साईं रेड्डी ने कहा कि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद और बीज उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। वर्तमान वितरण व्यवस्था में कई व्यावहारिक खामियां हैं, जिन्हें तत्काल दूर करने की आवश्यकता है। उन्होंने विशेष रूप से टोकन प्रणाली में सुधार की मांग करते हुए कहा कि ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे किसानों को अनावश्यक इंतजार और परेशानियों का सामना न करना पड़े तथा खाद-बीज का वितरण पूरी तरह पारदर्शी और प्रभावी हो।




उन्होंने सैटेलाइट सर्वे के कारण किसानों के सामने आने वाली समस्याओं का भी उल्लेख किया और कहा कि तकनीक का उपयोग किसानों की सुविधा के लिए होना चाहिए, न कि उनकी परेशानियां बढ़ाने के लिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि सैटेलाइट सर्वे में आने वाली विसंगतियों का शीघ्र समाधान किया जाए। साथ ही, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों की उपज की निर्बाध खरीदी सुनिश्चित करने तथा अल्प वर्षा जैसी परिस्थितियों में तत्काल राहत उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए।

फसल बीमा योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 की रबी और खरीफ फसलों के बीमा का केंद्र सरकार का अंश प्राप्त हो चुका है। अब राज्य सरकार को अपना हिस्सा जारी कर किसानों के लंबित बीमा दावों का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि संकट की घड़ी में किसानों को वास्तविक राहत मिल सके।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के. साईं रेड्डी ने कृषि में अत्यधिक उपयोग होने वाले घातक रसायनों पर प्रभावी नियंत्रण की आवश्यकता जताते हुए प्राकृतिक खेती को भविष्य का विकल्प बताया। उनका कहना था कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर बढ़ती निर्भरता से खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। यदि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाए तो उत्पादन लागत कम होगी, मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी और किसानों की आय में भी सुधार आएगा। उन्होंने जैविक एवं जैव उत्पादों के लिए मजबूत बाजार व्यवस्था विकसित करने की भी मांग की। एथेनॉल नीति पर बोलते हुए के. साईं रेड्डी ने इसे किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि गन्ना और मक्का जैसी फसलों की मांग बढ़ने से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### केंद्रीय विद्यालय के स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सम्मान समारोह ने बांधा समां

**विदिशा, ( हि.स. )।** मध्य प्रदेश के विदिशा स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का स्थापना दिवस शनिवार को हर्षोल्लास, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। विद्यालय परिसर विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, सम्मान समारोह, प्रेरणादायी उद्बोधनों और उपलब्धियों के उत्सव का साक्षी बना। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। स्थापना दिवस समारोह ने विद्यालय की गौरवशाली परंपरा, उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण और संस्कारयुक्त शिक्षा की भावना को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता (डीन) डॉ. मनीष निगम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी केंद्रीय विद्यालय के छात्र रहे हैं और उन्हें प्राप्त शिक्षा एवं संस्कारों ने उनके जीवन की सफलता की मजबूत नींव रखी। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत, लगन और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया। समारोह का एक विशेष आकर्षण स्टार प्लस के लोकप्रिय संगीत कार्यक्रम %दिल है हिंदुस्तानी% की रनर-अप सौम्या शर्मा की संगीतमय प्रस्तुति रही। उन्होंने अपनी मधुर आवाज़ में 'सत्यम् शिवम् सुंदरम्' गीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### आवश्यकता वाले बच्चों को संघ सुविधाएं मुहैया कराएगां : सोलंकी



**सतवास/देवास, निप्र।** बच्चे पूर्ण मनोयोग से अपना अध्ययन कार्य करे, अपने उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करे द्य नियमित शाला जाकर सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी प्राप्त करे, शासन द्वारा दी जा रही योजनाओं का सदुपयोग करे किन्तु अध्ययन कार्य में किसी भी प्रकार की सामग्रियों की आवश्यकता है तो बच्चों को वे सभी सुविधाएं संघ मुहैया कराने का प्रयास करेगा द्य संघ द्वारा एसी शालाओं को चिन्हित किया गया है तथा उन पर कार्ययोजना चल रही है, उक्त बात सेवानिवृत्त शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र सोलंकी ने संघ द्वारा आयोजित सामग्री वितरण कार्यक्रम जो कि शासकीय प्राथमिक विद्यालय उन्हेल में आयोजित किया गया वहां कहीं द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता मांगीलाल चौधरी ने की मुख्य अतिथि प्रमोद गौर थे। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती के पूजन से हुआ, अतिथियों का स्वागत शाला के शिक्षक नर्मदा प्रसाद यादव, वाहिद खान ने किया द्य संघ सदस्यों द्वारा बच्चों को स्कूल बैग तथा शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया बच्चों के चेहरे प्रफुल्लित हो गए, उनमें नवीन उत्साह का संचार हुआ द्य सदस्य श्यामलाल जाधव, राघवेन्द्र तिवारी, शिवराम यादव, चंद्र गोपाल काशिव, हबीब शेख, हीरालाल उइके, ने अपने अनुभवों से बच्चों को प्रेरित किया द्य कार्यक्रम में अरविन्द शर्मा, गायत्री यादव, फ़रियाद हुसैन उपस्थित थे द्य कार्यक्रम में समाज सेवी विजय काला तथा जय व्यास का सहयोग रहा द्य संचालन कवि सुरेश साहू ने किया। आभार ज्ञानचंद शर्मा ने माना।

### सांप के डसने के बावजूद नहीं छोड़ा फर्ज, आंख के पास डसने पर भी पहले सांप को जंगल में छोड़ा, फिर पहुंचे अस्पताल



**शाजापुर, निप्र।** एक मकान में घुसे सांप का रेस्क्यू करने पहुंचे प्रोफेशनल स्नेक कैचर को सांप ने आंख के पास डस लिया। चेहरे पर सांप के काटने और तबीयत बिगड़ने के बावजूद इस एक्सपर्ट ने अपना काम बीच में नहीं छोड़ा। उन्होंने न सिर्फ सांप को सुरक्षित पकड़ा, बल्कि उसे जंगल में आजाद करने के बाद ही अपने इलाज के लिए अस्पताल का रुख किया। जानकारी के अनुसार शनिवार को ज्योति नगर स्थित एक मकान में सांप निकलने की सूचना मिली थी, जिस पर प्रोफेशनल स्नेक रेस्क्यू एक्सपर्ट जितेंद्र मालवीय तत्काल मौके पर पहुंचे। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान जब वे सांप को काबू कर रहे थे, तभी सांप ने अचानक पलटवार कर दिया और जितेंद्र की आंख के पास चेहरे पर डस लिया। आंख के पास संवेदनशील जगह पर सांप के काटने के बाद जितेंद्र की तबीयत बिगड़ने लगी थी, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने अपना रेस्क्यू बीच में छोड़ने के बजाय उसे पूरा किया। सांप को सुरक्षित रूप से पकड़ा और उसे ले जाकर जंगल में छोड़ दिया, ताकि किसी अन्य इंसान या उस जीव को कोई नुकसान न पहुंचे। सांप को जंगल में सुरक्षित छोड़ने के बाद, दोपहर करीब 2 बजे जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भर्ती कर लिया। अस्पताल में उपचार के दौरान जितेंद्र मालवीय ने बताया कि उन्हें जिस सांप ने काटा था, वह रेड स्नेक था, जो विषैला नहीं होता है। समय पर अस्पताल पहुंचने और उचित इलाज मिलने के कारण अब उनकी हालत स्थिर और खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### 15 एमएलडी पम्प के (टेंक) की रविवार को होगी सफाई, कुछ क्षेत्रों मे होगा जल वितरण प्रभावित

**देवास, निप्र।** क्षिप्रा स्थित ट्रिटमेंट प्लांट पर, 15 एमएलडी पम्प के सी एल एफ फागुलेटर (टेंक) मे जमी गाद (मिट्टी) की सफाई की जाएगी, ताकी जल की गुणवत्ता बनी रहे। नगर निगम जलप्रदाय विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार 19 जुलाई को सुबह क्षिप्रा प्लांट पर 15 एमएलडी पम्प के सी एल एफ फागुलेटर (टेंक) की सफाई की जाएगी, इस हेतु 15 एमएलडी ट्रिटमेंट प्लांट का शट्डाउन सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। 15 एमएलडी प्लांट पर फागुलेटर (टेंक) की सफाई कार्य होने से 19 जुलाई रविवार को 15 एमएलडी प्लांट से शहर की निम्न टंकियों मे सनसिटी, आनंदऋषि आनंद टंकी, पाठनकुआ टंकी, गिरीराजधाम टंकी से होने वाला जलवितरण प्रभावित होगा। इन टंकियो से 19 जुलाई रविवार को संबंधित क्षेत्रों मे होने वाला जल वितरण, 20 जुलाई सोमवार को इन सभी टंकियों मे पर्याप्त मात्रा जल भरने के पश्चात् जल वितरण किया जा साकेगा।

### गांव की गलियों में पहुंचीं सीईओ, घर-घर जाकर जानी पशुपालकों की स्थिति



**शाजापुर, निप्र।** दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए शाजापुर के भिलवाड़िया गांव में एक अच्छी तस्वीर देखने को मिली। दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तीसरे चरण के तहत, जिला पंचायत सीईओ मनीषा वास्कले ने खुद गांव पहुंचकर पशुपालकों से सीधा संवाद किया। उन्होंने किसान महेश कुमार पिता गोरधनलाल और भेरू सिंह पिता बने सिंह के घर जाकर जमीनी स्तर पर स्थितियों का सत्यापन किया। इस दौरान सिर्फ औपचारिक बातें नहीं हुईं, बल्कि पशुओं की अच्छी सेहत, पौष्टिक खान-पान और नस्ल सुधारने जैसे अहम मुद्दों पर किसानों से गहराई से चर्चा की गई ताकि दूध की पैदावार बढ़ाई जा सके। इस मौके पर उप संचालक डॉ. प्रशांत महाडीक, डॉ. विक्रम सिंह, गांव के सरपंच, मैत्री गौ सेवक बालकृष्ण पाटीदार और कई पशुपालक मौजूद रहे।

### सामाजिक कार्यों के लिए दिलीप सिंह बामनिया को दिल्ली में मानद डॉक्टरेट उपाधि, शाजापुर लौटने पर भव्य स्वागत

**शाजापुर, निप्र।** शहर के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता, कबीर फाउंडेशन और अखिल भारतीय बलाई समाज (नई दिल्ली) के संस्थापक अध्यक्ष दिलीप सिंह बामनिया को सोशल वर्क में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया है। उनके इस सम्मान से पूरे शहर और समाज में हर्ष का माहौल है। नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित लेगेसी शिखर सम्मेलन 2026 के दौरान उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया। समारोह में अमेरिका इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के संस्थापक व कुलपति डॉ. सांग वान पार्क, रजिस्ट्रार क्यूंग बाई एन, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एस.एन. शुक्ला, अविनाश राय खन्ना, वित्त मंत्रालय भारत सरकार के अवर सचिव सुनील कुमार के हाथों उन्हें यह उपाधि प्रदान की गई। बामनिया को यह सम्मान उनके द्वारा महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति, शिक्षक व नारी शक्ति सम्मान, रक्तदान शिविरों और सामाजिक समरसता के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों के लिए मिला है। दिल्ली से यह बड़ी उपलब्धि हासिल कर शाजापुर लौटने पर डॉ. दिलीप सिंह बामनिया का स्थानीय रेलवे स्टेशन पर जोरदार स्वागत किया गया।

# प्रतिभाओं का सम्मान हमारा कर्तव्य : विधायक पवार

## देवास विधायक ने टॉपर विद्यार्थियों को सौंपे प्रोत्साहन राशि के चेक व प्रतीक चिन्ह

विनय उजाला



**देवास, निप्र। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में अपना नाम रोशन करने वाली छात्राओं के सम्मान में शनिवार को स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि देवास विधायक गायत्रीराजे पवार एवं अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी राजीव सूर्यवंशी ने की। वहीं विशेष अतिथि के रूप में भाजपा नेता रघुवीरसिंह भदौरिया, मंडल अध्यक्ष शुभम चौहान, महामंत्री नवीनसिंह सोलंकी उपस्थित थे।**

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से हुई। तत्पश्चात झंडावंदन व राष्ट्र गान हुआ। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य सुधीर कुमार सोमानी ने किया। इसके बाद विधायक पवार ने प्रदेश में देवास का नाम गौरवान्वित करने वाली पलक नामदेव, राशि माली एवं अक्षरा शिंदे को 10-10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक पवार ने कहा कि प्रदेश में देवास का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। मुझे खुशी है कि आज देवास की बेटियां प्रदेश स्तर पर अपना नाम रोशन कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे पढ़ाई करके राष्ट्र को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभाए। आप देवास का भविष्य है और मेरी सबसे बड़ी ताकत है। अपने बीच विधायक को पाकर उत्साहित विद्यार्थियों के बीच पवार ने कहा कि प्रतिभाशाली बच्चों से मिलकर मन अत्यंत प्रसन्न है। आपकी चमकती आँखों के सपने, चेहरे पर आत्मविश्वास और आगे बढ़ने का जज्बा देखकर मेरा विश्वास मजबूत हुआ कि हमारा देवास उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रहा है।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संतोष स्वर्णकार ने किया। उक्त जानकारी सुदर्शन दुबे ने किया।

### परिणाम से निराश न हो, मेहनत करते रहे

विधायक पवार ने विद्यार्थियों से कहा कि आप केवल मन लगाकर पढ़ाई करें और मेहनत करें, परिणाम की चिंता ना करें। यदि आप इस बार प्रावीण्य सूची में नहीं आए है, तो अगली बार आएंगे, लेकिन मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़ना है। मेहनत का परिणाम भविष्य में जरूर मिलेगा। विद्यार्थियों से किया संवाद, सेल्फी भी ली कार्यक्रम से पहले विधायक गायत्रीराजे पवार ने प्राचार्य कक्ष में तीनों टॉपर विद्यार्थियों से खुलकर संवाद किया। उनके भविष्य के सपनों के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विधायक द्वारा बच्चों के साथ सेल्फी रही। बच्चों का उत्साह देख विधायक पवार खुद को रोक नहीं पाई और उनके साथ सेल्फी ली।

# मेडिकल स्टोर्स पर कसेगा शिकंजा, बिना पर्ची प्रतिबंधित दवा दी तो खैर नहीं

विनय उजाला



**शाजापुर, निप्र। शहर की रगों में नशा घोलने वाले अवैध कारोबारियों और नियमों को ताक पर रखने वाले मेडिकल संचालकों पर अब प्रशासन का चाबुक चलने वाला है।**

विगत कुछ दिनों से शुजालपुर शहर में प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री की मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय मोड में आ गया है। नशा मुक्त अभियान को धार देने और इस काले कारोबार पर लगाम कसने के लिए शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में केमिस्ट एसोसिएशन की एक आपात बैठक बुलाई गई। बैठक में प्रशासन ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि नियमों की अनदेखी करने वालों पर अब सीधे कठोर दंडात्मक कार्रवाई होगी। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में आयोजित इस आपात बैठक में मेडिकल संचालकों के लिए नई और सख्त गाइडलाइन जारी की गई। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि दवाओं की आड़ में नशे का व्यापार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए औषधि निरीक्षक (ड्रग इंस्पेक्टर) को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे अनुविभाग शुजालपुर के अंतर्गत आने वाले सभी मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस की सघन जांच करें और उनके स्टॉक का भौतिक सत्यापन करें। साथ ही केमिस्ट एसोसिएशन को निर्देशित किया गया है कि शासन द्वारा निर्धारित विभिन्न शेड्यूल के अनुसार सभी प्रतिबंधित दवाओं की खरीद-बिक्री का समुचित और पारदर्शी रिकॉर्ड रखा जाए। किसी भी परिस्थिति में रजिस्टर्ड प्रैक्टिशनर (चिकित्सक) के पर्चे के बिना कोई भी प्रतिबंधित दवा नहीं बेची जाएगी।

प्रशासन की नजर उन सामान्य दवाओं पर भी है जिनका उपयोग नशे के लिए वैकल्पिक रूप में किया जा रहा है। मेडिकल संचालकों को स्पष्ट हिदायत दी गई है कि ऐसी दवाओं का सीमित स्टॉक ही रखें। यदि जांच में इन दवाओं का स्टॉक सामान्य क्रय-विक्रय से अधिक पाया गया, तो गतिविधि को संदिग्ध मानकर सीधी कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध संचालन पर होगी जेल और जुर्माना

एसडीएम ने बैठक में साफ चेतावनी दी है कि यदि कोई मेडिकल स्टोर बिना वैध पंजीकरण के संचालित होता पाया गया, प्रतिबंधित दवाओं को बिना डॉक्टर की पर्ची के बेचा गया या रिकॉर्ड संधारित नहीं किया गया, तो ऐसे संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एससडीओपी शुजालपुर, नायब तहसीलदार, औषधि निरीक्षक शाजापुर, संबंधित थाना प्रभारी, राजस्व निरीक्षक सहित केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में मेडिकल स्टोर संचालक उपस्थित थे।

# नशे के अवैध कारोबार पर 4 युवकों के खिलाफ मुकदमा



विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** शहर के कमरदीपुरा क्षेत्र में पनप रहे अवैध नशे के कारोबार पर पुलिस अब पूरी तरह से एक्शन मोड में आ गई है। शुक्रवार को स्थानीय रहवासियों द्वारा एसपी प्रियंका शुक्ला को ज्ञापन सौंपने के बाद पुलिस ने सख्त कदम उठाया है। शनिवार दोपहर पुलिस अधिकारियों ने कमरदीपुरा पहुंचकर रहवासियों के साथ सीधी बैठक की। इस दौरान नशे के कारोबारियों को सख्त चेतावनी दी गई और वहां मौजूद सभी लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चार संदिग्ध युवकों लखन 26, चेतन बरोड 27, कलीम 20 और शाबीर 27 के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## दिव्यांगों को मिली नई उड़ान

# शुजालपुर में 45 हितग्राहियों को बंटे 164 सहायक उपकरण, मंत्री परमार ने की स्वरोजगार की अहम घोषणा

विनय उजाला



**शाजापुर, निप्र।** शारीरिक चुनौतियों का सामना कर रहे दिव्यांगजनों के लिए अब ट्राईसाइकिल या बैसाखी ही उनके जीवन का एकमात्र सहारा नहीं होगी, बल्कि वे खुद के दम पर अपना व्यवसाय चलाकर आत्मनिर्भर भी बनेंगे। शनिवार को शुजालपुर में दिव्यांगों की यह उम्मीद तब हकीकत में बदलती नजर आई, जब प्रदेश के उच्च शिक्षा व आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने उन्हें सहायक उपकरणों की सौगात देने के साथ-साथ स्वरोजगार से जोड़ने का एक बड़ा ऐलान किया। मौका था शनिवार को स्थानीय जे.एन.एस. महाविद्यालय में भोज मुक्त विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित दिव्यांग सहायक उपकरण वितरण शिविर का। यहां 45 दिव्यांगजनों को उनकी जरूरत के अनुसार 164 आधुनिक और सहायक उपकरण बांटे गए। इस दौरान प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री परमार ने दिव्यांगों के लिए एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि शुजालपुर से दिव्यांगजनों को स्वरोजगार से जोड़ने की नई मुहिम शुरू की जाएगी। उन्होने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल सहायक उपकरण बांटना नहीं है, बल्कि दिव्यांगों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाना भी है। उन्होंने ऐलान किया कि जल्द ही शुजालपुर क्षेत्र के दिव्यांगजनों को किराना दुकान और कंप्यूटर चलित केंद्रों जैसे स्वरोजगार से जोड़ने की पहल शुरू की जाएगी, ताकि वे किसी पर निर्भर न रहें और अपनी सम्मानजनक आजीविका खुद अर्जित कर सकें।

### सरस्वती वंदना से हुआ शुभारंभ

इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस मौके पर भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति मिलिंद दांडेकर, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, विजय सिंह बैस, भोज मुक्त विवि के हेमंत केशवाल और जनपद पंचायत शुजालपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्दी कोरव विशेष रूप से मंचासीन रहीं।

# 'स्वच्छ सर्वेक्षण' के पोस्टर तले कचरे का पहाड़

## अस्पताल-स्कूल के सामने फैली गंदगी, छात्राएं और मरीज परेशान

विनय उजाला




**सोनकच्छ, निप्र।** स्वच्छता अभियान और स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर नगर पंचायत भले ही बड़े-बड़े दावे कर रही हो और शहर की दीवारों को रंग-बिरंगे चित्रों व स्टेचू से सजाया जा रहा हो, लेकिन जमीनी हकीकत इसके ठीक उलट नजर आ रही है। नगर के रिंक रोड पर स्थित शासकीय अस्पताल के मुख्य गेट के ठीक सामने और शासकीय कन्या श्रीमती पांचू बाई विरमा जी जाट स्कूल के पास पिछले कई दिनों से कचरे का विशाल ढेर लगा हुआ है।

इसी दीवार पर 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26' लिखा हुआ है और एक सैनिक की बड़ी पेंटिंग के साथ तिरंगा भी बना हुआ है। विडंबना यह है कि जागरूकता के इस संदेश के ठीक नीचे प्लास्टिक, कपड़े, कागज और घरेलू कचरे का अंबार लगा है जिससे चारों तरफ तेज दुर्गंध फैल रही है।

इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों छात्राएं स्कूल आती-जाती हैं और अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों व उनके परिजनों को भी इसी गंदगी के बीच से गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कचरा कई दिनों से नहीं उठाया गया है और बदबू के कारण बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत स्वच्छता के नाम पर केवल दिखावा कर रही है। दीवारों पर पेंटिंग और स्टेचू बनवाने में लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं लेकिन बुनियादी सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ी है। स्वच्छता अभियान फोटो सेशन तक ही सीमित रह गया है।स्थानीय नागरिकों और छात्राओं के पालकों ने नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है कि स्कूल और अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थानों के आसपास तत्काल सफाई कराई जाए और नियमित रूप से कचरा उठाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि स्वच्छता अभियान का उद्देश्य वास्तव में जमीन पर उतर सके।

## बसों की किल्लत से जूझ रहे 2800 छात्र

# सांदीपनि विद्यालय में एबीवीपी ने की तालाबंदी, प्रशासन को 7 दिन का अल्टीमेटम

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** सरदार वल्लभभाई पटेल सांदीपनि विद्यालय में शनिवार का दिन भारी हंगामे के बीच गुजरा। स्कूल में आवागमन के लिए बसों की भारी किल्लत से परेशान विद्यार्थियों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के नेतृत्व में आक्रोशित छात्रों ने स्कूल के मुख्य गेट पर ताला जड़कर जोरदार प्रदर्शन किया।

स्थिति को तनावपूर्ण होता देख आनन-फानन में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों का दल मौके पर पहुंचा और लंबी समझाइश के बाद मामला शांत कराया जा सका। जानकारी के अनुसार, सांदीपनि विद्यालय में इस समय लगभग 2,800 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, लेकिन उनके आवागमन के लिए स्कूल के पास मात्र 15 बसें ही संचालित हैं। बसों की इस भारी कमी के कारण विद्यार्थियों को रोजाना स्कूल आने-जाने में भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। इसी अव्यवस्था से नाराज होकर छात्रों ने हंगामा किया।

तालाबंदी की सूचना मिलते ही जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम मनीषा वास्कले, तहसीलदार गौरव पोरवाल, एसडीओपी अजय मिश्रा और लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुन



सिंह मुजाल्दे प्रशासनिक अमले के साथ मौके पर पहुंचे। प्रदर्शन के बीच एबीवीपी कार्यकर्ताओं और छात्रों ने अधिकारियों से सीधी चर्चा की। परिषद के सदस्यों ने जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) दीपा किर को ज्ञापन सौंपा और प्रशासन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर अतिरिक्त बसों की व्यवस्था नहीं की गई, तो परिषद उग्र आंदोलन करेगी और सड़कों पर चक्काजाम किया जाएगा। किसी भी अप्रिय स्थिति की जिम्मेदारी सीधे तौर पर स्कूल प्रशासन और डीईओ की होगी।

### वित्त विभाग की स्वीकृति का है इंतजार

छात्रों के प्रदर्शन और बसों की कमी के मुद्दे पर जिला शिक्षा अधिकारी दीपा किर ने अपना पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष नए प्रवेश अधिक होने के कारण स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या में इजाफा हुआ है, जिससे अतिरिक्त बसों की जरूरत उत्पन्न हुई है। डीईओ ने स्पष्ट किया कि नई बसों की व्यवस्था के लिए कमिश्नर को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया, पहले भी प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन प्रदेश के अन्य जिलों से मांग न आने के कारण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी थी। हाल ही में डीपीआई (लोक शिक्षण संचालनालय) स्तर पर इस संबंध में चर्चा हुई है। अब सभी जिलों के प्रस्ताव एक साथ भेजे जाएंगे और वित्त विभाग से स्वीकृति मिलते ही अतिरिक्त बसों की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी जाएगी। आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### अच्छी बारिश के लिए गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर किया रामसत्ता का आयोजन



**हरसूद (विनय उजाला)।** बारिश की लंबी खेंच से आमजन के हाल-बेहला है। बारिश नहीं होने के कारण जहां एक ओर किसान परेशान है तो वहीं दूसरी ओर आमजन भी परेशान हैं। अच्छी बारिश की कामना से जगह-जगह धार्मिक आयोजन हो रहे है। शुक्रवार को पुराने हरसूद स्थित खेडापति हनुमान मंदिर पर रामायण पाठ का आयोजन तथा किशनपुरा माताजी मंदिर पर रामसत्ता का आयोजन किया गया। वहीं नया हरसूद स्थित जामा मस्जिद में शुक्रवार को नमाज के दौरान अच्छी बारिश की कामना की गई। इसी कडी में शनिवार को नया हरसूद के वार्ड क्रमांक 3 स्थित गुप्तेश्वर महोदव मंदिर पर महिला मंडल द्वारा रामसत्ता का आयोजन किया गया। शनिवार सुबह 11 बजे के लगभग गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर रामसत्ता प्रारंभ हुई। जिसका समापन रविवार को होगा।

### एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के सहयोग से किया क्रेता-विक्रेता समन्वय कार्यक्रम



**हरसूद (विनय उजाला)।** एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के सहयोग से आईजीएसएसएस संस्था द्वारा शनिवा को ग्राम खालवा में क्रेता-विक्रेता समन्वय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को संभावित खरीदारों से जोड़ना और स्थानीय उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में पटाल्दा एवं पटाजन एंटरप्राइज के मोरिंगा पाउडर, टिमरनी एंटरप्राइज के मल्टी-मिलेट्स आटा, खेड़ी बेकरी एंटरप्राइज के मल्टी-मिलेट्स आटा, दलिया व बिस्किट तथा टिगरिया एवं मलगाँव एंटरप्राइज के मावा-घी के स्टॉल लगाए गए। खरीदारों एवं अतिथियों ने उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना की और महिला उद्यमियों से संवाद किया।

### हरसूद पुलिस ने स्कूलों में पहुंचकर की वाहनों की जांच, दस्तावेजों की पड़ताल




**हरसूद (विनय उजाला)।** शनिवार दोपहर 12 बजे के लगभग हरसूद पुलिस द्वारा सुरक्षा की दृष्टि नया हरसूद-छनेरा स्थित स्कूलों में पहुंचकर वाहनों की जांच की तथा वाहनों की दस्तावेजों की पडताल की। हरसूद पुलिस ने नगर के सभी निजी स्कूलों में पहुंचकर वाहनों की जांच-पडताल कर वाहन चालकों को फीट वाहन चलाने की समझाइश दी। साथ ही स्कूलों के आसपास धूम्रपान की दुकानों की भी जांच-पडताल की।

### बेटमा पुलिस ने सुफा कंपनी के कर्मचारियों को किया नशा मुक्ति के प्रति जागरूक




**बेटमा (सुनिल मुनिया)।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत थाना बेटमा पुलिस द्वारा कालासुरा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सुफा कंपनी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) देपालपुर श्री संघप्रिय सम्राट, थाना प्रभारी बेटमा मीणा कर्णावत एवं थाना स्टाफ उपस्थित रहा। अधिकारियों ने कंपनी के कर्मचारियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई तथा नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान कर्मचारियों से अपील की गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज के अन्य लोगों को भी नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करें। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कर्मचारियों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने का संकल्प लिया।

## नगरीय प्रशासन मंत्री ने विधानसभा-1 के शासकीय स्कूलों को दी फर्नीचर सेट, वॉटर कूलर की सौगात

# नशे के खिलाफ सामूहिक चेतना विकसित करना होगा : विजयवर्गीय



मनोहर राजपूत

**इंदौर (विनय उजाला)।** नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-1 के शासकीय विद्यालयों को लगभग 1 करोड़ 10 लाख रुपये की लागत से 1,550 से अधिक फर्नीचर सेट और 60 वाटर कूलर उपलब्ध कराए। महाराणा प्रताप नगर स्थित अहिल्या आश्रम स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए शिक्षा, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता पर अपने विचार रखे।

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि नशे के खिलाफ समाज में सामूहिक चेतना विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि परिवार और समाज की भावनात्मक भागीदारी नशामुक्ति अभियान को प्रभावी बना सकती है। उन्होंने छात्राओं से भी नशे के प्रति समाज को जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षकों से कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया और कहा कि यदि विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा तो विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में शेड लगाने की मांग पर मंत्री ने कहा कि इसके लिए राशि सोमवार तक स्वीकृत कर दी जाएगी। अपने संबोधन में मंत्री विजयवर्गीय ने छात्राओं से कथित 'लव जिहाद' के प्रति सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि मित्रता और संबंधों में सोच-समझकर निर्णय लेना चाहिए तथा किसी भी प्रकार के छल या भ्रामक पहचान से सावधान रहना चाहिए। पत्रकारों से चर्चा में मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि सरकारी स्कूलों में विधायक निधि और जनसहयोग से स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर और फर्नीचर जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा में भी सहयोग किया जाएगा। वंदे मातरम् के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है और इसका सम्मान किया जाना चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर छात्रा अनुष्का रावत ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का चित्र भेंट किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद सीमा कृष्णवल्लभ डाबी, भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### छात्राओं को दिए स्वास्थ्य और संस्कार के संदेश

अहिल्या आश्रम स्कूल में छात्राओं को संबोधित करते हुए मंत्री ने स्वस्थ खान-पान अपनाने, फास्ट फूड से दूरी बनाने और शिक्षा के साथ संस्कारों को भी जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि माता-पिता का सम्मान करना और अच्छे संस्कार अपनाना व्यक्तित्व निर्माण के लिए आवश्यक है। साथ ही उन्होंने वृक्षारोपण को पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।

### शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर जोर

मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से सीएम राइज स्कूल का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही सरकारी स्कूलों और आंगनवाड़ियों को स्मार्ट बनाने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्मार्ट क्लासरूम, कंप्यूटर सुविधाएं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से जुड़ी प्रशिक्षण व्यवस्था भी विकसित की जा रही है।

## जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# संयुक्त अभियान में सात दुकान, दो मकान, झोपड़ियां और टीन शेड हटाए, अस्पताल निर्माण का मार्ग हुआ प्रशस्त





विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में तहसील जूनी अंतर्गत ग्राम खजराना स्थित शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की बड़ी कार्रवाई की गई।**

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जूनी इंदौर श्री घनश्याम धनगर के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने नगर निगम इंदौर तथा पुलिस विभाग के सहयोग से संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान ग्राम खजराना की शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 435/1/1/1, रकबा 1.200 हेक्टेयर पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाते हुए वहां निर्मित 7 दुकानें, 2 मकान, झोपड़ियां एवं अस्थायी टीन शेड को हटाया गया।

इस कार्रवाई से लगभग 6.72 करोड़ रुपये मूल्य की बहुमूल्य शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई। प्रशासन के अनुसार उक्त भूमि पर भविष्य में अस्पताल का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। शासकीय संपत्तियों की सुरक्षा तथा जनहित के कार्यों के लिए भूमि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भविष्य में भी अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध इसी प्रकार की सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## थाना चंदन नगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 40 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब सहित कार जब्त




मनोहर राजपूत

**इंदौर (विनय उजाला)।** इंदौर शहर में अवैध शराब के कारोबार और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस आयुक्त अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मयंक अवस्थी, पुलिस उपायुक्त जोन सुनील मेहता, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-4 दिशेष अग्रवाल एवं सहायक पुलिस आयुक्त अन्नपूर्णा शिवेंदु जोशी के मार्गदर्शन में थाना चंदन नगर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सौरभ कुशवाह के नेतृत्व में गठित टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि फूटी कोठी चौराहे की ओर से आ रही हुंडई ऑरा कार (क्रमांक MP 09 TB 5435) में अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन किया जा रहा है।

सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर वाहन को रोका गया। तलाशी के दौरान कार से गोवा व्हिस्की की 40 पेटियां, जिनमें कुल 345.600 लीटर अंग्रेजी शराब भरी हुई थी, बरामद की गई। पुलिस ने शराब और वाहन सहित करीब 10 लाख रुपये का मशरूका जब्त कर लिया।

पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम राहुल पिता ओमप्रकाश पटेल (29 वर्ष), निवासी ग्राम विदुर, थाना सादलपुर, जिला धार बताया। आरोपी के विरुद्ध थाना चंदन नगर में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस आरोपी से शराब के स्रोत, तस्करी नेटवर्क और इसमें शामिल अन्य व्यक्तियों के संबंध में पुलिस रिमांड पर पूछताछ कर रही है। जांच के आधार पर अन्य आरोपियों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सौरभ कुशवाह, एएसआई राजेन्द्र खारोल, आरक्षक धर्मेन्द्र यादव, मुकेश वास्केल, रवींद्र रावत, सचिन एवं नागेन्द्र की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

# लायंस क्लब प्रेरणा, युवांश, लियो क्लब युवांश का संस्थापन समारोह मनाया



विनय उजाला

**हरसूद।** लायंस क्लब हरसूद प्रेरणा, लायंस क्लब हरसूद युवांश एवं लियो क्लब हरसूद युवांश का संयुक्त संस्थापन समारोह उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन राम जाट ने तीनों क्लबों के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सेवा, नेतृत्व एवं समाजहित में कार्य करने की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्वों का विस्तार से परिचय कराते हुए निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर लियो क्लब हरसूद युवांश अध्यक्ष लियो अवधेश यादव को सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा चार्टर प्रदान किया गया। समारोह में हरसूद प्रेरणा अध्यक्ष लायन डॉ. नीलम मिश्रा, हरसूद युवांश अध्यक्ष लायन ज्ञानेंद्र तिवारी, लियो क्लब हरसूद युवांश अध्यक्ष लियो अवधेश यादव, सचिव लायन रजनी गोरखे, लायन सतीश शर्मा, लियो पंकज सेन, कोषाध्यक्ष लायन प्रेरणा मोघे, लायन महंत गरीबदास मालाकार, लियो आकाश खंडेल, प्रथम उपाध्यक्ष लायन रविंद्र पवार, लियो राघवेंद्र मालाकार, द्वितीय उपाध्यक्ष लायन ऊषा सिंह, लायन पिंकी पाल, लायन संतोष यादव, लायन दीपांशु जैन, लियो अजय अग्रवाल एवं लियो सोनू यदुवंशी सहित तीनों क्लबों के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। क्लब संस्थापक लायन प्रेरणा दुबे ने अपने उद्बोधन में हरसूद में लायंस सेवा यात्रा की शुरुआत से लेकर वर्तमान तक की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि पीडीजी लायन यश शर्मा के सहयोग से स्थापित दोनों लायंस क्लब आज हरसूद एवं आसपास के क्षेत्रों में सेवा कार्यों की विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। उन्होंने शासकीय चिकित्सालय हरसूद में संचालित नियमित स्थायी भोजन सेवा को क्लब की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन राम जाट ने हरसूद के अपने प्रथम प्रवास के दौरान लायंस एवं लियो क्लबों की सक्रिय कार्यशैली, सेवा भावना और संगठनात्मक कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की।

# ...कबड्डी के मैदान से गूंजा नशा मुक्ति का संदेश



### विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित




शैलेन्द्र सोनी

**डही।** युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित 'नशे से दूरी, है ज़रूरी 2.0' अभियान के अंतर्गत शनिवार को डही पुलिस ने पुलिस ग्राउंड में भव्य कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रोमांचक मुकाबलों के माध्यम से अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। यह आयोजन भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक धार श्री सचिन शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय डावर के निर्देशन में तथा एसडीओपी कुक्षी श्री सुनील गुप्ता के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन थाना प्रभारी डही उप निरीक्षक दिलीप कुमार तड़ेवला एवं पुलिस स्टाफ द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर एसडीओपी श्री सुनील गुप्ता ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों और उपस्थित ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए कहा कि युवा शक्ति यदि खेलों को अपनाएगी तो समाज स्वत: नशामुक्त बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा। उन्होंने सभी को 'नशे से दूरी, है ज़रूरी' की शपथ भी दिलाई और नशे से दूर रहने का संकल्प कराया। कार्यक्रम में मौजूद खिलाड़ियों, युवाओं एवं नागरिकों ने एक स्वर में 'नशे से दूरी, है ज़रूरी' का संकल्प दोहराते हुए समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया। डही पुलिस की इस पहल की क्षेत्रवासियों ने सराहना की और ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रमों को समाजहित में अत्यंत उपयोगी बताया। यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता तक सीमित नहीं रहा, बल्कि युवाओं में स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देने वाला प्रेरणादायी अभियान बन गया। डही पुलिस ने खेलों के माध्यम से यह संदेश दिया कि स्वस्थ युवा ही सशक्त समाज और विकसित भारत की नींव हैं।

## महिला एवं बाल विकास विभाग में छह राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छह अलग-अलग श्रेणियों में राज्य और जिला स्तर पर पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसमें विजेताओं को एक लाख रुपये तक की सम्मान निधि और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया जाता है।

इसके तहत बाल विवाह और दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने तथा पीड़ितों के पुनर्वास में योगदान देने वाली बालिकाओं और महिलाओं को 'रानी अवंती बाई राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, साक्षरता और पर्यावरण सुधार के क्षेत्र में प्रमाणिक कार्य करने वाली महिलाओं को 'राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार' दिया जाएगा, जबकि इसी कार्य क्षेत्र में सक्रिय पुरुषों और स्वयंसेवी संस्थाओं (NGO) के लिए 'श्री विष्णु कुमार महिला बाल कल्याण समाज सेवा' सम्मान से पुरस्कृत किया जायेगा। अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ लोहा लेने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए भी विभाग ने विशेष श्रेणियों को शामिल किया है। इनमें 'मुख्यमंत्री नारी सम्मान रक्षा पुरस्कार' और 'राष्ट्रमाता पद्मावती पुरस्कार' प्रमुख हैं, जो उन महिलाओं और पुरुषों को दिए जाएंगे जिन्होंने वर्ष 2025 के दौरान अपनी जान जोखिम में डालकर किसी महिला के सम्मान और गरिमा की रक्षा की हो।

पश्चिम रेलवे
लिफ्ट लगाने का कार्य
Sr.DEE/P/BCT ने E-टेंडर नोटिस नंबर: EL-166-160-WA-84(क्र-2) (तारीख: 03.07.2026, टू-पैकेट सिस्टम) जारी किया है। काम और जगह : मुंबई डिवीज़न (नॉन-सबअर्बन सेक्शन) - स्टेशनों के फुट ओवर ब्रिज पर लिफ्ट लगाना (27 लिफ्ट) (इलेक्ट्रिकल और सिविल काम के लिए कंबाइंड टेंडर)। काम की अनुमानित लागत : 17,09,47,471.81 रुपये। EMD: 34,19,000 रुपये। जमा करने की तारीख और समय : 27.07.2026 को 15.00 बजे तक। खोलने की तारीख और समय : 27.07.2026 को 15.30 बजे। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 0375
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे
राजकोट मण्डल
टॉ वॉल सहित अतिरिक्त ओपनिंग (3.0M X 2.0M) का प्रावधान
ई-निविदा सूचना सं. 16 वर्ष 2026-27
दिनांक : 17/07/2026
ई-निविदा सं. डीआरएम-आरजेटी-2026-27-E-40
कार्य का नाम: राजकोट मण्डल :- वरि. DEN (पूर्व)-राजकोट के क्षेत्राधिकार आधिन वावणीया-मालीया मियाणा अनुभाग के बीच कि.मी. 22/4 से 24/1-2 अंतर्गत 06 ब्रिचीज़ स्थानों पर टॉ वॉल सहित अतिरिक्त ओपनिंग (3.0M X 2.0M) का प्रावधान । NIT की अनुमानित लागत : ₹ 15,54,82,301.04 बयाना राशी: ₹ 31,09,700.00 निविदा खोलने की तिथि एवं समय: दिनांक: 12/08/2026 को 15:00 बजे। कार्यालय का पता: मण्डल रेल प्रबंधक (इंजी.), पश्चिम रेलवे, कोठी कम्पाउन्ड, राजकोट-360001 वेबसाईट: www.ireps.gov.in
RJT-087
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे
मरम्मत का कार्य
डिविजनल रेलवे मैनेजर (WA), वेस्टर्न रेलवे, छठी मंज़िल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008, ई-टेंडर नोटिस नंबर: BCT/26-27/94 (तारीख 13/07/2026) के लिए टेंडर आमंत्रित करते हैं। काम और जगह : विरार-जोरावासन सेक्शन - करमबेली गुड्स यार्ड की सड़क और प्लेटफॉर्म की सतह की मरम्मत और सुधार। काम की अनुमानित लागत : 4,07,73,672.01 रुपये। EMD: 8,15,500 रुपये। जमा करने की तारीख और समय : 11.08.2026 को 15.00 बजे तक। खोलने की तारीख और समय : 11.08.2026 को 15.30 बजे। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 0380
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे
थिक वेब स्विच की खरीद और फील्ड ट्रायल
चीफ इंजीनियर (ट्रैक सप्लाई), हेडक्वार्टर ऑफिस, पुरानी बिल्डिंग, दूसरी मंज़िल, चर्चगेट, मुंबई-400 020, टेंडर नोटिस नंबर: WTR/17/2026/01 तारीख 16.07.2026, सिर्फ ई-प्रोक्योरमेंट मोड से इन चीज़ों की सप्लाई के लिए बुला रहा है-
टेंडर नंबर: WR-26-02-TWS-ट्रायल | टेंडर की लगभग कीमत: ₹1,43,72,400/-.
शॉर्ट डिस्क्रिप्शन: आइटम (A) टंग रेल की रिलीफ प्लानिंग के बिना थिक वेब स्विच की खरीद और फील्ड ट्रायल, जिसमें RDSO ड्राइंग नंबर T-8780 Alt 4 या लेटेस्ट Alt. अगर कोई हो, के हिसाब से मौजूदा 12 थिक वेब स्विच का इस्तेमाल किया जाएगा। टेंडर की संख्या : 10 सेट।
शॉर्ट डिस्क्रिप्शन: आइटम (B) टंग रेल की रिलीफ प्लानिंग के बिना थिक वेब स्विच की खरीद और फील्ड ट्रायल, RDSO ड्राइंग नंबर T-9775 Alt 3 या लेटेस्ट Alt. अगर कोई हो, के हिसाब से मौजूदा 8.5 थिक वेब स्विच में से 1 का इस्तेमाल करना। टेंडर क्वांटिटी : 10 सेट।
नोट:- इंस्पेक्शन और मॉनिटरिंग के लिए एक प्रोफॉर्मा (एनेक्सर I) के साथ डिटेल्ड ट्रायल स्कीम RDSO के लेटर नंबर CT/PTX (पार्ट) तारीख 24-03-2026 के अनुसार है।
ई-टेंडर बॉक्स के टेंडर बंद होने की तारीख और समय :12.08.2026 को 11.30 बजे।
ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 0378
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे
विभिन्न प्रकार के कार्य
मंडल रेल प्रबंधक (WA), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008.

| क्रं. सं. | निविदा सूचना संख्या और तारीख | कार्य और स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCT/26-27/96 dt.16/07/2026 | पश्चिम रेलवे के उकाई सोंगढ - जलगांव सेक्शन के बीच, Sr. DEN (E) मुंबई सेंट्रल के ADEN/अमलनेर के अंतर्गत यार्ड में वेल्डेड मेश पैनल फेंसिंग लगाना और मौजूदा RCC बाउंड्री वॉल की ऊंचाई बढ़ाना। | 4,01,82,143.76 | 8,03,700 |
| 2 | BCT/26-27/97 dt.16/07/2026 | उकाई सोंगढ-जलगांव सेक्शन - Sr. DEN/East के अधिकार क्षेत्र में लेवल क्रॉसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, ड्रेनेज व्यवस्था और सड़क सुरक्षा बोर्ड में सुधार। | 2,63,96,455.71 | 5,27,900 |
| 3 | BCT/26-27/98 dt.16/07/2026 | उकाई सोंगढ-जलगांव सेक्शन - SSE(W) नवापुर, नंदुरबार और अमलनेर के अधिकार क्षेत्र में 2 साल के लिए पीने के पानी की आपूर्ति के कीटाणुशोधन (disinfection) के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध। | 25,05,282.24 | 50,100 |

ऊपर दी गई सभी निविदाओं को जमा करने की तारीख और समय : 11.08.2026 को 15.00 बजे तक। खोलने की तारीख और समय :11.08.2026 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। मैनुअल ऑफ़र पर विचार नहीं किया जाएगा। 0376
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

### फीफा वर्ल्डकप का महामुकाबला

# मेसी तोड़ सकते हैं बड़े रिकॉर्ड्स

## डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना की स्पेन से होगी फाइनल भिड़ंत



नई दिल्ली, एजेंसी

**फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना की भिड़ंत स्पेन के साथ होगी। खिताबी मुकाबले में अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी के टारगेट पर पांच बड़े रिकॉर्ड्स होंगे, जिन्हें वह अपने नाम करना चाहेंगे।**

मेसी का प्रदर्शन इस विश्व कप में कमाल का रहा है। वह टूर्नामेंट में 8 गोल कर चुके हैं। अब एक और गोल करने में सफल रहते हैं, तो वह खिताबी मैच में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएंगे। फिलहाल यह रिकॉर्ड निल्स लीडहोल्म के नाम है, जिन्होंने 1958 में 35 साल और 264 दिन की उम्र में फाइनल मुकाबले में गोल किया था।

कप्तान मेसी स्पेन के खिलाफ फाइनल मुकाबले में एक गोल करते हैं, तो वो टीम की ओर से फीफा विश्व कप के एक संस्करण में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। मेसी के पास गिलर्मो स्टाबिले के रिकॉर्ड को तोड़ने का सुनहरा मौका होगा। स्टाबिले ने 1930 में खेले गए विश्व कप में 8 गोल किए थे।

फाइनल में अर्जेंटीना अगर स्पेन को हराकर खिताब का बचाव करने में सफल रहती है और मेसी इस मैच में गोल कर देते हैं तो वह एक बड़े रिकॉर्ड को अपने नाम कर लेंगे। मेसी विश्व कप में विजेता टीम की ओर से सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। अभी यह रिकॉर्ड रोनाल्डो के नाम दर्ज है, जिन्होंने 2002 में चैंपियन बनी ब्राजील की ओर से 8 गोल किए थे। खिताबी मुकाबले में अगर मेसी गोल करते हैं, तो वह विश्व कप के दो फाइनल में गोल करने वाले दुनिया के छठे खिलाड़ी बन जाएंगे। यह कारनामा ब्राजील के वावा और पेले, जर्मनी के पॉल ब्रेटनर, फ्रांस के जिनेदिन जिदान और किलियन एम्बाप्पे कर चुके हैं। मेसी फीफा विश्व कप के फाइनल में खेलने वाले सबसे उम्रदराज (39 साल, 25 दिन) आउटफील्ड खिलाड़ी बन जाएंगे।




### मेसी पर रहेगी विशेष नजर : फुएंते

फाइनल से पहले स्पेन के मुख्य कोच लुइस डे ला फुएंते ने कहा है कि उनकी टीम अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी पर विशेष नजर रखेगी, लेकिन उन्हें रोकने के लिए मैन-मार्किंग की रणनीति नहीं अपनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि अपने अनुभव से वह जानते हैं कि मेसी जैसे खिलाड़ी को पूरे मैच में एक खिलाड़ी के भरोसे रोकना लगभग असंभव है। मेरा मेसी से पहला सामना तब हुआ था, जब मैं सेविला की युवा टीम का कोच था।

### फैंस के नाम होगी फाइनल की रात

## सुबह 4 बजे तक खुले रहेंगे रेस्टोरेंट और कैफे

फीफा वर्ल्ड कप की मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना इतिहास रचने से बस एक जीत दूर है। रविवार देर रात (भारतीय समय के अनुसार) मेटलाइफ स्टेडियम में खिताबी मैच खेला जाएगा, जिसमें यूरोपीय चैंपियन स्पेन पर जीत से लियोनेल स्कालोनी की टीम साल 1962 में ब्राजील के बाद वर्ल्ड कप का खिताब सफलतापूर्वक बचाने वाली पहली टीम बन जाएगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसे एक ऐसा मुकाबला बताया है, जिसे पीढ़ियां याद रखेंगी। इस मुकाबले के लिए राजधानी के रेस्टोरेंट और कैफे सुबह 4 बजे तक फैंस के लिए खुले रहेंगे।

### फाइनल को लेकर भारतीय फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह

अर्जेंटीना की टीम रविवार देर रात स्पेन के खिलाफ खिताबी मैच में भिड़ेगी। भारत में भी इस मुकाबले को लेकर फैंस के बीच काफी उत्सुकता का माहौल बना हुआ है। मुंबई डायनामोज एफसी की खिलाड़ी नियति गाडा ने कहा मुझे लगता है कि ये मुकाबला बेहद रोमांचक होगा। इस मुकाबले में आक्रामक खेल देखने को मिलेगा। मैं स्पेन का समर्थन कर रही हूं, क्योंकि उनके पास काफी टैलेंट है। इस टीम में लामिन यमाल और पाउ कुबार्सी जैसे युवा खिलाड़ी हैं।



### कोच की रणनीति से तय होगा नतीजा : अमिताभ बच्चन

खिताबी मुकाबले को लेकर बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन का कहना है कि टूर्नामेंट में बचे सभी खिलाड़ी सुपरस्टार हैं, लेकिन असली विजेता का फैसला कोच की रणनीति और समझदारी से होगा। अमिताभ ने अपने ब्लॉग पर इंग्लैंड के खिलाफ अर्जेंटीना के साहसी सब्स्टिट्यूशन (खिलाड़ी बदलने) पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने इस जोखिम भरे, लेकिन निर्णायक कदम की तारीफ करते हुए इसे निडर गेम मैनेजमेंट का सबूत बताया। बिग बी ने लिखा जब आप चैंपियनशिप के आखिरी पड़ाव पर पहुंचते हैं और आपस में मुकाबला करने के लिए सिर्फ 4 टीमें बची होती हैं तो भविष्यवाणी करना मुश्किल होता है।



# जापान ओपन में सिंधु को मिला फाइनल का टिकट

## चोट के कारण सेमीफाइनल मैच से हटीं चैन युफेई

टोक्यो, एजेंसी

पीवी सिंधु शनिवार को जापान ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के महिला सिंगल्स फाइनल में पहुंच गई हैं। चीन की दुनिया की नंबर 4 खिलाड़ी चैन युफेई सेमीफाइनल के बीच में ही चोट के कारण हट गईं, जिसके बाद भारतीय स्टार खिलाड़ी को इस सीजन के पहले फाइनल का टिकट मिल गया। सिंधु मैच में पूरी तरह हावी नजर आईं और वह 21-19, 15-10 से आगे चल रही थीं, तभी पूर्व ओलंपिक चैंपियन चैन को हैमस्ट्रिंग की संभावित चोट के कारण हटना पड़ा। इससे पहले भारतीय खिलाड़ी ने पहले गेम के बीच में चार अंकों की बढ़त बना ली। चैन ने वापसी करते हुए स्कोर 19-19 से बराबर किया, लेकिन सिंधु ने आखिरी पलों में संयम बनाए रखा और अपने पहले गेम प्वाइंट को भुनाते हुए पहला गेम 21-19 से जीत लिया।

दूसरे गेम में भी कुछ ऐसा ही हुआ। सिंधु ने शुरुआत से ही रैलियों पर दबदबा बनाए रखा और तेजी से 15-10 की बढ़त बना ली। इसके बाद चैन युफेई चोट से जूझती नजर आईं और उन्होंने आखिर में मैच से हटने का फैसला लिया। इससे पहले, शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल मैच से ठीक पहले जापान की नोजोमी ओकुहारा के हटने के बाद सिंधु जापान ओपन सुपर 750 के महिला सिंगल्स सेमीफाइनल में पहुंची थीं।


### राष्ट्रमंडल खेलों के उद्घाटन समारोह में भारत की ध्वजवाहक होंगी मीराबाई चानू और लवलीना बोरगोहेन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने घोषणा की है कि ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू और लवलीना बोरगोहेन 23 जुलाई को ग्लासगो में होने वाले 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के उद्घाटन समारोह में भारतीय दल की ध्वजवाहक और बैटन वाहक होंगी। शनिवार को भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने दोनों खिलाड़ियों के नामों की घोषणा करते हुए कहा यह हमारे लिए गर्व की बात है कि मीराबाई और लवलीना ओवीओ हाइड्रो में यह सम्मान प्राप्त करेंगी। मैं दोनों खिलाड़ियों और पूरे भारतीय दल को शुभकामनाएं देती हूं। टोक्यो ओलंपिक की पदक विजेता मीराबाई चानू और लवलीना बोरगोहेन के लिए यह बेहद गर्व का क्षण होगा।

## पिछली गलतियों से सबक लेकर उतरेगी मेहमान टीम

### लॉर्ड्स में आज खेला जाएगा निर्णायक वनडे



**लंदन, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच रविवार को लॉर्ड्स के मैदान पर वनडे सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला खेला जाना है। भारत ने बर्मिंघम में खेले गए मुकाबले को 6 विकेट से अपने नाम करने के बाद कार्डिफ में खेला गया दूसरा मुकाबला 4 विकेट से गंवा दिया था। अब 'होम ऑफ क्रिकेट' पर खेला जाने वाला मैच सीरीज का विजेता तय करेगा। भारत के लिए, कार्डिफ में हार के बावजूद विराट कोहली का लय में लौटना एक बड़ी सकारात्मक बात रही, जो 65 रनों की शानदार पारी के दौरान आत्मविश्वास में नजर आए थे। रोहित की फॉर्म एक बड़ी चिंता का विषय बनी हुई है।

**भारत की टीम...** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बरार, प्रिंस यादव।

**इंग्लैंड की टीम...** हैरी ब्रूक (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर (विकेटकीपर), जेम्स कोल्स, सैम करन, लियाम डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, साकिब महमूद, आदिल राशिद, जो रूट, जोश टोंग।

## बॉलीवुड

### रकुलप्रीत सिंह ने तेलुगु और बॉलीवुड जगत से की तुलना

# ...हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में लोग सपोर्ट नहीं करते

मुंबई, एजेंसी

**अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह कई तेलुगु और हिंदी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने दोनों इंडस्ट्रीज में काम करने के माहौल के बारे में बात की।**

उन्होंने बताया कि उन्हें लगता है कि टॉलीवुड में लोग एक बड़े परिवार की तरह काम करते हैं, जबकि बॉलीवुड में माहौल अलग होता है। रकुल प्रीत सिंह ने हाल ही में बॉलीवुड हंगामा से बात करते हुए बताया कि तेलुगु इंडस्ट्री ने हमेशा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया है और सपोर्ट किया है। रकुल के मुताबिक, वहां के एक्टर्स, डायरेक्टर्स और प्रोड्यूसर्स हमेशा एक-दूसरे का हौसला बढ़ाने के लिए तैयार रहते हैं।

### तेलुगु इंडस्ट्री बहुत एकजुट है...

रकुल प्रीत सिंह ने बताया कि उन्होंने क्या सीखा? उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम सच में पीछे हैं। मेरी ट्रेनिंग तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में हुई है और वह इंडस्ट्री बहुत एकजुट है। मैंने कई बार कहा है कि जब मैं बॉम्बे आई, तो मुझे अचानक एहसास हुआ कि हर कोई इतना कॉम्पिटिटिव क्यों है? वहां भी कॉम्पिटिशन है, लेकिन लोग एक-दूसरे की फिल्मों को सपोर्ट करते हैं।

### बॉलीवुड में असुरक्षा की भावना

रकुल प्रीत सिंह ने आगे कहा, हम एक-दूसरे की फिल्म की स्क्रीनिंग या प्रीमियर में जाते थे। उसके बारे में बात करते थे या सक्सेस पार्टी में जश्न मनाते थे। ऐसा नहीं था कि कौन जा रहा है, इसलिए मैं भी जाऊंगी। हर कोई बस एक-दूसरे की मदद के लिए तैयार रहता था। मुझे लगता है कि अगर हम मुंबई की फिल्म इंडस्ट्री में भी वैसी ही भावना ले आएं, तो हम सच में बहुत मजबूत बन सकते हैं। मुझे लगता है कि असुरक्षा की भावना ऐसा नहीं करने देतीं और यह खुद पर काम करने वाली बात है।



### ओटीटी के बोल्ड कंटेंट पर ईशा बोलीं

# यहां पर कोई संत नहीं है...



टेलीविजन अभिनेत्री ईशा सिंह रियलिटी शोबिग बॉस सीजन-18 में नजर आई थीं। वह शो की फाइनलिस्ट बनीं और शानदार तरीके से खेलते हुए छठे स्थान पर रही थी। अभिनेत्री ने हाल ही में ओटीटी और टीवी रियलिटी शोज की बात की। उन्होंने बताया कि ओटीटी रियलिटी शोजअलायंस औरलॉक-अप लोगों की असलियत दिखा रहे हैं। लोग अगर गाली-गलौज वाली भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो वो उनकी असलियत है। असल जिंदगी में लोग अक्सर ऐसे ही बात करते हैं। अभिनेत्री रियलिटी शोबिग बॉस सीजन-18 का हिस्सा रह चुकी हैं। उनसे जब लॉक अप औरअलायंस जैसे शो से आने वाले बोल्ड कंटेंट के बारे में पूछा गया, तो अभिनेत्री ने बताया कि यह शो ओटीटी पर स्ट्रीम हो रहे हैं, तो उनके पास सीन हो या भाषा के लिए ज्यादा आजादी है। ईशा ने कहा, देखिए, जब हमारे दर्शक इन शो को देखते हैं, तो वे बोलते हैं कि ऐसी अभद्र भाषा में बात कर रहे हैं। मेरा मानना है कि लोग असल जीवन में ऐसे ही बात करते हैं, फर्क इतना है कि ओटीटी शोज में दिखता है, जबकि बिग-बॉस टीवी पर प्रसारित होता है।

# झोली में नई फिल्म



ऐसा लगता है कि जाह्नवी कपूर 'पेद्दी' के विवाद से उबर गई हैं। इस मामले के लगभग एक महीने के बाद अभिनेत्री ने निर्देशक उमेश बिश्ट के साथ अपनी अगली बड़ी फिल्म साइन की है। यूजर्स का इल्जाम था कि 'पेद्दी' में जाह्नवी कपूर ने कई आपत्तिजनक सीन किए थे। विवाद बढ़ने पर निर्माताओं ने फिल्म में बदलाव किए थे। वैरायटी इंडिया के अनुसार, जाह्नवी कपूर का नया प्रोजेक्ट का अभी तक कोई शीर्षक नहीं है। इसे एकता कपूर की बालाजी मोशन पिक्चर्स और गुनीत मोंगा की सिख्या एंटरटेनमेंट का समर्थन मिला है। कलाकार और क्रू इस साल अक्तूबर-नवंबर के आसपास शूटिंग शुरू करेंगे। कहानी, शैली और कलाकारों के संबंध में अभी तक ज्यादा जानकारी नहीं है।

### 'पगलैट 2' पर काम कर रहे उमेश बिश्ट

दूसरी ओर, उमेश बिस्ट 'पगलैट 2' के निर्देशन में भी व्यस्त हैं। यह 2021 नेटफ्लिक्स फिल्म की अगली कड़ी है। उम्मीद है कि सान्या मल्होत्रा संध्या के रूप में अपनी मुख्य भूमिका निभाएंगी। दूसरा भाग कहानी को आगे बढ़ाएगा।

### जाह्नवी के किरदार पर उठे सवाल

'पेद्दी' में जाह्नवी की भूमिका ने सिनेमा में महिलाओं के वस्तुकरण पर एक बहस छेड़ दी थी। कई दर्शकों ने फिल्म के कैमरा एंगल, क्लोज-अप शॉट्स और रोमांटिक दृश्यों की आलोचना की थी। लोगों का कहना था मेकर्स ने चरित्र को एक सार्थक भूमिका देने के बजाय दृश्य वस्तु में बदल दिया, जबकि कुछ ने जाह्नवी को दोषी ठहराया। **निर्देशक ने मांगी माफी...** प्रतिक्रिया के बाद, निर्देशक बुची बाबू सना ने माफी मांगी और फिल्म से विवादास्पद दृश्य हटा दिए। इस मुद्दे पर जया बच्चन, करीना कपूर खान, निथ्या मेनन, जगपति बाबू और डिंपल हयाथी सहित मशहूर हस्तियों की प्रतिक्रियाएं भी आईं।

### 72वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा

# कार्तिक-यामी ने मारी बाजी...

## धनुष की 'रायन' बेस्ट फीचर फिल्म, 'श्रीकांत' को बेस्ट हिंदी फिल्म का अवॉर्ड





मुंबई, एजेंसी

2024 में रिलीज हुई फिल्मों के लिए नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स का अनाउंसमेंट कर दिया गया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने शनिवार को 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा की, जिसमें श्रीकांत ने प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ हिंदी फीचर फिल्म का सम्मान जीता।

बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड ममूटी और कार्तिक आर्यन ने शेयर किया, वहीं यामी गौतम को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। आर्यन ने अपनी फिल्म चंदू चैंपियन और यामी गौतम ने आर्टिकल 370 का अवॉर्ड जीता है। दूसरी ओर धनुष की रायन ने बेस्ट तमिल फिल्म और राजकुमार राव की श्रीकांत को बेस्ट हिंदी फिल्म का अवॉर्ड दिया गया है।

### फीचर फिल्म्स के लिए दिए गए अवॉर्ड्स

बेस्ट तुलु फिल्म- इम्बू (तुलु)
बेस्ट तेलुगु फिल्म- कमिटी कुरोलू
बेस्ट तमिल फिल्म- रायन
बेस्ट ओड़िया फिल्म-लहरी
बेस्ट मराठी फिल्म- मुक्कुम पोस्ट बोमबिलवाली
बेस्ट मणिपुरी फिल्म-सुनीता
बेस्ट मलयालम फिल्म- फेमिनिची फातिमा
बेस्ट कोंकणी फिल्म- मोग असुम
बेस्ट कन्नड़ फिल्म- मिथ्या
बेस्ट हिंदी फिल्म - श्रीकांत
बेस्ट गुजराती फिल्म - मारन
बेस्ट फीचर फिल्म नेशनल सोशल- कैप्टन मिलर (तमिल)
बेस्ट पॉपुलर फिल्म एंटरटेनमेंट- कल्कि 2898 एडी (तेलुगु)
बेस्ट डेब्यू फिल्म ऑफ डायरेक्टर- स्वातंत्र्य वीर सावरकर- रणदीप हुड्डा
बेस्ट फीचर फिल्म-आर्टिकल 370

# विकास कार्यों की सुस्त चाल पर भड़के निगम आयुक्त

## रात्रिकालीन कार्य संतोषजनक न मिलने पर निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** बाबा महाकाल की शाही सवारी के मद्देनजर शहर में चल रहे विभिन्न चौड़ीकरण एवं विकास कार्यों का शुक्रवार देर रात निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान छत्रीचौक से कंठाल चौराहे तक रात्रिकालीन शिफ्ट में कार्य की बेहद धीमी और असंतोषजनक प्रगति पाए जाने पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित निर्माण एजेंसी को तत्काल प्रभाव से कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लेती-लतीफी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी निर्माण एजेंसियां निर्धारित समय-सीमा और तय गुणवत्ता के साथ ही शेष कार्यों को पूरा करें। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त मिश्रा ने हरसिद्धि पाल से रामघाट तक बाबा महाकाल के पारंपरिक सवारी मार्ग का गहन जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मार्ग पर बनाई जा रही गेबियन वॉल का विशेष रूप से सौंदर्यीकरण किया जाए। इसके साथ ही महाकाल सवारी शुरू होने से पहले मार्ग पर पाइपलाइन, चैंबर दुरुस्ती, डामरीकरण और रिटर्निंग वॉल का निर्माण कार्य हर हाल में पूरा कर लिया जाए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए उन्होंने मार्ग पर पड़े मलबे को तुरंत हटाने, मुस्तैद सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने और प्रभावित भवनों के खतरनाक छज्जों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं को सुलभ दर्शन कराने के उद्देश्य से महाकाल मंदिर पार्किंग से 24 खंभा मार्ग तक बन रहे नवीन मार्ग का भी आयुक्त ने बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने महाराजवाड़ा से कहारवाड़ी तक 12 मीटर चौड़ाई के मार्ग चौड़ीकरण, सबग्रेड और रिटर्निंग वॉल के काम में तेजी लाने को कहा। चौबीस खंभा मार्ग पर आरसीसी पाइपलाइन बिछाने के दौरान खुदाई वाले क्षेत्रों में सुरक्षा बैरिकेडिंग करने, मलबा हटाने और एक महीने के भीतर रिटर्निंग वॉल का काम पूरा करने की समय-सीमा तय की। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री आरके जैन, कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, सहायक यंत्री निर्झर शुक्ला, दीपक टोकरिया, आकाश राजपूत, भवन अधिकारी राजकुमार राठौर और उपयंत्री राजेन्द्र रावत सहित संबंधित निर्माण एजेंसियों के इंजीनियर्स व प्रतिनिधि शामिल थे।



### रीगल टॉकीज शॉपिंग कॉम्प्लेक्स

रीगल टॉकीज शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने ठेकेदार को स्लैब कास्टिंग और शटरिंग का काम जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। चूंकि यह क्षेत्र पटनी बाजार की ओर बाबा महाकाल की सवारी के मार्ग से जुड़ता है, इसलिए उन्होंने सवारी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा और गुणवत्ता से कोई भी समझौता न करने की हिदायत दी।



### निर्देशों का असर नहीं, एजेंसी पर गिरेगी गाज

छत्रीचौक से कंठाल चौराहे तक निर्माणाधीन मार्ग के निरीक्षण के दौरान आयुक्त का पारा चढ़ गया। दो दिन पूर्व ही इस मार्ग को लेकर कड़े निर्देश दिए गए थे, लेकिन रात्रिकालीन शिफ्ट में प्रगति शून्य और असंतोषजनक पाई गई। इस पर भड़के आयुक्त ने निर्माण एजेंसी को नोटिस थमाने के आदेश दिए। उन्होंने एजेंसी के प्रतिनिधि को सख्त लहजे में कहा कि नाली निर्माण के बाद बचे मलबे को तुरंत साफ करें और सीआरएम व डीएलसी सड़क निर्माण का कार्य तत्काल शुरू करें। साथ ही तय सीमा में शेष बचे भवनों को हटाने और मंदिर विस्थापन के साथ खड़े हनुमान से छत्री चौक तक नाली निर्माण कार्य को युद्ध स्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए।

# नर्मदा परियोजना के उपकरण चुराते आरोपी रंगेहाथ गिरफ्तार

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** तराना क्षेत्र में शुक्रवार शाम नर्मदा परियोजना से इजराइल से मंगाए गए कीमती उपकरण चोरी करते हुए एक आरोपी को अधिकारियों और ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। पकड़े जाने के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपी की जमकर पिटाई कर दी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोपी के पास से इजराइल से मंगाए गए 28 पीएफसीएमबी वाल्व बरामद किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 67,200 रुपए बताई जा रही है। इन उपकरणों की लगातार हो रही चोरी से क्षेत्र के 55 गांवों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने का खतरा पैदा हो गया था।

नर्मदा परियोजना में आईआर पद पर पदस्थ अधिकारी रितेश दीक्षित ने बताया कि तराना, शाजापुर, मक्सी और महिदपुर के ग्रामीण एवं औद्योगिक क्षेत्रों में जलापूर्ति के लिए 1,540 ओएमएस बॉक्स लगाए गए हैं। इन बॉक्स में इजराइल से मंगाए गए विशेष वाल्व लगे हैं, जिनकी मदद से कंट्रोल रूम से ही पानी की सप्लाई नियंत्रित की जाती है।



पिछले कई दिनों से ग्राम करंज, नाटाखेड़ी, बघेरा और पल्दुना से ये वाल्व चोरी हो रहे थे। शुक्रवार को नाटाखेड़ी प्रोजेक्ट पर तैनात कर्मचारी बलराम गुर्जर ने संदिग्ध युवक को बॉक्स से वाल्व निकालते हुए दबोच लिया। आरोपी की पहचान दरबार सिंह गुर्जर निवासी भैसाखेड़ी जिला देवास के रूप में हुई है। अधिकारियों ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया है, जहां पुलिस ने मामला दर्ज कर अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# कालिदास अकादमी में बिखरे कथक के रंग

## आगमन सीजन 3 में शिंजिनी कुलकर्णी की प्रस्तुति ने मोहा मन



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** कालिदास अकादमी में सांस्कृतिक संध्या आगमन सावन का आमदः सीजन 3 का भव्य आयोजन किया गया। हाउसफुल दर्शकों की उपस्थिति के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना शिंजिनी कुलकर्णी ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश सिंह कुशवाह थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. पूनम व्यास, हेमंत व्यास और डॉ. सलूजा उपस्थित रहे। खुशी राजेश लश्करी के निर्देशन में आयोजित इस संध्या में उनकी कथक यात्रा और आगमन की प्रेरणा पर आधारित एक विशेष डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। आयोजन के दौरान आकाश लश्करी को बेस्ट एंटरप्रेन्योर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अतिथियों और दर्शकों ने कार्यक्रम की उत्कृष्ट गुणवत्ता, अनुशासित प्रबंधन और सांस्कृतिक गरिमा के लिए खुशी लश्करी के नेतृत्व की जमकर प्रशंसा की। अंत में खुशी लश्करी ने अपने परिवार, सहयोगियों, प्रायोजकों और दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# आज भगवान जगन्नाथ की निकलेगी रथ यात्रा

**नागदा, निप्र।** श्रीकृष्ण भावना अमृत संघ नागदा एवं उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तृतीय भव्य श्री जगन्नाथ यात्रा रविवार 19 जुलाई को सुबह 11:30 बजे डॉ. शर्मा के निवास से निकलेगी, जो एप्रोच रोड, शेषशाई कॉलेज, पुराना बस स्टैंड और रामसहाय मार्ग होते हुए कृषि उपज मंडी पहुंचेगी। कृषि उपज मंडी से भगवान का दिव्य रथ प्रस्थान करेगा। यह यात्रा महात्मा गांधी मार्ग, जवाहर मार्ग, पुराना बस स्टैंड और महिदपुर रोड होते हुए ज्योतिश्री गार्डन पहुंचेगी। श्री राधा-कृष्ण की जीवंत झांकी, संकीर्तन मंडलियां और हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। आयोजन समिति ने पुरुष श्रद्धालुओं से सफेद कुर्ता-पायजामा व पीला दुपट्टा और महिलाओं से लाल या परिधान में आने का आग्रह किया है।

# खाद्य विभाग ने नमकीन दुकान और बेकरी पर मारा छापा

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** बाजार में नकली और मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के कड़े निर्देशों के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर में शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए सतर्कता बढ़ा दी है। इसी क्रम में शनिवार को मिली एक शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने शहर के दो प्रमुख प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की।

मिली जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छोटा सराफा स्थित विकास नमकीन एण्ड स्वीट्स का औचक निरीक्षण किया। यहाँ से टीम ने मिलावट की आशंका के चलते मूंगफली दाना चकती और आम पाक बर्फी के नमूने जब्त किए। इसके बाद टीम तोपखाना रोड स्थित अमन बेकरी पहुँची, जहाँ से



रोस्टेड ब्रेड का नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि दोनों प्रतिष्ठानों से एकत्र किए गए सभी नमूनों को सील कर विस्तृत जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेज दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आम उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि वे जागरूक रहें। यदि उन्हें बाजार में कहीं भी अशुद्ध, मिलावटी या घटिया खाद्य सामग्री की बिक्री की आशंका या शिकायत हो, तो इसकी सूचना तुरंत खाद्य सुरक्षा विभाग को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। प्रशासन का उद्देश्य हर नागरिक को स्वच्छ और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है।

# छात्र परिषद का गठन : कुमकुम बनीं हेड गर्ल

**नागदा जं., निप्र।** स्थानीय एगोशदीप विद्यालय में छात्र नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सदन विभाजन कर दायित्व सौंपे गए। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा मतदान प्रक्रिया के आधार पर विभिन्न गतिविधियों के लिए छात्र पदाधिकारियों का चयन किया गया। कीर्ति शर्मा ने बताया कि छात्रा कुमकुम रावल को स्कूल की हेड गर्ल का महत्वपूर्ण पदभार सौंपा गया है।

# नगर पालिका को मिला 61,464 पौधों का लक्ष्य

विनय उजाला

**नागदा जं., निप्र।** मध्यप्रदेश शासन के एक पेड़ माँ के नाम अमृत हरित महाअभियान-2026 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद नागदा को 61,464 पौधे लगाने का लक्ष्य मिला है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने लक्ष्य प्राप्ति के लिए उद्यान शाखा के कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी है। सभी कर्मचारियों के लिए रोपे गए पौधों की जियोटैगिंग करना और वायुदूत ऐप पर उसकी ऑनलाइन एंट्री करना अनिवार्य किया गया है। कार्य में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस महाअभियान में ग्रेसिम इंडस्ट्रीज, केमिकल, गुलब्रांडसन, लैक्सस जैसी औद्योगिक संस्थाओं सहित विभिन्न शासकीय विभागों, स्कूलों, एनजीओ और सामाजिक संस्थाओं को भी सहभागी बनाकर लक्ष्य सौंपे गए हैं। शहर के सार्वजनिक स्थलों, पार्कों, श्मशान घाटों, स्कूलों और घर-घर में पौधारोपण किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष संतोष गेहलोत एवं समस्त पार्षदों ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान को जनआंदोलन बनाएं, पौधे लगाएं और वायुदूत ऐप या मेरी लाइफ पोर्टल पर प्रविष्टि दर्ज कराकर नागदा को पर्यावरण-अनुकूल बनाने में सहयोग करें।

# कन्या महाविद्यालय में हुई ग्रीटिंग कार्ड कार्यशाला

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में इको क्लब के तत्वावधान में बॉटनिकल हैंडमेड ग्रीटिंग कार्ड वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में छात्राओं को सूखे फूलों और पत्तियों जैसी प्राकृतिक सामग्रियों से आकर्षक कार्ड बनाने का प्रशिक्षण देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि यदि हमें प्रकृति को संवारना और संस्कृति को बचाना है, तो विकृति से दूर रहना होगा।



संस्कृति और प्रकृति के माध्यम से ही जीव जगत का कल्याण संभव है। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल के बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन विभाग के डॉ. हितेंद्र कुमार राम ने कहा कि यह कार्यशाला वनस्पति विज्ञान के वैज्ञानिक सिद्धांतों, हस्तशिल्प और पर्यावरण जागरूकता को एक मंच पर लाने का एक अनूठा प्रयास है। डॉ. राम ने बताया कि प्रकृति स्वयं सबसे महान कलाकार है और प्राकृतिक संसाधनों का ऐसा रचनात्मक उपयोग रिड्यूस, रीयूज और रीसायकल की भावना को बढ़ावा देता है।

इससे पहले प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने मुख्य अतिथि का पौधा भेंट कर स्वागत किया। कार्यशाला संयोजक डॉ. एकता दूबे ने अतिथि परिचय व रूपरेखा प्रस्तुत की। इको क्लब प्रभारी डॉ. कविता जैन मंगलम ने क्लब के गठन और उसकी कार्यशैली की जानकारी दी।

# स्कूल में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

विनय उजाला

**नागदा जं., निप्र।** पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत 18 जुलाई को नागदा थाना पुलिस टीम द्वारा मदर मेरी हायर सेकेंडरी स्कूल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में थाना नागदा की उपनिरीक्षक योगिता उपाध्याय, प्रधान आरक्षक आशीष नासंकलर, आरक्षक मिथुन और रोहित यादव ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इसमें कक्षा 6वीं से 12वीं तक के करीब 150 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया। पुलिस टीम ने छात्रों को नशे के दुष्परिणामों और उससे बचने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी। इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहने के तरीके और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व आपातकालीन नंबर 112 के बारे में बताया गया। इस दौरान स्कूली छात्रों ने नशा मुक्ति विषय पर दो प्रभावी लघु नाटकों का मंचन भी किया। अंत में सभी को नशे से दूर रहने और समाज को जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया।

# सुरीली शाम में गूंजे सदाबहार तराने



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों और विकासवाहिनी की संस्था जीवन संगीत' द्वारा कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्य गृह में एक सुरीली संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गायकों ने हिंदी फिल्मों के सदाबहार रोमांटिक गीतों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को आनंदित कर दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ रंगकर्मी नितिन सेठिया को जीवन संगीत कला सम्मान से नवाजा गया। इससे पहले अतिथियों ने मां वाग्देवी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संगीत संध्या में भालचंद्र कुलकर्णी और भारती कुलकर्णी ने मुझे कितना प्यार है तुमसे गाकर खूब तालियां बटोरीं। प्रकाश बांगर व पूर्णिमा नाटानी ने तुझ संग प्रीत लगाई सजना युगल गीत पेश किया। इसके बाद योगेश यादव ने दिल बेकरार सा है, प्रशांत सोहले ने तुम दिल की धड़कन में, विजय जोशी ने सिमटी सी शरमाई सी और रवि चौबे ने गुलाबी आंखें गीत गाकर समां बांध दिया।

## विधायक अनिल जैन ने दी विकास कार्यों की सौगात

# स्कूल भवन का किया लोकार्पण, छात्राओं को वितरित की साईकल

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** उत्तर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 में शनिवार को गरिमामयी कार्यक्रम में नए प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण किया गया। क्षेत्र के विधायक अनिल जैन कालुहेड़ा ने 40 लाख रुपये की लागत से तैयार हुए इस आधुनिक स्कूल भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस नए भवन के निर्माण से क्षेत्र के बच्चों को अब बेहतर और सर्वसुविधायुक्त माहौल में शिक्षा मिल सकेगी। लोकार्पण समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में कलावती यादव, संजय अग्रवाल, म.प्र. पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष सौभाग्यसिंह ठाकुर, म.प्र. कर्मचारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रमेशचंद्र शर्मा और उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी उपस्थित रहे। इसके साथ ही रामा गुरु, रितेश जाटिया, संजय कोरट, सुभाष डोडिया, विजय सिंह चौहान, शानू



मेहता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और आमजन मौजूद थे। विधायक कालुहेड़ा ने बताया कि 40 लाख रुपये की लागत से तैयार इस नव निर्मित प्राथमिक शाला भवन में छात्र-छात्राओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। स्कूल में हवादार और सुसज्जित कक्षाएं, बच्चों के बैठने के लिए आधुनिक बेंच व कुर्सियां और खेलकूद के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। लोकार्पण के इस



खास मौके पर स्कूल के छात्र-छात्राओं को शासन की योजना के तहत साइकिलों का वितरण भी किया गया, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ देखी जा सकती थी। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने कहा कि शिक्षा के स्तर को सुधारने और बच्चों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने के लिए सरकार और स्थानीय प्रशासन लगातार प्रतिबद्ध है। यह नया स्कूल भवन क्षेत्र में शिक्षा की नींव को और मजबूत करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल भवन का 15 अगस्त तक कराएं लोकार्पण : शुक्ल



### उप मुख्यमंत्री ने मार्तण्ड स्कूल, सेंट्रल लाइब्रेरी निर्माण का लिया जायजा

**भोपाल ( विनय उजाला )।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शासकीय मार्तण्ड उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 रीवा में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने निर्माण एजेंसी को तय समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा कराने की हिदायत दी। निरीक्षण के समय पूर्व पार्षद सतीश सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलाल मिश्रा, प्राचार्य सुदामालाल गुप्ता तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने बैजू धर्मशाला के पास स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी के नवीन भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि भवन का निर्माण कार्य पूरा करा कर 15 अगस्त तक लोकार्पण करायें। इसमें किताबों और पत्रपत्रिकाओं के पढ़ने की व्यवस्था के साथ ई-लाइवब्रेरी की व्यवस्था करें। अब सभी विद्यार्थी इंटरनेट के माध्यम से जानकारियाँ प्राप्त करते हैं। ई-लाइवब्रेरी उपकरण तथा कम्प्यूटर आपरेटर की 15 अगस्त तक व्यवस्था कर लें। निर्माण कार्य तय समय सीमा में अनिवार्य रूप से पूरा करायें। उप मुख्यमंत्री ने सेंट्रल लाइब्रेरी में अध्ययनरत बच्चों से भी संवाद किया। निरीक्षण के समय पार्षद समीर शुक्ला, राजगोपाचारी मिश्रा, लोक निर्माण विभाग तथा हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सेंट्रल लाइब्रेरी के नवीन भवन का निर्माण पुर्नधनत्वीकरण योजना से 23 करोड़ 69 लाख रूपये की लागत से कराया जा रहा है। इसमें 160 सीटों में पठन-पाठन की व्यवस्था फर्निचर तथा अन्य उपकरण लगाये जायेंगे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव 10.54 लाख किसानों के खातों में 1460.25 करोड़ की राशि आज करेंगे अंतरित

**भोपाल ( विनय उजाला )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 19 जुलाई को भोपाल जिले के जगदीशपुर से 10.54 लाख किसानों के खातों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की राशि 1460.25 करोड़ अंतरित करेंगे। इसी दिन जगदीशपुर में मंत्रि-परिषद की बैठक भी होगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के आरंभ वर्ष से वर्ष 2024-25 तक 30,942.34 करोड़ रूपये का भुगतान प्रभावित कृषकों को किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी एवं महत्वपूर्ण योजना है। प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसल क्षति होने पर कृषकों को बीमा दावा भुगतान कर उनके वित्तीय हितों की रक्षा करना ही इस योजना का प्रमुख उद्देश्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस बार अल-नीनो प्रभाव के कारण अच्छे मानसून का अनुमान नहीं है। ऐसी स्थिति में किसान भाई अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा निर्धारित तिथि से पूर्व करवा लें जिससे उपज में हानि होने पर वित्तीय सहायता प्राप्त हो सके। मध्यप्रदेश सरकार हर परिस्थिति में कृषकों के साथ है एवं कृषकों के हित के लिए निरन्तर कार्य कर रही है।

### संस्कार, शिक्षा एवं प्रेरणा का आधार बनेगा गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल ( विनय उजाला )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विद्यार्थियों में अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान तथा भारतीय संस्कार और सांस्कृतिक परम्पराएं विकसित करने के लिए हम विद्यालयों में सभी प्रबंध कर रहे हैं। इसी उद्देश्य से प्रदेश के सभी शासकीय विद्यालयों में 15 से 29 जुलाई तक 'गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा' आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा आम जन में संस्कार, शिक्षा एवं प्रेरणा का आधार बनेगा।

#### जगदीशपुर में आज होगी मंत्रि-परिषद् की बैठक

# डॉ. यादव ने की कैबिनेट बैठक, विधानसभा सत्र की तैयारियों की समीक्षा



विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में एक उच्च स्तरीय बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार, 19 जुलाई को भोपाल जिले के ग्राम जगदीशपुर के पुरातात्विक धरोहर स्थल में होने वाली मंत्रि-परिषद् की बैठक एवं सोमवार, 20 जुलाई से प्रारंभ होने वाले विधानसभा के मानसून सत्र की तैयारियों की गहन समीक्षा की।

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद् की बैठक में अनुमोदन के लिए लाये जाने वाले विधेयक प्रस्तावों की विस्तार से जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

**ये रहे उपस्थित-** बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा एवं संसदीय कार्य अनुपम राजन, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग एवं संस्कृति शिवशेखर शुक्ला, अपर मुख्य सचिव नगरीय प्रशासन एवं आवास संजय दुबे, अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन राघवेन्द्र कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कौशलेन्द्र विक्रम सिंह सहित सचिव, अपर सचिव एवं उप सचिव स्तर के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## संभाग आयुक्त शर्मा और आईजी वर्धन ने कार्यक्रम स्थल पर देखीं व्यवस्थाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 19 जुलाई, रविवार को जगदीशपुर में होने वाली कैबिनेट बैठक की व्यवस्थाओं के संबंध में शनिवार को भोपाल संभाग आयुक्त कर्मवीर शर्मा और आईजी (देहात रेंज) भोपाल रुचि वर्धन ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर सारी व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने बैठक के सफल एवं सुचारू संपादन के संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, डीआईजी राजेश सिंह चंदेल, एसपी (देहात) पंकज पाण्डे सहित संबंधित विभागों के जिला एवं संभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान संभाग आयुक्त शर्मा ने निर्देश दिए कि बैठक के महत्व को देखते हुए सभी तैयारियां पूरी तरह चाक-चौबंद और त्रुटिहीन होनी चाहिए। उन्होंने वहां बैठक व्यवस्था, सुरक्षा मानकों, सौंदर्यीकरण तथा ई-कैबिनेट के लिए आवश्यक आधुनिक तकनीकी प्रबंधों को देखा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे दिए गए दायित्वों का पूरी निष्ठा और तत्परता के साथ निर्वहन करें।



### भोपाल के अलावा इन स्थानों पर हो चुकी हैं बैठकें

- **3 जनवरी 2024 :** जबलपुर के शक्ति भवन में।
- **5 अक्टूबर 2024 :** दमोहके सिंग्रामपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती के सम्मान में।
- **24 जनवरी 2025 :** लोकमाता अहिल्याबाई की नगरी महेश्वर में।
- **20 मई 2025 :** देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300 वें जयंती वर्ष पर इंदौर में।
- **3 जून 2025 :** पचमढ़ी में राजा भभूत सिंह के शौर्य को समर्पित।
- **9 दिसम्बर 2025 :** खजुराहो के महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर में।
- **2 मार्च 2026 :** बड़वानी के जनजातीय बहुल क्षेत्र नागलवाड़ी में



## दतिया उपचुनाव में नरोत्तम ने किया प्रचार, भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में गांव-गांव किया जनसंपर्क

विनय उजाला

**दतिया,निप्र।** मध्य प्रदेश के दतिया विधानसभा उपचुनाव में 21 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला अब और दिलचस्प होता जा रहा है। यही वजह है कि उपचुनाव के प्रचार अभियान ने गति पकड़ ली है। मतदान की तारीख नजदीक आते ही प्रमुख राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ता मतदाताओं तक पहुंचकर अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन जुटाने में लगे हैं। इस उपचुनाव को प्रदेश की सबसे चर्चित और प्रतिष्ठित चुनावी लड़ाइयों में माना जा रहा है।

इसी क्रम में मध्यप्रदेश के पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने शनिवार को ग्राम उदगवां और ग्राम उपराय में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के समर्थन में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देने की अपील की।

डॉ. मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र में मिल रहे जनसमर्थन और कार्यकर्ताओं के उत्साह से भाजपा की जीत का विश्वास मजबूत हुआ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर अधिक से अधिक मतदाताओं से संपर्क करने का आह्वान भी किया।

#### केंद्रीय मंत्री ने किए मां जागेश्वरी मंदिर में दर्शन, पुनर्विकास कार्यों का किया निरीक्षण

## कॉम्प्लेक्स का निर्माण महाकाल लोक की तरह होगा : सिंधिया

विनय उजाला

**अशोकनगर,निप्र।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले प्रवास के चौथे दिन शनिवार को चंदेरी स्थित ऐतिहासिक मां जागेश्वरी मंदिर में दर्शन-पूजन कर लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों की बारीकी से समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्य आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ मंदिर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए किए जाएं। सिंधिया ने कहा कि इस कॉम्प्लेक्स का निर्माण उज्जैन के महाकाल लोक की तरह होगा और यहाँ वैसी ही सुविधाएं श्रद्धालुओं को मिलेंगी।

उल्लेखनीय है कि मां जागेश्वरी मंदिर परिसर, सागर ताल एवं ऐतिहासिक झरोखे का निर्माण वर्ष 1894 में सिंधिया राजवंश के शासनकाल में श्रीमंत महाराज माधवराव सिंधिया द्वारा कराया गया था। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि यह परिसर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि चंदेरी की समृद्ध सांस्कृतिक एवं स्थापत्य विरासत का महत्वपूर्ण प्रतीक है, इसलिए इसके मूल स्वरूप को यथासंभव सुरक्षित रखा जाना चाहिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान प्रस्तावित सीसी रोड हटाकर प्राकृतिक पत्थर से मार्ग विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर परिसर के संरक्षण एवं पुनर्स्थापन का कार्य राज्य पुरातत्व विभाग की तकनीकी सलाह के अनुरूप करने को कहा। झरोखे का निरीक्षण करते हुए उन्होंने स्वयं उसके विभिन्न हिस्सों का अवलोकन किया और निर्देश दिए कि उसका पुनर्निर्माण नहीं, बल्कि मूल स्वरूप का संरक्षण एवं रेस्टोरेशन किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पुराने पत्थरों को यथासंभव सुरक्षित रखा जाए तथा निर्माण में ईंट का उपयोग न किया जाए।

सिंधिया ने कहा कि मां जागेश्वरी मंदिर का पुनर्विकास केवल निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि चंदेरी की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंचाने का अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनभागीदारी के समन्वय से इस पूरे परिसर को उसकी मूल गरिमा के अनुरूप विकसित किया जाएगा, जिससे यह प्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर सके।



### चंदेरी की विरासत का संरक्षण जरूरी...

सिंधिया ने मंदिर के सामने बनने वाले प्लाजा के डिज़ाइन में भी आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूरे परिसर में बाहरी पत्थर के स्थान का उपयोग न करके बल्कि हमारे चंदेरी एवं ग्वालियर के स्थानीय पत्थरों का ही प्राथमिकता से किया जाए। परिसर की फ़र्श, रेलिंग एवं अन्य निर्माण सामग्री भी पारंपरिक पत्थरों से तैयार की जाए ताकि चंदेरी की स्थापत्य पहचान सुरक्षित रह सके। सागर ताल का निरीक्षण करते हुए केंद्रीय मंत्री ने जलस्तर बढ़ाने के लिए आवश्यक खुदाई एवं संरक्षण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सागर ताल, मंदिर और ऐतिहासिक झरोखा मिलकर चंदेरी की विरासत का अभिन्न हिस्सा हैं और इनका संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## जेल महानिदेशक ने शाजापुर जिला जेल का किया सघन निरीक्षण

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएँ, मध्यप्रदेश, भोपाल डॉ. वरुण कपूर (आईपीएस) द्वारा 17 जुलाई 2026 को जिला जेल, शाजापुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई, बंदियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा समग्र प्रशासनिक व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया तथा व्यबवस्थाधओं पर प्रसन्ननता व्यंक्तक करते हुए संबंधित अधिकारियों को जेलों की सुरक्षा व्य वस्थास को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि जेलों की सुरक्षा व्यवस्था जेल विभाग का प्रथम दायित्व है, इसलिए सुरक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाओं का प्रभावी एवं सतत पालन सुनिश्चित किया जाए।



निरीक्षण के दौरान डॉ. कपूर ने बंदियों के सुधार, पुनर्वास एवं जेल व्यवस्थाओं में गुणात्मक सुधार हेतु किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों की जानकारी दी। जेल में निरुद्ध बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बंदियों ने किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होना बताया गया तथा जेल विभाग द्वारा उनके कल्याण एवं सुधार हेतु किए जा रहे प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पदोन्न त होने पर उप अधीक्षक एस. के. मण्डलेकर के कंधे पर अशोक स्तंभ, प्रमुख मुख्य प्रहरी बी. एल. चौधरी के कंधे पर एक स्टार, तथा मुख्य प्रहरी श्रीमती रेशमा भाभर, श्रीमती मालती अम्रतफले एवं श्री आबिद अंसारी के बाजू पर तीन फीती लगाकर उन्हें सम्मानित किया गया।

## नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान को मिल रहा भारी जनसमर्थन

### तीसरे दिन प्रदेशभर में हुए 1100 से अधिक कार्यक्रम, 2.70 लाख से अधिक लोगों तक पहुंची मप्र पुलिस

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में संचालित 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' जनजागरूकता अभियान लगातार व्यापक जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ रहा है। अभियान के तीसरे दिन प्रदेश के सभी जिलों में 1100 से अधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से 2 लाख 70 हजार से अधिक नागरिकों, युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया तथा उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने का संकल्प दिलाया गया।

यह अभियान केवल पुलिस तक सीमित न रहकर अब एक व्यापक जनआंदोलन का स्वरूप ले रहा है। अभियान में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग सहित विभिन्न शासकीय विभाग सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं। वहीं अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं की सहभागिता से अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर के स्कूलों, महाविद्यालयों एवं छात्रावासों में विद्यार्थियों को लघु फिल्मों, रील्स एवं प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों को सामूहिक नशामुक्ति शपथ दिलाई गई तथा अनेक स्थानों पर ऑनलाइन प्लेज के माध्यम से डिजिटल प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए।

जन-जागरूकता के लिए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, प्रमुख चौराहों एवं हाट-बाजारों में जनसंवाद, नुक्कड़ नाटक, रैलियां एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कई जिलों में कचरा वाहनों के पीए सिस्टम, शहरों की एलईडी स्क्रीन तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी नशामुक्ति संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। अभियान के अंतर्गत विभिन्न जिलों में अनेक नवाचार भी देखने को मिले। इंदौर में लगभग 1 लाख 75 हजार लोगों तक जागरूकता संदेश पहुंचाया गया। यहां जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाई गई, 'नार्को हेल्पलाइन' का शुभारंभ हुआ तथा डीसीपी क्राइम द्वारा गाया गया विशेष जागरूकता गीत 'भैया, नशे से दूरी है ज़रूरी...' लॉन्च किया गया। बुरहानपुर में 26 हजार से अधिक लोगों को जागरूक किया गया, जबकि बालाघाट में मैराथन रैली, 'नशा मुक्ति ऐप' के माध्यम से 430 'नशा मुक्ति मित्र' बनाए गए तथा लगभग 26 हजार युवाओं को डिजिटल प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। ग्वालियर के 45 थाना क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटकों एवं जागरूकता रथों के माध्यम से 17 हजार से अधिक लोगों तक संदेश पहुंचाया गया। छिंदवाड़ा में विद्यार्थियों को अभियान थीम आधारित टी-शर्ट, कैप, रिस्ट बैंड एवं बैज वितरित किए गए तथा नगर निगम के सफाई वाहनों से ऑडियो संदेश प्रसारित किए गए। कटनी में इस्कॉन कम्युनिटी द्वारा आयोजित भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को नशामुक्त समाज का संदेश दिया गया।

#### खाद्य मंत्री ने बुजुर्गों की सेवा करके दिया सामाजिक संवेदना का संदेश

# हर व्यक्ति बुजुर्गों के साथ समय अवश्य बिताए : राजपूत

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** सेवा, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अपनी पूज्य माताजी स्वर्गीय श्रीमती ज्ञान बाई की पुण्यतिथि पर वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों के साथ समय बिताया। उन्होंने न केवल बुजुर्गों के साथ भोजन किया, बल्कि उन्हें वस्त्र भेंट कर उनका हालचाल जाना और सम्मानपूर्वक उनके साथ आत्मीय संवाद भी किया।

यह आयोजन केवल मंत्री राजपूत की मां के प्रति श्रद्धांजलि का कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में बुजुर्गों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और सामाजिक सहभागिता का सशक्त संदेश बनकर सामने आया। मंत्री राजपूत ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा ही सबसे बड़ा संस्कार है और उनका आशीर्वाद ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

मंत्री राजपूत ने वृद्धाश्रम के प्रत्येक कक्ष में जाकर वरिष्ठजनों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की, उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली और आश्रम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी बुजुर्गों को स्नेहपूर्वक वस्त्र भेंट किए तथा उनके स्वस्थ, सम्मानजनक और सुखद जीवन की कामना की।



कार्यक्रम में उनकी धर्मपत्नी एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सागर सविता सिंह राजपूत, युवा नेता आकाश सिंह राजपूत तथा उनकी धर्मपत्नी नंदिका सिंह राजपूत भी उपस्थित रहीं। इस अवसर का सबसे भावनात्मक क्षण तब आया जब नंदिका सिंह राजपूत ने अपना जन्मदिन किसी भव्य आयोजन के बजाय वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के बीच मनाया। उन्होंने अपने हाथों से भोजन परोसकर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। इस पहल ने यह संदेश दिया कि जीवन के विशेष अवसरों को समाज के जरूरतमंद और उपेक्षित वर्ग के साथ साझा करना ही वास्तविक उत्सव है। खाद्य मंत्री राजपूत ने कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में बुजुर्गों को केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि अपनापन, सम्मान और समय की सबसे अधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में रह रहे प्रत्येक बुजुर्ग में हमें अपने माता-पिता का स्वरूप देखना चाहिए और उनके चेहरे पर मुस्कान लाना ही सच्ची मानव सेवा है। उन्होंने अपनी माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनसे मिले सेवा, संस्कार और मानवता के मूल्य ही उनके जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा हैं।

### महत्वपूर्ण दिनों में बुजुर्गों के साथ रहें

खाद्य मंत्री राजपूत ने समाज से आह्वान किया कि जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ अथवा अन्य शुभ अवसरों पर वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों के साथ समय बिताएं। इससे उन्हें परिवार का अपनापन महसूस होगा और समाज में संवेदनशीलता एवं सामाजिक समरसता का वातावरण मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि, बुजुर्ग बोझ नहीं, हमारे संस्कारों की पहचान हैं। उनकी सेवा केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि ईश्वर की सबसे बड़ी पूजा है। जिस घर में बुजुर्ग मुस्कुराते हैं, वहां सुख, शांति और समृद्धि स्वयं निवास करती है।



## शुक्ल ने बताए प्राकृतिक खेती के फायदे

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने हरिहरपुर में प्राकृतिक खेती के विभिन्न प्रकल्पों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राकृतिक विधि से उत्पादित विभिन्न सब्जियों हल्दी आदि के संबंध में जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती से ही हमें शुद्ध अनाज और फल सब्जियां प्राप्त होंगी। इनके सेवन से हम सब स्वस्थ रहेंगे।

गौमाता की सेवा और प्राकृतिक खेती को हम सब किसान अपनी जीवन पद्धति का अंग बनायें। प्राकृतिक खेती से ही माटी का भी स्वास्थ्य सुधरेगा। रासायनिक खाद और कीटनाशकों के फसलों में उपयोग से माटी को पोषक बनाने वाले सूक्ष्म जीवाणु नष्ट हो जाते हैं। प्राकृतिक खेती से माटी में धीरे-धीरे इन जीवाणुओं का विकास होता है। इनके द्वारा मिट्टी को पोषक और मुलायम बनाया जाता है, जिसके कारण मिट्टी की जलधारण क्षमता बढ़ती है। प्राकृतिक खेती वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विनय मिश्रा द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स, एलयूएन शेड नं.21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल से मुद्रित एवं बी-104, शास्त्री नगर, जवाहर चौक, भोपाल से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा
स्थानीय संपादक- मनोहर राजपूत, मो. 9425910888, 9826022450 ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ) पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2013/52154.